

राकांपा के दोनों धड़ों के विलय की घोषणा जिला परिषद चुनाव के बाद होना तय - 12



आम बजट में राजकोषीय घाटे के बजाय ऋण-जीडीपी अनुपात पर जोर देगा केंद्र- 12



अमेरिका ने यूरोप के कई ठिकानों पर तैनात किए एफ-35ए विमान - 13



शिवम मावी की घातक गेंदबाजी से यूपी ने विदर्भ को बराबरी पर रोका- 14

आज का मौसम
21.0° अधिकतम तापमान
8.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.01
सूर्यास्त 05.51


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 08:25 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 31 जनवरी 2026, वर्ष 7, अंक 67, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


श्रद्धांजलि



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राजघाट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वदेशी का उनका आह्वान विकसित भारत का मूलभूत सिद्धांत है। ● एजेंसी

# सोना एक दिन में 14,000 टूटा, चांदी 20,000 फिसली

- वैश्विक बाजारों में कमजोर रुझानों से कीमतों में रिकॉर्ड स्तर पर बड़ी गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

कमजोर वैश्विक रुझानों और डॉलर में उछाल के बीच निवेशकों द्वारा भारी मुनाफावसूली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतें 20,000 रुपये प्रति किलोग्राम लुढ़क गईं।

बाजार सूत्रों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 14,000 रुपये, या 7.65 प्रतिशत टूटकर 1,69,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। गुरुवार को सोने की कीमत 12,000 रुपये बढ़कर 1,83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। चांदी की कीमत 20,000 रुपये, या लगभग पांच प्रतिशत टूटकर 3,84,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 19,500 रुपये बढ़कर 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक - जिंस सौमिल गांधी ने कहा, शुक्रवार को सोने और चांदी में भारी गिरावट देखी गई, क्योंकि हाल ही में रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद निवेशकों ने तेज गति से मुनाफावसूली शुरू कर दी।

उन्होंने कहा, यह गिरावट मुख्य रूप से बड़े संस्थागत कारोबारियों द्वारा लंबे सौदों की भारी बिक्री के कारण हुई, जिन्होंने कई सत्रों की मजबूत बढ़त के बाद मुनाफावसूली की कोशिश की। डॉलर में सुधार होने से सर्राफा पर और दबाव पड़ा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 5.31 प्रतिशत कम, या 285.30 डॉलर टूटकर 5,087.73 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। दिन में कारोबार के दौरान सोना 425.86 डॉलर या 7.92 प्रतिशत टूटकर 4,945.26 डॉलर प्रति औंस पर आ गया था। गुरुवार को, सोना 5,595.02 डॉलर के नए रिकॉर्ड पर पहुंचने के बाद 5,371.12 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ था। हाजिर चांदी भी 14 डॉलर या 12.09 प्रतिशत गिरकर 101.47 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि विदेशी कारोबार में दिन के कारोबार में यह 17.5 प्रतिशत तक गिरकर 95.26 डॉलर प्रति औंस रह गई थी। गुरुवार को, यह 121.45 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंची थी। इनक्रेड मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, विजय कुप्पा ने कहा, कुछ कारणों से सोने और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई है।



### रुपये ने छुआ 92.02 प्रति डॉलर का निचला स्तर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 92 .02 के रिकॉर्ड निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में मामूली बढ़त लिए 91 .97 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 91 .82 पर पहुंच गया। बाद में रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 92 .02 के अब तक के सबसे निचले स्तर को छूने के बाद सत्र के अंत में 91 .97 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से महज दो पैसे की बढ़त है।

## ब्रीफ न्यूज

### सुनेत्रा पवार बन सकती हैं महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री



**पुणे।** राज्यसभा सदस्य एवं दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकती हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक सूत्र ने कहा, शनिवार को राकांपा की संसदीय बोर्ड की बैठक होगी, जहां सुनेत्रा पवार को विधायक दल का नेता चुना जाएगा। ऐसी संभावना है कि कल शाम तक उन्हें उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिला दी जाएगी।

### बजट पेश करने के बाद 30 कॉलेज के छात्रों से संवाद करेंगी सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री सीतारमण आम बजट 2026-27 पेश करने के बाद देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 30 कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगी। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस पहल के तहत छात्र-छात्राओं को लोकसभा दीर्घा से केंद्रीय बजट पेश किए जाने की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिलेगा। इससे वे वर्ष की इस सबसे महत्वपूर्ण संसदीय कार्यवाही के साक्षी बन सकेंगे। ये छात्र भारत के विभिन्न राज्यों से आए हैं और वाणिज्य, अर्थशास्त्र, चिकित्सा शिक्षा तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे विभिन्न शैक्षणिक विषयों से जुड़े हैं।

### ईरान ने कहा- अमेरिका से बातचीत की कोई योजना नहीं

**इस्तांबुल।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को घोषणा की कि उनका देश तनाव दूर करने के वास्ते बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन अमेरिका से बातचीत की फिलहाल कोई ठोस योजना नहीं है। मंत्री अब्बास अराघची ने इस्तांबुल में यह बात कही, जहां वह तुर्किये के नेताओं के साथ बातचीत के लिए पहुंचे थे।

# परियोजना की लागत में 15 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी पर बताना होगा कारण : मुख्यमंत्री

## वित्त विभाग, बजट और पेंशन प्रणाली में डिजिटल सुधारों की प्रगति की सीएम योगी ने की समीक्षा

- मंत्री 50 करोड़ और वित्त मंत्री 150 करोड़ तक दे सकेंगे स्वीकृति अधिक की मंजूरी देंगे मुख्यमंत्री
- सड़क की तरह शासकीय भवनों के अनुरक्षण के लिए लागू होगी 5 वर्ष की अनुरक्षण व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विभागीय कार्य योजनाओं की जानकरी लेते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि मंत्री स्तर से मिलने वाली स्वीकृति की सीमा 10 करोड़ से बढ़ाकर 50 करोड़ और 50 से 150 करोड़ तक की परियोजनाओं की मंजूरी वित्त मंत्री स्तर से दी जाएगी। 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की स्वीकृति मुख्यमंत्री स्तर से ही दी जाएगी।

साफ कहा कि किसी परियोजना की लागत में 15 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी होने पर विभाग कारण सहित पुनः अनुमोदन प्राप्त करे। उन्होंने सड़क की तरह शासकीय भवनों के लिए भी 5 वर्ष की अनुरक्षण व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को विभागीय कार्य योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन, वित्त विभाग, कोषागार, बजट और पेंशन प्रणाली में डिजिटल सुधारों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपनी वार्षिक कार्ययोजना 15 अप्रैल तक हर हाल में स्वीकृत करा लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को सुदृढ़, पारदर्शी और रिजल्ट ओरिएंटेड वित्तीय प्रबंधन का आदर्श राज्य बनाना है। इसके लिए सभी विभाग समयबद्धता, गुणवत्ता, पारदर्शिता और डिजिटल प्रक्रियाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में राज्य गारंटी पॉलिसी लागू की जाए।

शासकीय भवनों के अनुरक्षण व्यवस्था पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुबंधों में एकरूपता का अभाव है। सड़क निर्माण की तर्ज पर सभी नए भवनों में 5 वर्ष का भुगतान-आधारित अनुरक्षण अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने पुराने भवनों के अनुरक्षण के लिए कॉर्पस फंड बनाने की आवश्यकता बताई। निर्माण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि भवन, सड़क, सेतु, सीवर लाइन और जलापूर्ति पाइपलाइन जैसी परियोजनाओं का थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट आईआईटी, एनआईटी और राज्य/सरकारी तकनीकी संस्थानों से कराया जाए।

**आशा-आंगनबाड़ी कर्मियों का तय तिथि पर मिले मानदेय :** योगी ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि अल्प-वेतनभोगी कर्मियों, जैसे आशा बहनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय हर माह तय तारीख को उनके बैंक खातों में पहुंच जाए। जिन योजनाओं में केंद्रांश मिलता है, वहां राज्य अपने मद से मानदेय समय पर जारी करे, ताकि किसी कर्मी को देरी न हो।

### पूंजीगत खर्च में शीर्ष पर यूपी, 1.10 लाख करोड़ का निवेश

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश का 1,10,555 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय देश में सबसे अधिक रहा। कुल व्यय का 9 .39% निवेश पर खर्च कर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा। राजकोषीय घाटा, राजस्व घाटा और ऋण/जीएसडीपी अनुपात जैसे सभी संकेतक एफआरबीएम मानकों के अनुरूप रहे। वर्ष 2024-25 में राज्य की कुल देयताएं घटकर जीएसडीपी के 27% पर आ गईं। नीति आयोग के अनुसार प्रदेश का कंपोजिट फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2014 में 37 से बढ़कर 2023 में 45 .9 हो गया है और राज्य रनर श्रेणी में पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि आरबीआई की रिपोर्ट में भी राज्य का अपना कर राजस्व राष्ट्रीय हिस्सेदारी में 11 .6% के साथ देश में दूसरे स्थान पर बताया गया है। वाद प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है और नीति आयोग के 'दर्पण' पोर्टल के साथ एकीकृत होने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य बन गया है।

# 40,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी में आरकॉम के पूर्व अध्यक्ष गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- अदालत ने पुनीत गर्ग को नौ दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेजा



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कारोबारी अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के खिलाफ 40,000 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धनशोधन के आरोप में रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के पूर्व अध्यक्ष पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया है। ईडी ने गर्ग को हिरासत में लिया है।

दिल्ली की एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने उन्हें नौ दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने बताया कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के पूर्व अध्यक्ष और निदेशक गर्ग को आरकॉम और उसकी समूह संस्थाओं द्वारा कथित तौर पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक धोखाधड़ी और धन शोधन से जुड़ी जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

इस घटनाक्रम पर रिलायंस समूह की ओर से फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं आई है। ईडी ने बुधवार को कहा था कि उसने गर्ग की पत्नी के नाम पर मौजूद शेयर और म्यूचुअल फंड जब्त कर लिए हैं।

ईडी ने दावा किया, गर्ग ने 2001 से 2025 तक आरकॉम में वरिष्ठ प्रबंधक और निदेशक पदों पर रहते हुए, बैंक धोखाधड़ी से अर्जित अपराध की आय से हेराफेरी में सक्रिय रूप से भाग लिया। जांच एजेंसी ने दावा किया कि हेराफेरी वाले धन का इस्तेमाल अन्य सहायक कंपनियों में किया गया।

# तेंदुए के हमले में 4 वर्षीय बच्ची की मौत

- गन्ने के खेत से आया तेंदुआ घर पर खेल रही बच्ची को दबोचकर भाग निकला

**बहराइच।** बहराइच के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के एक गांव में तेंदुए के हमले से चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि निशानगाड़ा रेंज के ग्राम पंचायत रमपुरवा के मुखिया फार्म गांव निवासी मनोज की बच्ची अनुष्का गुरुवार शाम को घर के बाहर आंगन में खेल रही थी, तभी गन्ने के खेत से निकलकर आया तेंदुआ उसे मुंह में दबोचकर भाग निकला।

परिजन व ग्रामीण शोर मचाते हुए पीछे दौड़े तो तेंदुआ बच्ची को घर से करीब 50 मीटर दूरी पर छोड़कर नहर की झाड़ियों में छिप गया। ग्रामीणों ने बताया कि परिवार के लोग घायल बच्ची को गोद में लेकर अस्पताल जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। एक परिजन ने बताया कि बच्ची के गले और नाक पर जख्म दिख रहे थे। निशानगाड़ा वन रेंज के क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि तेंदुए के हमले से बच्ची की मौत हुई है। देर रात वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि विभाग ने मृतक के परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। चार टीमें निरंतर निगरानी कर रही हैं।

# एंटी करप्शन ने 20 हजार रुपये रिश्वत लेते जेई को पकड़ा

संवाददाता, विजय नगला(बदायूं)

- नलकूप कनेक्शन का एस्टीमेट बनाने को ली घूस

**अमृत विचार :** एंटी करप्शन की टीम ने अवर अभियंता को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा है। आरोपी ने किसान से नलकूप कनेक्शन का एस्टीमेट बनाने के लिए घूस ली थी। आरोपी जेई के खिलाफ कोतवाली सिविल लाइन में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव करौलिया निवासी अमरजीत सिंह को फसल की सिंचाई के लिए खेत में नलकूप का बिजली कनेक्शन कराना था। उन्होंने विद्युत विभाग खंड प्रथम, ढाक वाली ज्यारत बिजली घर पर तैनात जेई प्रदीप बाबू भारती से नलकूप कनेक्शन को एस्टीमेट बनाने के लिए संपर्क किया। जेई ने उनसे 20 हजार रुपये की मांग की। किसान के असमर्थता जताने पर जेई ने उन पर रुपये देने का दबाव बनाया। कहा कि बिना रुपये के काम नहीं होगा। परेशान होकर अमरजीत सिंह ने बरेली जाकर एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। एंटी करप्शन टीम के ट्रैप टीम प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल ने शुक्रवार को जाल बिछाया। गांव रसूलपुर में बिजली विभाग की ओर से कैंप में काउंटर लगाया गया था। जेई भी वहां मौजूद थे। एंटी करप्शन टीम ने अमरजीत सिंह को रुपये लेकर भेजा। अमरजीत सिंह ने जेई से रुपये देने की बात कही। जेई ने उन्हें साइड में बुलाया। किसान से रुपये लेते ही एंटी करप्शन टीम ने जेई को रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम जेई को सिविल लाइन कोतवाली ले आई। यहां शाहजहांपुर के थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला एमलजई जलाल नगर निवासी जेई प्रदीप बाबू भारती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



रिश्वत लेने का आरोपी जेई प्रदीप बाबू भारती।

# कुवैत से दिल्ली आ रहे विमान को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद, एजेंसी

- उड़ान को अहमदाबाद भेजा गया यात्री को मिला था लिखित नोट



कुवैत से दिल्ली जा रही एक इंडिगो उड़ान में बम होने की धमकी मिलने के बाद विमान को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भेज दिया गया। हवाई अड्डा अधिकारियों ने बताया कि अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

एक हवाई अड्डा अधिकारी ने बताया कि विमान सुबह करीब छह बजकर 40 मिनट पर सुरक्षित उतरा। विमान में 180 यात्री सवार थे। हवाई अड्डा प्राधिकारियों के अनुसार विमान में एक यात्री को हाथ से लिखा एक नोट मिला था जिसमें दावा किया गया था कि विमान के अंदर बम है जिसके बाद एहतियात के तौर पर उसे अहमदाबाद भेज दिया गया। बम की धमकी की सूचना मिलते ही पायलट ने वायु यातायात नियंत्रण को सतर्क कर दिया और विमान को अहमदाबाद की ओर मोड़ दिया गया। विमान के सुरक्षित उतरने के बाद सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला गया।

आदेश

## सुप्रीम कोर्ट की सख्त चेतावनी, लड़के-लड़कियों के अलग टॉयलेट हों, कहा- मासिक धर्म स्वास्थ्य मौलिक अधिकार का हिस्सा

# लड़कियों को फ्री सैनेटरी पैड नहीं देने वाले स्कूलों की रद्द होगी मान्यता

नई दिल्ली, एजेंसी

- विफलताओं पर राज्य सरकारें होंगी सीधे तौर पर जवाबदेह



मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे छात्राओं को बिना किसी शुल्क के जैविक रूप से अपघटनीय सैनेटरी पैड उपलब्ध कराएं तथा लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय सुनिश्चित करें।

लैंगिक न्याय व शैक्षिक समानता सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक फैसले में, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि ये सुविधाएं सभी स्कूलों में उपलब्ध हों, चाहे वे सरकारी हों, सहायता प्राप्त हों या निजी स्कूल हों। न्यायमूर्ति पारदीवाला द्वारा लिखे गए इस फैसले में अनुपालन न करने पर गंभीर परिणामों की चेतावनी दी गई, जिसमें निजी स्कूलों की मान्यता रद्द करना और सार्वजनिक संस्थानों में विफलताओं के लिए राज्य सरकारों को सीधे तौर पर जवाबदेह ठहराना शामिल है। पीठ ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार में मासिक धर्म स्वास्थ्य का अधिकार भी शामिल है, सुरक्षित, प्रभावी और किफायती मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन उपायों तक पहुंच एक बालिका को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य के उच्चतम स्तर को प्राप्त करने में मदद करती है। स्वस्थ प्रजनन जीवन के अधिकार में यौन स्वास्थ्य से संबंधित शिक्षा और जानकारी प्राप्त करने का अधिकार भी शामिल है। इसने कहा, स्राव को सोखने वाले नैपकिन की उपलब्धता के संबंध में, हम निर्देश देते हैं कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश यह सुनिश्चित करें कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सरकार द्वारा संचालित या निजी तौर पर प्रबंधित प्रत्येक स्कूल में मानकों के अनुरूप निर्मित ऑक्सो-जैविक रूप से अपघटनीय सैनेटरी नैपकिन निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएं।

### मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कॉर्नर होंगे स्थापित

पीठ ने फैसले में कहा गया कि सभी स्कूलों को आरटीई की धारा 19 में निर्धारित मानदंडों और मानकों के अनुसार कार्य करना होगा। यदि कोई विद्यालय, जो सरकार या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा स्थापित, स्वामित्व या नियंत्रित नहीं है, आरटीई अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी और इसके परिणामस्वरूप कार्रवाई की जाएगी। सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक विद्यालय में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कॉर्नर स्थापित किए जाएं।

### शीर्ष कोर्ट ने चार सवाल तैयार किए

अदालत ने चार सवाल तैयार किए, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या पैड और शौचालयों की अनुपलब्धता ऐसी प्रणालीगत बाधाएं पैदा करती है, जो किशोरियों को लड़कों के साथ समान शर्तों पर शिक्षा में भाग लेने से रोकती है, जो अनुच्छेद 14 (समानता) का उल्लंघन है। क्या मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रजनन स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर, 2024 को जया ठाकुर द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# डाक्टरों ने कहा- रोजाना वॉक को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं

## दिल, दिमाग और रेडियोलॉजी से जुड़ी बहुत सी अहम जानकारियां साझा कीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर




प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जानकारी देते डायरेक्टर क्लिनिकल एंड प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी डॉ. राम कीर्ति सरन, डायरेक्टर न्यूरोसर्जरी डॉ. कमलेश सिंह भैंसोरा और डायरेक्टर, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी डॉ. रोहित अग्रवाल। ● अमृत विचार

- मेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस

**अमृत विचार :** भले ही सिक्स पैक एब्स न हों, लेकिन पेट बाहर न निकला हो, वजन भी कंट्रोल में रहता हो और कोई गंभीर बीमारी नजर न आती हो, इन सब संकेतों को देखकर हम अक्सर खुद को फिट मान लेते हैं। लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि केवल बाहर से फिट दिखना सेहत की गारंटी नहीं है। खासकर दिल से जुड़ी बीमारियों के मामले में यह सोच खतरनाक साबित हो सकती है, क्योंकि लगभग 50 प्रतिशत मामलों में शुरुआती लक्षण दिखाई ही नहीं देते।

इसी को लेकर शुक्रवार को मेदांता हॉस्पिटल की ओर से बरेली मोड़ स्थित एक होटल सभागार में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान डायरेक्टर क्लिनिकल एंड प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी डॉ. राम कीर्ति सरन, डायरेक्टर न्यूरोसर्जरी डॉ. कमलेश सिंह भैंसोरा और डायरेक्टर, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी डॉ. रोहित अग्रवाल ने दिल, दिमाग और रेडियोलॉजी से जुड़ी अहम जानकारियां साझा कीं। डॉ. राम कीर्ति सरन ने कहा कि आज भी बड़ी संख्या में लोग यह मानते हैं कि अगर वे ओवरवेट नहीं हैं तो उन्हें दिल से जुड़ी बीमारियां नहीं हो सकतीं, जबकि यह धारणा पूरी तरह गलत है। उन्होंने बताया कि हार्ट डिजीज से जुड़े करीब 50 प्रतिशत मामलों में शुरुआती संकेत नहीं मिलते। उन्होंने यह भी कहा कि दिल की बीमारी के संभावित खतरे को पहचानने के लिए पेट की मोटाई यानी एब्डॉमिनल ओबेसिटी पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने नियमित फिजिकल एक्टिविटी और रोजाना वॉक को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की सलाह भी दी। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि छाती में होने वाला हर दर्द हार्ट अटैक नहीं होता, क्योंकि अस्पताल में आने वाले करीब 75 प्रतिशत मामलों में दर्द गैस, मांसपेशियों के दर्द या एंग्जायटी से जुड़ा होता है।

डॉ. कमलेश सिंह भैसोरा ने बताया कि अचानक सिरदर्द, हाथ-पैर में कमजोरी, बोलने में दिक्कत या चक्कर आना जैसे लक्षणों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। समय पर जांच और सही इलाज से ब्रेन से जुड़ी कई जटिल स्थितियों में जान बचाई जा सकती है।

डॉ. रोहित अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में रेडियोलॉजी और इमेजिंग जांच बीमारियों की शुरुआती पहचान में बेहद अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि आधुनिक इमेजिंग तकनीकों की मदद से बीमारी को शुरुआती स्टेज में ही पकड़कर इलाज आसान और ज्यादा प्रभावी बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान डॉक्टरों ने लोगों से अपील की कि वे केवल लक्षणों के भरोसे न रहें, बल्कि नियमित हेल्थ चेकअप को अपनी आदत बनाएं, ताकि गंभीर बीमारियों को समय रहते रोका जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### नगर निगम में गांधी जी को दी गई पुष्पांजलि

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर नगर निगम प्रांगण में नगर आयुक्त डॉ0 बिपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, पार्षद तथा अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर नगर आयुक्त ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भारत की आजादी में दिए गए योगदान की चर्चा करते हुए महात्मा गांधी के पदचिन्हों पर चलने हेतु सभी से अपील की।

### लाट साहब के जुलूस के मार्गों का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** होली पर्व के अवसर पर चौक कोतवाली से प्रारंभ होने वाले बड़े लाट साहब के जुलूस मार्गों का नगर आयुक्त डॉ0 विपिन कुमार मिश्र ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को समस्त व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।

### ठेकेदार और पुत्र से मारपीट, शिकायत

**तिलहर, अमृत विचार :** नगर की निजामगंज गौटियां में इंटरलॉक सड़क का निर्माण करा रहे ठेकेदार मंगलीराम और उनके पुत्र राजीव कुमार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मंगलीराम के अनुसार नाली निर्माण को लेकर दो भाइयों ने आपत्ति जताई और काम रुकवा दिया। विरोध करने पर दोनों भाइयों ने साथियों के साथ लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना के बाद ठेकेदारों ने नगर पालिका में एकत्र होकर रोष जताया। कोतवाल प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि घायलों को मेडिकल के लिए भेजा गया है, तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।

### 165 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

**तिलहर, अमृत विचार :** बार काउंसिल सदस्य पद के लिए हो रहे चुनाव में शुक्रवार को तहसील के अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले मतदान में कुल 277 मतदाता अधिवक्ताओं में से 165 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शेष अधिवक्ता शनिवार को मतदान करेंगे। चुनाव में प्रदेश भर से 333 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदान के दौरान फायर ब्रिगेड की टीम मौजूद रही। सुरक्षा व्यवस्था के तहत तिलहर अपराध निरीक्षक सुनील कुमार यादव भारी पुलिस बल के साथ तहसील परिसर में मुस्तैद रहे।

# 220 बाइक चालकों को मांझा प्रोटेक्शन स्टैंड का वितरण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जिला शाहजहांपुर में 30 जनवरी 2026 को महमंद गढ़ी चौक, कोतवाली क्षेत्र गर्रा फाटक रोड पर निःशुल्क मांझा प्रोटेक्शन स्टैंड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 220 दोपहिया वाहनों पर एंटी डोर प्रोटेक्टर लगाए गए।

भाजपा पार्षद प्रत्याशी अंकित वर्मा ने बताया कि यह स्टैंड नायलॉन और खूनी मांझे से बचाव के लिए लगाए जाते हैं, जिससे बाइक सवार सुरक्षित रह सकें। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जनता को मांझे के खतरे के प्रति जागरूक करना और दुर्घटनाओं से बचाव करना है। इससे लोगों को मांझा से बचाव में राहत मिलेगी। ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करके ऐसे स्टैंड का वितरण करने के लिए भी कहा गया। कार्यक्रम में रेहान शेख, शुभ राठौर, तारिक अंसारी, सोनू यादव, अभिषेक राठौर, शोभित राठौर, विशाल वर्मा, सचिन सोनी, उत्कर्ष, ऋषभ, अभिषेक बलि, अक्षय कुमार, अमन बाली, अंश दीक्षित, कार्तिक सक्सेना, शक्षम वर्मा, देव शर्मा, हर्ष, प्रवेश खां, राजा वर्मा, गौरव पाल, मन्नू, शमीम खान, रवि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा माह में चला जागरूकता अभियान




बरेली मोड़ पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के दौरान नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को सम्मानित करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- माय भारत और यातायात पुलिस ने बरेली मोड़ पर चलाया कार्यक्रम
- नियम मानने वालों का सम्मान उल्लंघन पर चेतावनी

**अमृत विचार:** माय भारत पोर्टल पर सड़क सुरक्षा मित्र अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम और सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला में चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में शुक्रवार को बरेली मोड़ पर मेरा युवा भारत शाहजहांपुर और यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाना रहा।

अभियान के दौरान माय भारत स्वयंसेवकों की ओर से हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर वाहन चला रहे राहगीरों को गुलाब भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की गाड़ियों पर स्टीकर लगाकर नियमों के पालन की सख्त हिदायत दी गई। यातायात उप निरीक्षक विनय कुमार पांडेय ने कहा कि नियमों का पालन ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने बताया कि युवाओं की भागीदारी से इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम में माल एवं कर अधिकारी आर पी गौतम, यातायात पुलिस कर्मी, अमित श्रीवास्तव, दिव्यांशी मिश्रा, देवेश कुमार, साहिल खान, जाहिद आलम, हिमांशु सक्सेना, करन, अभिनव, विवेक सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# यूजीसी कानून के पक्ष में वैदिक वाल्मीकि परिषद ने दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- परिषद ने कानून को सभी वर्गों को हितकर बताया और रोक न लगाने की मांग उठाई

**अमृत विचार:** शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित खिरनीबाग रामलीला मैदान में महर्षि वाल्मीकि वैदिक ब्राह्मण परिषद की ओर से प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर यूजीसी कानून का समर्थन किया गया। परिषद के पदाधिकारियों ने इस कानून को सभी वर्गों के हित में बताया और इसे लागू करने की मांग की।

प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास वाल्मीकि के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि यूजीसी कानून समानता, न्याय, गुणवत्ता और अवसरों की समान उपलब्धता सुनिश्चित करता है। परिषद के अनुसार यह अधिनियम देश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पदाधिकारियों ने बताया कि कानून का संवैधानिक उद्देश्य एससी, एसटी, ओबीसी तथा अन्य वंचित और कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों के लिए भेदभाव-मुक्त, सुरक्षित और समावेशी शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना है। परिषद ने संविधान और न्यायपालिका में आस्था जताते हुए अपील की कि कानून पर कोई अंतरिम या स्थायी रोक न लगाई जाए। उनका कहना था कि किसी भी प्रकार की रोक से सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों के शैक्षणिक अधिकार प्रभावित होंगे।

# शहीद दिवस पर संविधान कथा का आयोजन

**सिंधौली, अमृत विचार:** महात्मा गांधी की पुण्य तिथि शहीद दिवस पर आरएलडी पब्लिक स्कूल और उद्देश्यिका डिजीस्कूल के संयुक्त तत्वावधान में संविधान कथा कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर की गई। उद्देश्यिका डिजीस्कूल की टीम की ओर से भारतीय संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सरल और प्रभावी प्रस्तुति दी गई। बताया गया कि गांधी जी और शहीदों का बलिदान न्यायपूर्ण, समतामूलक और जिम्मेदार समाज की स्थापना के लिए था। विद्यालय के चेयरमैन अवधेश कुमार दीक्षित, प्रबंधक श्रवण कुमार दीक्षित, प्रधानाचार्य सौरभ सक्सेना सहित शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे

# मदरसे के 11 छात्रों की दस्तारबंदी, प्रमाणपत्र मिले

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



दारुल उलूम गौस-उल-वरा में जलसे में छात्रों की दस्तारबंदी करते अतिथि।

- दारुल उलूम गौस-उल-वरा का 22वां वार्षिक जलसा संपन्न
- बेटियों की बेहतर तालीम व तरबियत की फिक्र जरूरी

**अमृत विचार :** दारुल उलूम गौस-उल-वरा ककरा रोड पर बीती रात 22 वां सालाना जलसा-ए-दस्तारबंदी सम्पन्न हुआ। जिसमें मौलवियत और हिफ्ज़ के 11 छात्रों की दस्तार बंदी कर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

जलसे की शुरुआत पवित्र कुरआन के पाठ से हुई। मुख्य वक्ता जामिया अमजदिया घोसी मऊ के शेखुल हदीस व इफ्ता विभागाध्यक्ष अल्लामा शमशाद अहमद मिस्बाही ने कहा कि तालीम से ही इंसान अजमत वाला बनता है। तालीम इंसान के मर्तबे को बुलंद करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अपनी बेटियों की बेहतर तालीम व तरबियत की फिक्र जरूरी है। कारी अब्दुल रज़्ज़ाक मुरादाबादी ने कहा कि कौम के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि अपनी क़ौम की अमानत और विरासत इन मदरसों का हर मुमकिन सहयोग करें। अध्यक्षता करते हुए दारुल उलूम के प्रधानाचार्य व शहर इमाम मौलाना हुज़ूर अहमद मंजरी ने मदरसे की प्रगति रिपोर्ट पेश करते हुए छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जलसे में शायर इमरान बरकाती बरेली, अब्दुल कादिर, शाहिद रज़ा तथा मदरसे के छात्रों ने नात व मनकबत पेश की। इस दौरान दारुल उलूम के मौलवियत के 6 और हिफ्ज के 5 छात्रों की दस्तारबंदी कर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। साथ ही छात्रों को फूलमाला पहनाकर उपहार तथा दीनी पुस्तकें भेंट की गईं। इसके बाद हुज़ूर मुफ्ती-ए-आज़म हिंद का कुल शरीफ़ हुआ।

जलसे का समापन मुल्क की समृद्धि और सुख शांति के लिए दुआ के साथ हुआ। संचालन कारी नाजिर रजा बहेड़ी ने की।इस अवसर पर मौलाना तारिक, मौलाना अनीस रजा खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष तनवीर खां, मौलाना मुहम्मद कासिम मिस्बाही, मौलाना मुहम्मद इस्लाम अलीमी, हाफिज शहामत रजा, हाफिज हसन रजा खां, हाफिज फहीम रज़ा, हाजी नन्हे, हाजी बशीर, अब्दुल कादिर खां, सलीम फारुकी, कलीम अहमद, फुरकान आदि के अलावा छात्रों के अभिभावक मौजूद रहे। मदरसा प्रबंधक हाजी मुहम्मद उमर खां कादरी ने आभार व्यक्त किया।

### इन छात्रों की हुई दस्तारबंदी

मौलवियत के मोहम्मद कैफ, मोहम्मद मुजम्मिल, मोहम्मद रेहान खां, मोहम्मद नदीम रजा, मोहम्मद अनीस, मोहम्मद फरमान खां तथा हिफ्ज के शादाब रजा, मोहम्मद जफील, वाकिफ अली, मोहम्मद असद रजा, मोहम्मद अहमद की दस्तारबंदी की गई।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले एसपी से सम्मानित



पुलिस कर्मियों के साथ एसपी राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** एसपी राजेश द्विवेदी ने 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को पुलिस लाइन परिसर में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए कहा कि अच्छा कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारी और अधिकारी पूरे विभाग के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

उनके कार्यों से संगठन की कार्य क्षमता एवं जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ होता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार से लगन एवं कर्तव्य परायणता के साथ कार्य करेंगे। एसपी ने प्रतिसार निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, गैंगस्टर सेल प्रभारी वीरेंद्र सिंह, परिवहन शाखा प्रभारी सुरेश चंद्र मिश्रा, परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी मधु यादव, गैस कार्यालय के उप निरीक्षक गामा अहमद, पेशी कला मुख्य आरक्षी राजकुमार, नरेंद्र कुमार, सुशील कुमार, पेशी एएसपी सिटी के मुख्य आरक्षी संजीव कुमार, स्टोर मोहर्रिर विद्याराम, कांट थाना के मुख्य आरक्षी ताहिर हुसैन, मुख्य आरक्षी नजरे, समोद कुमार, सिपाही उमंग कुमार, आरती सिरोही, पुष्पेंद्र कुमार, नवनीत कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीओ सिटी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# डॉ. अरुण की इंग्लिश पोएट्री बुक का हुआ विमोचन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पाठ्यपुस्तक
- बीए द्वितीय सेमेस्टर के नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित है

**अमृत विचार:** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित बीए द्वितीय सेमेस्टर की पाठ्यपुस्तक इंग्लिश पोएट्री का विमोचन किया गया। पुस्तक का विमोचन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार आज़ाद की ओर से किया गया।

यह पुस्तक डॉ. अरुण कुमार यादव और डॉ. बीना यादव द्वारा संयुक्त रूप से लिखी गई है। पुस्तक में नवीन पाठ्यक्रम के अनुरूप अंग्रेज़ी काव्य की प्रमुख विधाओं, छंदों, काव्य-तत्त्वों और चयनित कविताओं का सरल व सम्यक विवेचन प्रस्तुत किया गया है। लेखकों की ओर से पुस्तक को विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं और परीक्षा-उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। विमोचन अवसर पर प्रो. जयशंकर ओझा, प्रो. आलोक कुमार मिश्रा, प्रो. प्रभात शुक्ला, प्रो. पूनम, प्रो. शालीन कुमार सिंह, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. शिशिर शुक्ला और नीलू कुमार सहित कॉलेज के अनेक शिक्षक मौजूद रहे। उपस्थित शिक्षाविदों ने पुस्तक की विषयवस्तु, संरचना और प्रस्तुति की सराहना करते हुए इसे बीए स्तर के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम के अंत में लेखकों को उनके शैक्षणिक योगदान के लिए बधाई दी गई और पुस्तक की सफलता की शुभकामनाएं व्यक्त की गईं।

# अमन सक्सेना बने आईएनडीडब्ल्यू के सहायक सचिव, जोरदार स्वागत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



नवनियुक्त आईएनडीडब्ल्यू के सहायक सचिव अमन सक्सेना का स्वागत करते यूनियन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- रक्षा मंत्रालय की इकाइयों में करेंगे प्रतिनिधित्व, निर्माणी पहुंचने पर फूल मालाओं से लादा

**अमृत विचार :** कानपुर में 27–28 जनवरी को आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ के 23वें त्रैवार्षिक अधिवेशन में ओसीएफ शाहजहांपुर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई।

अधिवेशन के दौरान इंटक/इंडफ़ के शीर्ष नेतृत्व ने ओसीएफ शाहजहांपुर से जुड़े युवा नेता एवं पूर्व जेसीएम तृतीय सदस्य अमन सक्सेना को फेडरेशन का सहायक सचिव नियुक्त किया। यहां निर्माणी पहुंचने पर कर्मचारियों ने उनका फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर यूनियन पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने खुशी जताते हुए इसे पूरे संगठन के लिए सम्मान बताया। अमन सक्सेना लंबे समय से कर्मचारियों के हितों, संगठनात्मक मजबूती तथा श्रमिक कल्याण से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

यूनियन के प्रेसिडेंट मुकेश कुमार एवं जनरल सेक्रेटरी वसीम अहमद ने बताया कि इस नियुक्ति के साथ अमन सक्सेना को रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न निदेशालयों की सभी इकाइयों में आईएनडीडब्ल्यू का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

# नागिन तेरा वंश बढ़े नाटक का रिहर्सल कर तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- प्रदेश स्तर पर हुआ है चयन, दो फरवरी को सोनभद्र में होगा मंचन

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पर चयन होने के बाद संगीत नाटक अकादमी लखनऊ की ओर से आयोजित संभागीय नाट्य समारोह के अंतर्गत चर्चित लोकनाट्य कृति 'नागिन तेरा वंश बढ़े' का मंचन 2 फरवरी को सोनभद्र जिले में किया जाएगा। आयोजन को लेकर रंगमंच प्रेमियों और सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों में खासा उत्साह । है। जिसका रिहर्सल जोरशोर से चल रहा है।

लोककथा पर आधारित यह नाटक सामाजिक संदेश और प्रतीकात्मक प्रस्तुति के लिए जाना जाता है। नाटक में मानवीय लालच, हिंसा, सत्ता की लालसा और कर्म-फल के सिद्धांत को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। 'नागिन' पात्र के माध्यम से समाज में पनप रही हिंसा और अन्याय को प्रतीकात्मक रूप में दर्शाया है। इस नाट्य प्रस्तुति में मोहित कन्नौजिया, पारस दीक्षित, ऐश्वर्या कृष्णा मिश्र, अतिथि दीक्षित, मोहित बाजपेई, तनिष्का सक्सेना, उत्कर्ष सक्सेना, अरशद आजाद, अनमोल कुमार, रोहित कुमार और हर्ष गोस्वामी आदि अभिनय करते नजर आएंगे। गोविंदगंज स्थित ताल नृत्य संस्थान में अभ्यास कर रहे हैं। नाटक का निर्देशन भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ से प्रशिक्षित रंगकर्मी शिवा सक्सेना कर रहे हैं। प्रकाश संचालन यश देव शर्मा पर हैं, संगीत पक्ष में दीपक कुमार नाल, घुंघरू और मजीरे पर संगत देकर लोकधुनों के माध्यम से मंचन को सशक्त बनाएंगे। संभागीय नाट्य समारोह के तहत होने वाला यह मंचन सोनभद्र में रंगमंच को नई ऊर्जा देने का कार्य करेगा।

# एसपी ने हाईटेक वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस लाइन से नए हाईटेक वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया है। उन्होंने कहा कि त्वरित पुलिस रिस्पांस सिस्टम और अधिक मजबूत होगा। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि डायल 112 वाहनों का अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग करते हुए कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा जाए। आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी एवं समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए है। डायल 112 सेवा के अंतर्गत जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 15 चार पहिया वाहन और 03 दो पहिया वाहन उपलब्ध कराए गए थे। इससे आपातकालीन घटनाओं पर पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया होगी। इस अवसर पर एएसपी सिटी, एएसपी ग्रामीण, सीओ सिटी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस कार्यालय में विचार गोष्ठी, बापू को दी श्रद्धांजलि



राजीव भवन पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि करते कांग्रेसी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर विचार गोष्ठी आयोजित कर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि बापू की कमी इस देश में महसूस की जाती रहेगी। महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खां ने कहा कि गांधी जी की बदौलत ही आज हम आज़ाद भारत में सांस ले रहे है।

इस मौके पर बिंदेश्वरी राज, स्वर्णिका, अरुणोद मिश्रा, फुरकान अहमद कुरैशी, सुशील प्रकाश शर्मा, संजय सक्सेना, महेंद्र कुमार त्रिपाठी, इक़बाल अंसारी, मुस्तकीम, सैयद रहमान, पार्षद रामखेलावन मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में ट्रैफिक पुलिस का सख्त अभियान

**तिलहर, अमृत विचार:** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस की ओर से नगर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया।

यातायात प्रभारी बालकिशन यादव के नेतृत्व में शुरू हुए इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों और तीन सवारी बैठाकर चल रहे बाइक चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।

नगर के बाईपास चौराहा और पूर्वी तिराहा पर चलाए गए अभियान में कुल 50 चालान किए गए। ट्रैफिक पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाना और वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना रहा।

# सहज मार्ग साधना पद्धति के दर्शन से परिचित कराया



गन्ना शोध संस्थान सभागार में सहज मार्ग साधना का प्रशिक्षण देते दीपक खंडूरी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गन्ना किसान शोध संस्थान के सभागार में आयोजित ध्यान सत्र में हार्टफुलनेस मेडिटेशन के माध्यम से राज्य कर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मन, बुद्धि और भावनाओं के संतुलन का अनुभव किया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षक दीपक खंडूरी एवं दीपक कुमार ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को सहज मार्ग साधना पद्धति के दर्शन से परिचित कराया। ध्यान सत्र के दौरान राज्य कर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रशिक्षण लिया। डिप्टी कमिश्नर प्रवेश तोमर, आनंद कुमार, असिस्टेंट कमिश्नर प्रशांत सिंह, स्टेट टैक्स ऑफिसर आभा शर्मा, अनंग पाल राजवंशी, मोहित कुमार, शिखा राय, योगेश श्रीवास्तव, विकास यादव, रमेश चंद्र, रामबेटी, शैलेन्द्र कुमार, अनिरुद्ध, अतुल आदि मौजूद रहे। आयोजन में सुयश सिन्हा, अभिषेक गोयनका, सार्थक गोयल, सुंदर अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### आग ताप रहे लोगों को ईको ने रौंदा, चार घायल

**कलान, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर में शुक्रवार सुबह करीब 7 :30 बजे तेज रफ्तार ईको गाड़ी ने आग ताप रहे लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में तीन महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों का पीएचसी पर इलाज कराया गया। ईको पुलिस कब्जे में है।

### फाइलेरिया जागरूकता को निकाली रैली

**खुदागंज, अमृत विचार :** नगर के लाल हरिराम इंटर कॉलेज में फाइलेरिया जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। छात्र-छात्राओं ने फाइलेरिया मुक्त भारत की शपथ ली और नारे लगाकर लोगों को दवा सेवन और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

### चक मार्ग पर कब्जे का आरोप, शिकायत

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम जखिया निवासी जयवीर ने थाना समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर नानकपुर राजस्व गांव में चक मार्ग पर अतिक्रमण का आरोप लगाया। जयवीर के अनुसार पड़ोसी ने चक मार्ग को खेत में मिला लिया है, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने चक मार्ग खुलवाने की मांग की है।

### 14 मुकदमों का आरोपी कच्ची शराब सहित बंदी

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव धन्यौरा निवासी आदेश पुत्र जगदीश को 10 लीटर कच्ची शराब और उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया है। मौके पर 40 लीटर लहन नष्ट की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से 14 मुकदमे दर्ज हैं।

### भैंस की मौत, चिकित्सक के खिलाफ दी तहरीर

**तिलहर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव खिरिया माल निवासी तेजपाल सिंह ने गर्भाई भैंस की मौत के मामले में निजी चिकित्सक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। तेजपाल के अनुसार शुक्रवार को भैंस के इलाज के लिए चिकित्सक को बुलाया था। इलाज के दौरान भैंस की मौत हो गई और डाक्टर मौके से चला गया।

### चिकित्सक और छात्रों में जमकर हाथापाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बरेली मोड़ स्थित एक इंटर कालेज के छात्रों और मेडिकल कालेज के चिकित्सक के बीच विवाद हो जाने पर हाथापाई हो गयी। चिकित्सक बरेली मोड़ के पास एक मिठाई की दुकान के निकट खड़े थे। इस बीच कालेज के दो छात्रों के बीच मारपीट हो गयी थी।

# अवैध प्लाटिंग पर चला एसडीए का पंजा

## 22 हजार वर्ग मीटर में फैली कालोनी पर की कार्रवाई, महायोजना-2031 के विपरीत था निर्माण

- लोगों से प्लाट खरीदने से पहले देखभाल करने की अपील

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के सचिव अजय कुमार।

**अमृत विचार:** शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण (एसडीए) ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 22 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में की जा रही अनधिकृत प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई सचिव अजय कुमार त्रिपाठी के कार्यभार ग्रहण करने के बाद अवैध निर्माण पर की गई पहली बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

शुक्रवार सुबह 10 बजे सचिव के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने ग्राम अजीजगंज, शाहजहांपुर और ककरा ककर क्षेत्र में अभियान चलाया। यहां शाहजहांपुर महायोजना-2031 में निर्धारित भूमि उपयोग के विपरीत चार अलग-अलग स्थानों पर की जा रही आवासीय प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। मौके पर प्राधिकरण के अवर अभियंता रमेश चंद्र वर्मा, प्रवीण कुमार त्रिवेदी, अन्य स्टाफ, नगर निगम की जेसीबी टीम और स्थानीय पुलिस बल मौजूद रहा। प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्लाट को खरीदने से पहले यह अवश्य जांच लें कि संबंधित कॉलोनी का ले-आउट प्राधिकरण से स्वीकृत है या नहीं। यदि ले-आउट स्वीकृत नहीं है तो ऐसे भूखंड की खरीद से बचें, क्योंकि ऐसे सभी अवैध निर्माण भविष्य में ध्वस्त किए जाएंगे। प्राधिकरण ने यह भी बताया कि 300 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल या आठ से अधिक भूखंडों वाली प्लाटिंग का पंजीकरण उत्तर प्रदेश रेरा में कराना अनिवार्य है। वहीं 100 वर्गमीटर तक के आवासीय और 30 वर्गमीटर तक के व्यावसायिक भूखंडों के लिए मानचित्र स्वीकृति आवश्यक नहीं होती, लेकिन इससे अधिक क्षेत्रफल पर निर्माण के लिए मानचित्र स्वीकृति जरूरी है। सचिव ने आमजन से अनुरोध किया कि नियमों के अंतर्गत ही निर्माण और विकास कार्य कराएं, क्योंकि ऐसे सभी अवैध निर्माण भविष्य में ध्वस्त किए जाएंगे। जिससे भविष्य में होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

### अवैध कॉलोनी में प्लाट खरीदना क्यों है नुकसानदेह, आमजन को किया सचेत

शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण ने आमजन को सचेत करते हुए कहा है कि अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीदना भविष्य में भारी नुकसान का कारण बन सकता है। बिना प्राधिकरण से स्वीकृत ले-आउट के विकसित की जा रही कॉलोनियां पूरी तरह अनधिकृत मानी जाती हैं और ऐसी प्लाटिंग पर किसी भी समय कार्रवाई कर उन्हें ध्वस्त किया जा सकता है। प्राधिकरण के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति प्लाट खरीदने जा रहा है तो उसे सबसे पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संबंधित कॉलोनी का ले-आउट शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण से स्वीकृत है या नहीं। बिना स्वीकृत ले-आउट के खरीदे गए भूखंडों पर न तो मानचित्र स्वीकृत किया जाएगा और न ही वैध रूप से निर्माण की अनुमति मिलेगी। इसके अलावा यह भी बताया गया कि 300 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल अथवा आठ से अधिक भूखंडों वाली प्लाटिंग का पंजीकरण उत्तर प्रदेश रेरा में कराना अनिवार्य है। यदि रेरा पंजीकरण के बिना प्लाट बेचे जा रहे हैं तो ऐसे सौदे पूरी तरह असुरक्षित माने जाएंगे।

### अवैध कालोनी में नहीं विकसित होंगी मूलभूत सुविधाएं, प्रलोभन में आए तोपछताना पड़ेगा

प्राधिकरण ने यह भी स्पष्ट किया कि अवैध प्लाटिंग में सड़क, नाली, जलनिकासी, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाएं भविष्य में विकसित नहीं की जाएंगी। ऐसे में प्लाट खरीदने वाले लोगों को कानूनी, आर्थिक और सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रलोभन में न आएं और प्लाट खरीदने से पहले सभी वैधानिक दस्तावेजों की जांच अवश्य कर लें, ताकि भविष्य में नुकसान से बचा जा सके।

# बोलेरो में सवार बदमाशों ने ग्रामीण से 50 हजार लूटे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- केरूगंज से बैठाया, कांट क्षेत्र में उतार दिया, तमंचा लिए थे
- शिकायत मिलने पर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी

**अमृत विचार:** बोलेरो में सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति को सवारी के रूप में बैठा लिया। बदमाशों ने रास्ते में तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए व्यक्ति से 50 हजार रुपये लूट लिए। बदमाशों ने रास्ते में उसे उतार दिया और बोलेरो से भाग गए। व्यक्ति रुपये निकालने के बाद केरूगंज में सवारी का इंतजार कर रहा था।

सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव शाजापुर निवासी ऋषिकांत का चौक कोतवाली क्षेत्र में स्थित बैंक में खाता है। गुरुवार की दोपहर 12 बजे उन्होंने बैंक से अपने खाते से 50 हजार रुपये निकाले थे। उन्होंने पैसे एक थैले में रख लिए। वह किसी काम से तहसील सदर गए। उसके बाद केरूगंज चौराहे पर सवारी के इंतजार में खड़े थे। इस दौरान उनके पास एक बोलेरो आकर रुकी। बोलेरो में चालक समेत तीन लोग सवार थे। बोलेरो में सवार बदमाशों ने ऋषिकांत से पूछा कि कहा जाओगे। उसने कहा कि सेहरामऊ दक्षिणी जाएगे। बदमाशों ने सेहरामऊ दक्षिणी जाने का बताकर उसे बैठा लिया। बदमाश उसे बैठाकर कांट बाईपास की ओर मुड़े तो उसने कहा कि इधर कहां जा रहे हो। उसने शोर मचाने का प्रयास किया तो एक बदमाश ने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। बदमाशों ने उससे 50 हजार रुपये लूट लिए। बदमाशों ने धमकी दी कि शोर मचाया तो जान से मार देंगे। बदमाशों ने उसे कांट क्षेत्र के रावतपुर गांव के निकट बोलेरो से धक्का दे दिया। बदमाश बोलेरो से भाग गए। उन्होंने कांट थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और व्यक्ति से जानकारी की। उन्होंने घटना स्थल चौक कोतवाली बताकर उसे कोतवाली भेज दिया था। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है और तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले जांच कर रही है।

# बार काउंसिल सदस्य के लिए अधिवक्ताओं ने किया मतदान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- चौथे चरण में शाहजहांपुर कचहरी परिसर में शांतिपूर्ण वोटिंग
- जिले से दो प्रत्याशी मैदान में, 1680 अधिवक्ता मतदान के पात्र

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल चुनाव के चौथे चरण के अंतर्गत जिला शाहजहांपुर में अधिवक्ताओं ने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। कचहरी परिसर में बनाए गए मतदान केंद्रों पर अधिवक्ताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान को लेकर कचहरी परिसर में पूरे दिन व्यवस्थित माहौल बना रहा।

सेंट्रल बार एसोसिएशन शाहजहांपुर के अध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया कि जिला शाहजहांपुर में कुल 1680 अधिवक्ता इस चुनाव में मतदान के पात्र हैं। सभी अधिवक्ताओं को मतदान का अवसर मिल सके, इसके लिए मतदान प्रक्रिया दो दिनों तक कराई जा रही है। अजय वर्मा के अनुसार बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के चुनाव में जिला शाहजहांपुर से दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें विश्वदीप अवस्थी और अमित शर्मा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश से इस चुनाव में कुल 333 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें से 25 सदस्यों का चयन किया जाना है। चौथे चरण के तहत चल रही मतदान प्रक्रिया को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह देखा गया। सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय वर्मा ने अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि मतदान से लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती मिलती है।

# पत्नी, प्रेमी भांजा और एक अन्य आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**बालकराम हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/पुवायां

- घटना में प्रयुक्त हसिया बरामद एक आरोपी की तलाश जारी

**अमृत विचार:** पुवायां क्षेत्र में चर्चित बलराम हत्याकांड में पुलिस ने पत्नी और प्रेमी भांजे समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हसिया बरामद कर लिया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान कर दिया।

पुवायां थाना के गांव भटपुरा चंदू निवासी राजू ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 29 जनवरी की रात में 01 बजे उसके भाई बलराम की उसकी भाभी पूजा ने भांजे आदेश निवासी सलेमपुर थाना पिहानी जिला हरदोई व अन्य दो लोगों के साथ मिलकर गला रेतकर हत्या कर दी थी। हत्या करते समय उसके भाई बलराम की जोर से आवाज निकली। उसने खिड़की से झांका तो अपने भांजे आदेश को पहचान लिया था और अन्य दो लोगों को पहचान नहीं पाया था। उसने आवाज दी तो तीनों आरोपी खेत की तरफ भाग गए थे। उसकी भाभी पूजा के अपने भांजे आदेश से अवैध संबंध थे। इसी लिए उसने अन्य लोगों की मदद से भाई को मार डाला था। पुलिस ने मृतक की पत्नी पूजा, भांजे आदेश और दो अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। एसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया था। पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के सामने आरोपी मृतक की पत्नी पूजा, आदेश और रामचंद्र निवासी सलेमपुर थाना पिहानी जिला हरदोई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी आदेश की निशानदेही से घटना में प्रयुक्त हसिया बरामद कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को चालान करके जेल भेज दिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक रवि करण सिंह, उप निरीक्षक कपिल देव, महिला उप निरीक्षक मनीषा, सिपाही मनीषा, संदेश कुमार, अनिल कुमार टीम में शामिल थे।



पुलिस हिरासत में पत्नी समेत तीन आरोपी। • अमृत विचार

> घटना का अनावरण करते हुए 24 घंटे के अंदर महिला, उसके भांजे व एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूजा ने अपने प्रेमी आदेश और दो अन्य के साथ मिलकर पति की हत्या करायी है। घटना में प्रयुक्त हसिया बरामद हो गया है। एक आरोपी की तलाश की जा रही है।
>
> -राजेश द्विवेदी, एसपी

### रास्ते से हटाने के लिए उठाया कदम

आरोपी महिला पूजा ने पुलिस को पूछताछ के दौरान बताया कि उसके अपने भांजे आदेश से अवैध संबंध थे। अवैध संबंध को लेकर उसके पति बलराम खुश नहीं थे। वह आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे। उसका एक बार मोबाइल छीन लिया था। उसने अपने प्रेमी को बताया कि पति बहुत मार पीटते है। पूजा ने पति को रास्ते से हटाने के लिए आदेश के साथ योजना बनायी। योजनाबद्ध तरीके से उसने प्रेमी व दो अन्य लोगों के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। उसने पति के पैर पकड़े और दो लोग उसे दबाए रहे तथा आदेश ने गला रेत दिया।

# सीडीओ ने देखीं ढाई घाट में व्यवस्थाएं

- प्रशासनिक अमले के साथ मेला स्थल पर पहुंचीं सीडीओ

संवाददाता, मिर्जापुर



ढाई घाट मेले में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करतीं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह सिनसिनवार। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह ने ढाई घाट मेले का औचक निरीक्षण कर मेले की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मेले में स्थापित सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, स्वास्थ्य शिविर, मोबाइल शौचालय, एम्बुलेंस व्यवस्था, फायर एक्सटेंग्विशर और फायर ब्रिगेड वाहन का अवलोकन किया गया। साथ ही सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से वर्तमान में तैनात 40 सफाई कर्मियों के साथ 20 अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती के निर्देश संबंधित विभाग को दिए गए।

उन्होंने कहा कि मेले में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान डॉ. अपराजिता सिंह सिनसिनवार ने मां गंगा का आशीर्वाद भी लिया। इस अवसर पर डीडीओ ऋषि पाल, मेला समिति के सदस्य और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मिर्जापुर के तालाब में उतराता मिला अज्ञात युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- दो दिन पुराना शव, किनारे पड़े मिले कपड़े, नहीं हुई पहचान

**अमृत विचार:** मिर्जापुर थाना क्षेत्र में तालाब में एक अज्ञात युवक का शव उतराता हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव दो दिन पुराना बताया जा रहा है। मृतक के कपड़े तालाब के किनारे पड़े मिले हैं, जबकि शव पर केवल अंडरवियर था। पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव धूवघटा के ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे गांव के बाहर स्थित तालाब में एक युवक का शव उतराता हुआ देखा। यह देखते ही तालाब के किनारे ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने तत्काल मिर्जापुर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को तालाब से बाहर निकलवाया।

पुलिस की ओर से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। मृतक की उम्र करीब 28 वर्ष बताई जा रही है। शव पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। तालाब के किनारे एक शर्ट, लोअर और चप्पलें पड़ी मिली हैं। बताया गया कि तालाब काफी गहरा है। आशंका जताई जा रही है कि युवक मछली पकड़ने के लिए तालाब में गया होगा और डूबने से उसकी मौत हो गई। मिर्जापुर थाना प्रभारी ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो सकी है। मौत के सही कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# एसआईआर की कार्य प्रगति में ढिलाई पर सख्ती, होगा निलंबन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिलाधिकारी ने बिस्मिल सभागार में ली विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की बैठक

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में विधानसभा-131 कटरा और विधानसभा-133 तिलहर में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत नो-मैपिंग वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई और उन पर निर्णय के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसएसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई और लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया गया।

बैठक में विधानसभा तिलहर के सुपरवाइजर शिवम राठौर द्वारा एसआईआर कार्य में रुचि न लेने पर जिलाधिकारी ने निलंबन के निर्देश दिए। साथ ही बीएलओ मोहम्मद अली द्वारा भी कार्य में रुचि न लेने पर कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए। जिलाधिकारी ने एईआरओ को निर्देश दिए कि नियमित सुपरवाइजर, बीएलओ और अन्य संबंधितों के साथ बैठक कर नोटिस सुनवाई के कार्य में तेजी लाई जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि नोटिस सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत दस्तावेज ही मतदाताओं से लिए जाएं। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि नोटिस सुनवाई का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही नो-मैपिंग मतदाताओं के साथ लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी से जुड़े मामलों में भी नोटिस जारी कर सुनवाई शुरू करने के निर्देश दिए गए। इसमें वर्ष 2003 की मतदाता सूची से जुड़ी आयु और मैपिंग संबंधी विसंगतियों पर सुनवाई की जाएगी, जिसमें बीएलओ से घोषणा पत्र लिया जाना अनिवार्य होगा।

# बेकाबू टैंकर की टक्कर से टूटा खंभा

- स्कूली बच्चे बाल-बाल बचे, बिजली निगम की लापरवाही से लोगों में रोष

संवाददाता, पुवायां



क्षतिग्रस्त पड़ा विद्युत खंभा। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** हाइवे निर्माण कार्य में लगे एक टैंकर के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत खंभे से टकरा जाने के कारण नगर के शास्त्रीनगर क्षेत्र में पूरे दिन बिजली आपूर्ति ठप रही। इस घटना से लगभग सैकड़ों परिवार अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए, वहीं हादसे के वक्त सड़क से गुजर रहे स्कूली बच्चे बाल-बाल बच गए।

घटना शुक्रवार सुबह नगर के शाहजहांपुर रोड स्थित सेक्रेड हार्ट स्कूल के पास की है। क्षेत्र में हाइवे निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान निर्माण कंपनी का एक टैंकर अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क के किनारे लगे विद्युत खंभे में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि खंभा क्षतिग्रस्त हो गया और उससे जुड़ी विद्युत लाइन भी टूट गई। हादसे के समय सड़क पर स्कूली बच्चों की आवाजाही अधिक थी, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और सभी बच्चे सुरक्षित रहे। घटना के तुरंत बाद टैंकर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त होने से शास्त्रीनगर क्षेत्र के सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तत्काल बिजली विभाग को दी और शीघ्र आपूर्ति बहाल कराने की मांग की, लेकिन शाम तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पूरे दिन बिजली न रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मोबाइल चार्जिंग, पेयजल आपूर्ति और दैनिक कार्य प्रभावित रहे। विभागीय उदासीनता को लेकर नगरवासियों में आक्रोश व्याप्त है और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## सिटी डायरी

### वारंटी जमानतदार गिरफ्तार, बाद में मिली जमानत

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** गांव सिसनई निवासी जमानतदार नन्हे लाल के खिलाफ न्यायालय से जारी वारंट पर पुलिस ने कार्रवाई की। नन्हे लाल ने अपने एक रिश्तेदार की न्यायालय से जमानत कराई थी, लेकिन आरोपी के न्यायालय में पेश न होने पर जमानतदार के खिलाफ वारंट जारी कर दिया गया था। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र के अनुसार, हल्का दरोगा सौरव कुमार ने हमराही हेड कांस्टेबल संजीव कुमार के साथ मुखबिर की सूचना पर जमानतदार नन्हे लाल को उसके घर से गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जमानतदार को जमानत मिल गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी के न्यायालय में हाजिर न होने की स्थिति में जमानतदार की जिम्मेदारी तय होती है, इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई।

### थाना दिवस में दी शिकायत का नहीं हुआ निस्तारण

**खुदागंज, अमृत विचार :** जन समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित थाना दिवस के बावजूद शिकायतों का निस्तारण न होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव हत्सा निवासी सत्यदेव गंगवार ने थाना दिवस में तहरीर देकर बताया था कि उनके खेत में गन्ने की फसल खड़ी है और रास्ता बंद कर दिया गया है, जिससे उन्हें भारी परेशानी हो रही है। शिकायत के एक सप्ताह बाद भी पुलिस और राजस्व विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है और शीघ्र इस समस्या के समाधान की मांग की है। रास्ता बंद होने से किसान का खेत में आवागमन भी बंद होने से परेशानी है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव बौरी निवासी नीरज कुमार ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका पुत्र जितेश कुमार शर्मा 4 जनवरी 2026 को अपने रिश्तेदार मनोज कुमार शर्मा निवासी नरसूईया के घर राजगीरी का काम करने आया था। इसी दौरान कलान मिर्जापुर रोड पर बीरभान के भट्टे के सामने तेज रफ्तार मोटरसाइकिल यूपी 27 बी एन 1301 ने जितेश को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरियनपुर ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर फर्रुखाबाद मेडिकल कॉलेज और फिर यूपी यूनिवर्सिटी मेडिकल कॉलेज सैफई रेफर किया गया। 6 जनवरी 2026 को इलाज के दौरान जितेश की मौत हो गई। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने बाइक स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हाईस्कूल का छात्र लापता परिजनों की बढ़ी चिंता



**पुवायां, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कसभरा मठिया, पुवायां निवासी हाईस्कूल का एक छात्र बीते दो दिनों से लापता है, जिससे परिजनों का बुरा हाल है। मामले में थाना पुवायां में गुमशुदगी की तहरीर दी गई है। जानकारी के अनुसार राघव कटियार पुत्र राकेश कटियार, उम्र करीब 15 वर्ष, 28 जनवरी की शाम लगभग 5 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया था। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी पूछताछ की, लेकिन राघव का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजनों ने थाना पुवायां पहुंचकर गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### फेसबुक पर फर्जी आईडी बना नाबालिग को ले गया मुस्लिम युवक

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर गांव निवासी व्यक्ति की नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। थाना रोजा क्षेत्र के गांव पडरा सिकन्दरपुर निवासी युवक उस्मान शाह ने फर्जी नाम से आईडी बनाकर किशोरी को अपने जाल में फंसाया और 19 जनवरी को उसे घर से ले गया। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से परिजनों में रोष व्याप्त है। किशोरी के परिजनों की ओर से कराई गई रिपोर्ट में बताया गया कि उस्मान शाह ने सोशल मीडिया पर अमित वर्मा के नाम से फर्जी आईडी बनाई थी और इसी के जरिए नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर ले जाने का काम कर रहा था। परिजनों ने सुरागरसी के बाद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि किशोरी की बरामदगी के प्रयास कर दिए गए हैं और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### हाईस्कूल छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**सिंधौली, अमृत विचार :** हाईस्कूल की छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने शुक्रवार दोपहर नामजद आरोपी आरिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के बाद से फरार चल रहे तीन अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया था कि गांव का आरिफ उसकी नाबालिग भतीजी का कॉलेज आते-जाते समय पीछा कर छेड़छाड़ करता था। लगातार उत्पीड़न से परेशान होकर परिजनों ने करीब एक माह से छात्रा को कॉलेज भेजना बंद कर दिया था। मामले का विरोध करने पर आरिफ ने अपने भाई तालिब और दो अन्य सलमान व सुहेल के साथ मिलकर छात्रा के चाचा की पिटाई कर दी थी। आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी धमकी देकर फरार हो गए थे। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# गंगानगर में कृषि फार्म पर पहुंचे एसपी, सहफसली खेती को देखा

## प्रगतिशील किसान के नवाचारों को सराहा, एक पौधे में दो फसल का प्रयोग देख जताया आश्चर्य

- गन्ने के साथ विभिन्न फसलों की सह खेती का किया अवलोकन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी शुक्रवार को गंगानगर-कृषि फार्म पहुंचे, जहां उन्होंने गन्ना खेती में सहफसली के साथ किए जा रहे नवाचारों को देखा। इस दौरान प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा की ओर से किए जा रहे प्रयासों को सराहा और कहा कि अन्य किसानों को भी ऐसे नवाचारों से सीख लेनी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सहफसली खेती महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कौशल मिश्रा की ओर से किए जा रहे नवाचारों से प्रेरणा लेकर अन्य किसानों को भी इसी तरह की खेती अपनानी चाहिए, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गन्ने के साथ जर्मनी का चुकंदर, काला आलू, टमाटर, ब्रोकली, बंदगोभी और फूलगोभी की सहफसली खेती को देखा। इसके साथ ही जिले में पहली बार किए गए उस प्रयोग का भी अवलोकन किया, जिसमें एक ही पौधे में दो फसल तैयार की जा रही हैं। इसमें एक पौधे में टमाटर के साथ आलू तथा टमाटर के साथ बैंगन की खेती की जा रही है। इससे पूर्व कौशल मिश्रा की ओर से पुलिस अधीक्षक का बुके देकर स्वागत किया गया और भगवान का चित्र भेंट कर अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विजय मिश्रा, नितेश अग्निहोत्री, काली शंकर मिश्र, सुधीर पाठक, अनुज द्विवेदी, शिवम शर्मा और नृपेंद्र मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



गंगानगर-कृषि फार्म में सहफसली खेती के नवाचारों को देखते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

## प्रशिक्षण : मधुमक्खी पालन को सब्सिडी दे रही सरकार

**शाहजहांपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र में ग्रामीण बेरोजगार युवकों और युवतियों को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रोफेसर एवं प्रभारी अधिकारी डॉ. एनसी त्रिपाठी ने प्रशिक्षित करते हुए कहा कि मधुमक्खी पालन के माध्यम से स्वरोजगार अपनाया जा सकता है। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. हादी हुसैन खान ने मधुमक्खी पालन की तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार की मीठी क्रांति के तहत सब्सिडी और निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार 10 से 50 बक्सों के सेटअप पर 40 से 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दे रही है। उन्होंने मधुमक्खियों के प्रकार और उनसे मिलने वाले उत्पादों की जानकारी दी। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. विमल कुमार सिंह ने कीट और रोगों के निवारण, डॉ. नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने स्वास्थ्य और पर्यावरण में उपयोगिता, डॉ. विद्या गुप्ता ने मूल्य संवर्धन और इंजीनियर डॉ. गौरव शर्मा ने बॉक्स संरचना पर जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, संदीप सक्सेना और शुभम सागर का सहयोग रहा।

# कैशलेस इलाज सुविधा पर शिक्षक संघ में खुशी

- कलान में प्रांतीय महामंत्री के आवास पर जताया आभार
- गंभीर बीमारी में धनराशि बढ़ाने की मांग

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री संजय सिंह के नगर कलान स्थित आवास पर शिक्षक संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी के सदस्यों और शिक्षकों ने मुलाकात कर शिक्षकों, उनके आश्रितों और अन्य कार्मिकों को कैशलेस इलाज की सुविधा दिलाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर संघ की ओर से धन्यवाद प्रस्ताव पारित करते हुए एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी गईं।

बैठक में यह मांग भी रखी गई कि शासन स्तर पर भविष्य की बैठकों में कैशलेस इलाज के लिए अनुमन्य धनराशि को गंभीर बीमारियों की स्थिति में बढ़ाने का प्रस्ताव रखा जाए। साथ ही शिक्षा विभाग से जुड़ी प्रमुख समस्याओं और अन्य मुद्दों पर भी आपसी चर्चा की गई। बैठक में आजाद सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश यादव, संयुक्त मंत्री जावेद अख्तर, दुर्गा प्रसाद पाण्डेय, राजेश श्रीवास्तव, पंकज कुमार, मिठाई लाल मौर्य, सतीश कुमार सिंह, गजेन्द्र कुमार, पंकज कुमार, विकास प्रताप सिंह, शेखर यादव सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।



कलान में कैशलेस इलाज सुविधा मिलने पर शिक्षक संघ के पदाधिकारी खुशी जताते हुए।

# बंदर के हमले से बालक घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव नगरिया बुजुर्ग निवासी रामबाबू का 06 वर्षीय पुत्र रामकिशन शुक्रवार की शाम सात बजे मकान की छत पर किसी काम से गया था। अचानक बंदरों ने बालक के ऊपर हमला कर दिया। बंदरों ने उसको काटकर घायल कर दिया। बालक की चीख पुकार सुनकर परिजन छत पर गए और बंदरों को भगा दिया। परिवार वाले उसे सीएचसी पर ले गए। घायल बालक की मां रेशमा देवी ने बताया कि गांव में बंदरों का आतंक है। बंदर पहले भी कई लोगों के काट चुका है। उन्होंने मांग की है कि बंदरों को पकड़ा जाए।

# डॉ.अमीर सिंह जिलाध्यक्ष, डॉ. केके शुक्ला बने मंडलीय अध्यक्ष

- प्रधानाचार्य परिषद का मंडलीय सम्मेलन एवं शैक्षिक संगोष्ठी

कार्यालय संवाददाता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के तत्वावधान में माध्यमिक शिक्षा के संवर्धन में प्रधानाचार्य की भूमिका विषयक शैक्षिक संगोष्ठी एवं मंडलीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

एसएस लॉ कॉलेज मुमुक्षु आश्रम के मूट कोर्ट में आयोजित सम्मेलन की अध्यक्षता उप्र प्रधानाचार्य परिषद के संगठन मंत्री डॉ एससी रस्तोगी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती एवं विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से किया। कार्यक्रम में डॉ अमीर सिंह को उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद का जिलाध्यक्ष तथा डॉ केके शुक्ला को मंडलीय अध्यक्ष चुना गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में चार जनपद के जिलाध्यक्ष एवं जिला मंत्री का अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया।

जनपद के सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य सुरेश पाल सिंह, दिवाकर शर्मा एवं डॉ दोदराम वर्मा को माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर एवं रामचरितमानस देकर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार सिंह, देवकीनंदन, बृजपाल सिंह एवं अनिलेश सिंह को अंगवस्त्र प्रदान कर परिषद में स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि प्रधानाचार्य सभी शिक्षकों को शैक्षिक संवर्धन के लिए काम करने के लिए प्रेरित करें तथा सरकार से इन शिक्षकों को शिक्षा से इतर कार्यों जैसे जनगणना में बीएलओ आदि न लगाएं। विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने प्रधानाचार्यों को हर संभव सहायता एवं सम्मान प्रदान करने का आश्वासन दिया। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ सुरेश चंद्र रस्तोगी ने कहा कि प्रधानाचार्य को विभिन्न मदों में होने वाले व्यय का प्रशिक्षण जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर से दिया जाए। डॉ दोदराम वर्मा के संचालन में स्वागत भाषण डॉ केके शुक्ला एवं आभार डॉक्टर अमीर सिंह ने किया।

कार्यक्रम में सूरजपाल, बंशीधर यादव, रमेश चंद्र, अवधेश सिंह, जगदीश प्रसाद मौर्य, सुरेश पाल सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, अनिलेश सिंह, दिवाकर शर्मा, योगेश गंगवार, भूपेश कुमार श्रीवास्तव, फ़खरे आलम खां, योगेंद्र पाल सिंह, सूरजपाल, शाइस्ता नसीम, अनुपम मौर्य, श्रद्धा टंडन, मीनू शंखधर एवं अंजू सिंह आदि उपस्थित रहे।



उप्र प्रधानाचार्य परिषद की शैक्षिक संगोष्ठी व मंडलीय सम्मेलन में नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष डा केके शुक्ला व जिलाध्यक्ष अमीर सिंह का स्वागत करते अतिथि। ● अमृत विचार

# राष्ट्रीय पक्षी मोर की संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के रौसरकोठी में एक डेयरी के पास एक मोर मृत अवस्था में मिला है। क्षेत्र के लोगों ने थाना पर सूचना दी। एएएसआई कैलाश चंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने वन दरोगा केपी सिंह को सूचना दी। वन दरोगा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मोर के शव को कब्जे में ले लिया। वन दरोगा ने बताया कि प्रथम दृष्टया में राष्ट्रीय पक्षी मोर की करंट से होने की आशंका लग रही है। उन्होंने कहा पोस्टमार्टम कराया जाए।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348


# हैकरों ने हलवाई का बैंक खाता किया खाली

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** महानगर के कैलाश नगर कॉलोनी मोहम्मदी रोड निवासी आशीष राठौर पुत्र राजेश राठौर के बैंक खाते से हैकरों ने रुपये उड़ा लिए। आशीष की छोटी सी मिठाई की दुकान है, जिससे वह परिवार का पालन-पोषण करता है। आशीष का बचत खाता बैंक ऑफ बड़ौदा की हथोड़ा बुजुर्ग शाखा में है, जिसमें 23 हजार 500 रुपये जमा थे। हैकरों ने पूरा खाता साफ कर दिया।

पीड़ित को उस समय जानकारी हुई जब उसके मोबाइल पर एक के बाद एक कटौती के मैसेज आने लगे। यह देखकर वह घबरा गया और थाना रोजा पहुंचकर थाना प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए उचित कार्रवाई की मांग की। आशीष ने बताया कि हैकरों ने न सिर्फ उसका बैंक खाता हैक किया, बल्कि उसके व्हाट्सऐप से जुड़े संपर्कों को भी मैसेज भेजकर रुपये मंगाने शुरू कर दिए। पीड़ित ने बताया कि उसने अपने सभी नाते-रिश्तेदारों और परिचितों को सतर्क कर दिया है। इसके बावजूद एक रिश्तेदार के खाते से 4 हजार रुपये निकल गए। हालांकि समय रहते बाकी पैसे निकाल लिए गए, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। पीड़ित ने मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# न्यूज डायरी

## ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बुलंदशहर जिले के कस्बा बीबीनगर निवासी सुरेंद्र सिंह ने कटरा थाना में दी गई तहरीर में बताया कि रोडवेज हापुड़ डिपो में बस परिचालक है। 27 जनवरी को बस चालक दिनेश कुमार के साथ शाम पांच बजे लखनऊ से दिल्ली बस लेकर जा रहे थे। बस में 18 यात्री थे। कटरा से दो किमी पहले खिरिया गांव के सामने ट्रैक्टर-ट्राली ने बस को टक्कर मार दी, जिससे चालक समेत पांच लोग घायल हो गए थे। चालक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर भाग गया था। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## बहू को पीटकर घर से निकाला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हरदोई जिले के पचदेवरा थाना के गांव पिपरिया निवासी नीतू ने अल्हागंज थाना में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी दो साल पहले विनीत निवासी कुंवरपुर थाना अल्हागंज के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वाले दहेज में बाइक और पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। उसने ससुराल वालों से कहा कि मायके वाले अब कुछ नहीं दे पाएगे। इस बात को लेकर ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे। उसका आरोप है कि बुधवार की रात ससुराल वालों ने मारा पीटा और घर से निकाल दिया। पीड़िता मायके में रह रही है। पुलिस ने पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## जल जीवन मिशन के लाखों के पाइप चोरी, तहरीर दी

**तिलहर, अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए रखे गए लाखों रुपए के पाइप चोरी होने का मामला सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव ढकिया परवेजपुर निवासी देव सिंह ने तहरीर में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन डालने का ठेका एनसीसी कंपनी को मिला था। इसी के अंतर्गत गांव हाजी नगला में करीब दो लाख रुपए कीमत के 24 पाइप रखे गए थे, जो 25 जनवरी को चोरी हो गए। देव सिंह के अनुसार कुछ पाइप नाली के ऊपर और कुछ एक ग्रामीण की छत पर रखे होने की जानकारी भी मिली है। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि मामले की जांच जा रही है।

## शिविर में बालिका शिक्षा के अधिकारों की जानकारी दी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांट में किया गया। शिविर में पीसीपीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत बच्चों में लिंग चयन पर प्रतिबंध कन्या भ्रूण हत्या तथा बालिका के प्रति भेदभाव बालिका जन्म और शिक्षा के अधिकार के विषय पर जानकारी दी गई। शिविर की अध्यक्षता चिकित्सा अधिकारी राजीव मल्होत्रा ने की। पीएवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा ने कन्या भ्रूण हत्या तथा बालिका के प्रति भेदभाव एवं बच्चों में लिंग चयन पर प्रतिबंध के विषय पर चर्चा की। पीएसडब्ल्यू नंदिनी सक्सेना ने लिंग निर्धारण पर रोक पर जानकारी दी। चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव मेहरोत्रा ने स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के बारे में बताया। डॉक्टर आशुतोष ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम के बारे में बताया। संचालन डॉ बिन्नी ने किया।

## एसपी ने थाना कांट का किया निरीक्षण, दिशा निर्देश दिए

**कांट/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी राजेश द्विवेदी ने कांट थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों, अपराध नियंत्रण से संबंधी रिकार्ड, मालखाना, बैरक, हवालात, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, सफाई व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की आत्मरक्षा, सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना है। एसपी ने पुलिस कर्मियों को कानून व्यवस्था, जनसुरक्षा, जनसुनवाई, बीट पुलिसिंग, अपराध नियंत्रण, महिला एवं बाल सुरक्षा, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग जैसी प्राथमिकताओं पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी अपने व्यवहार, तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठा से आमजन में विश्वास बढ़ाएं तथा बेहतर पुलिसिंग की दिशा में निरंतर कार्यरत रहे। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए। निरीक्षण के समय एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार सिंह, सीओ सदर प्रयांक जैन, प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## खोखे में लगी आग, हजारों का नुकसान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित एक खोखे में रहस्यमय ढंग से आग लग गयी। आग से हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान गैस सिलेंडर फटने से भगदड़ गच गयी। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला बंगशान नखासा गौटिया निवासी मोहम्मद फैज ने हाईवे पर लकड़ी का खोखा रख रखा था और बिरयानी बेचता था। गुरुवार की रात अचानक खोखे में आग लग गयी। आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। इस दौरान खोखे में रखा गैस सिलेंडर फट गया। जिससे लोगों में भगदड़ मच गयी, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। सूचना पर दमकल वाहन मौके पर पहुंचा। फायर बिग्रेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। खोखे में फर्नीचर आदि सामान जल गया। खोखा मालिक फैज ने बताया कि उनके खोखे में किसी ने आग लगाई है। जबकि खोखे के ऊपर से हाईटेंशन लाइन भी निकल रही है। उन्होंने थाना पर तहरीर दी है। थाना प्रभारी अवधेश सेंगर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



**न्यूज ब्रीफ**

### एसएसपी कार्यालय पर मौन धारण कर शहीदों को किया याद

**बदायूं, अमृत विचार :** देश के स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस पर एसएसपी कार्यालय पर मौन धारण किया गया। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी, सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय, सीओ उझानी डॉ. देवेंद्र कुमार और पुलिसकर्मियों ने दो मिनट मौन रखा। एसएसपी ने कहा कि आज का दिन उन महान आत्माओं के त्याग की याद दिलाता है जिनकी बदौलत हम स्वतंत्र राष्ट्र में सांस ले रहे हैं। हमारे पुलिस बल और सेना के जवानों का बलिदान हमें पूरी निष्ठा और ईमानदारी से देश सेवा करने की प्रेरणा देता है। देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों का बलिदान सदैव वंदनीय रहेगा। उनके दिखाए गए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

### 22 फरवरी को लगेगा मेगा विधिक सहायता शिविर

**बदायूं, अमृत विचार :** अपर जनपद न्यायाधीश शिव कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर 22 फरवरी वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें शासन के अन्तर्गत समस्त विभागों द्वारा आम जनमानस के हितार्थ चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जायेगा।

### भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करें

**वजीरगंज, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर वजीरगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजकुमार सिंह ने स्टाफ को कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने की शपथ दिलाई। बताया कि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 13 फरवरी तक चलाया जाएगा। पीएमडब्लू विमल वार्ष्णेय ने बताया कि कुष्ठ रोग की पहचान बहुत आसान है। सुन्न होना, खुजली न होना, पसीना न आना, नाक बैठ जाना आदि लक्षण हैं। रामबाबू, बृजेश सिंह, कौशलेंद्र, विपिन भारती, राजेश, प्रदीप, अरविंद चौहान, राजीव सक्सेना, पवन, अनुज, कमलवीर आदि उपस्थित रहे।

**एसआईआर, बीएलओ और समेकित शिक्षा के प्रशिक्षण में लगी है शिक्षकों की ड्यूटी, नए एप और तकनीक समझने में समय हो रहा खर्च**

# काम अधिक होने से दबाव महसूस कर रहे शिक्षक-शिक्षिकाएं

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** बेसिक से लेकर उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए सरकार प्रयासरत है, लेकिन शिक्षकों के लिए लगातार चलाए जा रहे प्रशिक्षण और अन्य कामों की व्यस्तता की वजह से वह शिक्षण कार्य में ज्यादा ध्यान नहीं दे पा रहे। सूचना भेजने और योजनाओं के क्रियान्वयन समेत विभिन्न कामों की अधिकता की वजह से शिक्षक-शिक्षिकाएं बोझ तले दबा महसूस कर रहे हैं।

शिक्षकों के अनुसार विभाग की ओर से संचालित एप और अन्य वेब व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए तो अच्छे हैं लेकिन शैक्षिक गुणवत्ता पर इनका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। नए एप और उसकी तकनीक को समझने और प्रशिक्षण के लिए शिक्षकों का समय खर्च हो रहा है। ऐसे में उनपर अतिरिक्त लोड भी पड़ रहा है। 29 व 30 जनवरी को निपुण आकलन किया गया। डायट के प्रशिक्षुओं ने बच्चों की हिंदी भाषा और गणित विषय की निपुणता का परीक्षण किया। साथ ही बेसिक विद्यालयों में परीक्षा सत्र भी चल रहा है। इस समय भी शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर, बीएलओ और समेकित शिक्षा के प्रशिक्षण में लगी है। साथ ही निपुण, दीक्षा, रीड एलोंग, प्रेरणा, ज्ञान समीक्षा, कर्मयोगी, डीबीटी, साथी, सरल, पीएम ई विद्या, मानव संपदा, यू डायस, गूगल क्लास, समर्थ, एनईएलपी, शारदा, उल्लास, एम आधार, हरीतिमा, ईको क्लब, परख, पीएफएमएस, उमंग आदि एप पर सूचनाएं भी सरकार को भेजनी हैं।



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद परिषदीय शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार



वर्तमान में जो स्थिति है उससे तो ऐसा लग रहा है कि शिक्षकों को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षक विभागीय सूचनाएं देते हुए खुद को दबा महसूस कर रहा है। एसआईआर या प्रशिक्षण हो या अन्य चीजें। इसकी वजह से शिक्षक परेशान हैं। जिसके चलते शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है। **-मधुकर शर्मा**, ब्लॉक अध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ।



शिक्षकों पर बीएलओ, एसआईआर, निपुण आकलन और अनेक ऑनलाइन कार्यों का दबाव है। नेटवर्क व बिजली की कमी के बावजूद समय सीमा थोपी जाती है। समय पर काम न होने पर वेतन रोकने का दबाव है। सरकार गैर शैक्षणिक कार्य सीमित कर शिक्षण कार्य ही करने दे। **-डॉ. अर्चना वार्ष्णेय**, महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ।



शिक्षक-शिक्षिकाओं से शिक्षण के अलावा कई काम लिए जा रहे हैं। शिक्षण कार्य के साथ अन्य विभागीय कार्यों की अधिकता से शिक्षक परेशान हैं। जिससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए। **-राजकुमार शर्मा**, जिला मंत्री, प्रधानाचार्य परिषद।



इन दिनों शिक्षकों के ऊपर कार्य की अधिकता है। इस बात की हर किसी को जानकारी भी है, लेकिन विभाग द्वारा दिए गए आदेशों का अनुपालन करने भी जरूरी है। खुद भी एसआईआर के काम में व्यस्त हूं। काम की अधिकता से वाकिफ हूं। **-राजेंद्र प्रसाद**, खंड शिक्षा अधिकारी।

## निर्माण कार्य रोका विरोध पर युवक के साथ मारपीट

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव औरंगाबाद माफी निवासी जासर अली पुत्र सियार अली ने दी तहरीर में बताया कि गांव कुतुबपुरथा में उसकी खाली जमीन पड़ी है। जहां वह मकान बनवाना चाहते हैं लेकिन गांव के दबंग प्रवृत्ति के अफसर अली, इशाकत, रहीशुल, समसुल गाली-गलौज करके उन्हें भगा देते हैं। झगड़ा करने पर आमादा हैं। बताया 27 जनवरी को वह अपनी जमीन पर निर्माण का कार्य शुरू कराने गए थे। जहां वह लोग पहुंच गए। उन्हें गाली दी। विरोध करने पर उन्होंने जासर अली के साथ मारपीट की। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग आए और बीच बचाव किया। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# बिना आधार सत्यापन के अब नहीं हो सकेगी संपत्ति की रजिस्ट्री

**संपत्तियों के बैनामे में फर्जीवाड़ा रोकने को 1 फरवरी से लागू होगी नई व्यवस्था**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** 1 फरवरी से बैंकिंग सहित संपत्तियों की रजिस्ट्री के नियमों में बदलाव हो रहा है। नई व्यवस्था के तहत जहां बैंकों में ऐसे खाते बंद हो जाएंगे जिनमें एक साल से अधिक समय से लेन देन नहीं हो रहा है। वहीं उप निबंधन कार्यालय में बिना आधार सत्यापन के जमीनों की रजिस्ट्री नहीं होगी। रजिस्ट्री के दौरान खरीदार, विक्रेता के साथ गवाहों के आधार नंबर का मौके पर सत्यापन किया जाएगा। इस व्यवस्था से फर्जी आधार, फर्जी गवाह और बेनामी संपत्तियों की रजिस्ट्री पर प्रभावी तरह से रोक लग जाएगी।

जमीनों और संपत्तियों के बैनामा कराने के दौरान अब तक केवल आधार की फोटो कॉपी से काम चल जाता था। इससे धोखाधड़ी की आशंका बनी रहती थी, लेकिन अब बैनामे से पूर्व ऑनलाइन प्रक्रिया के दौरान आधार में लगे मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगी। ओटीपी फीड करने के बाद ही बैनामे के लिए ऑनलाइन कॉपी विभाग के पोर्टल पर आएगी। इसके बाद ही बैनामा हो सकेगा। सब रजिस्ट्रार सैयद नदीम अहमद ने बताया कि संपत्ति और जमीनों के बैनामा के लिए नई व्यवस्था शुरू हो रही है। शुरू होने वाली नई व्यवस्था के तहत उप निबंधन कार्यालय के पोर्टल को यूआईडीएआई के सर्वर से जोड़ दिया गया है। कोई व्यक्ति जमीन या संपत्ति का बैनामा कराने आएगा तो वहां पर पक्षकार बायोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा लगाएंगे। इससे दिल्ली स्थित केंद्रीय सर्वर से उनकी पहचान सत्यापित हो जाएगी। पहचान सही होने पर ही सॉफ्टवेयर से रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सत्यापन के दौरान सही पहचान नहीं होने पर तत्काल पुलिस को सूचित कर कार्रवाई की जाएगी। बताया कि यह व्यवस्था एक फरवरी से लागू हो रही है। सभी बैनामे आधार सत्यापन के बाद ही हो पाएंगे।




उप निबंधन कार्यालय।

**उप निबंधन कार्यालयों में लगी बायोमीट्रिक मशीन**

जिले में चार तहसीलों में संपत्तियों और जमीनों की रजिस्ट्री होती है। जिला मुख्यालय सहित दातागंज, बिसौली और सहसवान तहसीलों में स्थित उप निबंधन कार्यालयों को एक-एक बायोमीट्रिक मशीन दी गई है। बायोमीट्रिक मशीन पर अंगूठा लगाकर आधार का सत्यापन किया जाएगा। बायोमीट्रिक मशीन कैसे काम करेगी इसके लिए पहले ही उप निबंधन कार्यालयों में कार्यरत स्टाफ को प्रशिक्षण दिया है। इससे रजिस्ट्री से पहले होने वाले आधार सत्यापन के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

● **रजिस्ट्री के समय खरीदार, विक्रेता व गवाहों के आधार का होगा सत्यापन**

संपत्तियों के बैनामा के लिए सरकार द्वारा नई व्यवस्था शुरू हो रही है। यह व्यवस्था 1 फरवरी से लागू हो जाएगी। नई व्यवस्था के तहत रजिस्ट्री के दौरान खरीदार, विक्रेता के साथ गवाहों के आधार नंबर का मौके पर सत्यापन किया जाएगा। इससे फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी। आधार सत्यापन को सभी उप निबंधन कार्यालयों में बायोमीट्रिक मशीनें उपलब्ध करा दी गई है। स्टाफ को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। **सीपी मौर्या**, एआईजी स्टांप

## डीएम ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**बदायूं, अमृत विचार:** जिलाधिकारी अवनीश राय ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय डीएम, एसएसपी ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की स्थिति तथा व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया।

डीएम ने जिला कारागार के विभिन्न बैरकों, प्रवेश द्वार, सुरक्षा घेरे, रसोईघर, चिकित्सालय, मुलाकात कक्ष एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण में किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वस्तु, प्रतिबंधित सामग्री का मिलना प्रकाश में नहीं आया। डीएम ने कारागार प्रशासन को निर्देश दिए कि बंदियों को शासन द्वारा निर्धारित सुविधाएं नियमानुसार उपलब्ध कराई जाएं। साफ-सफाई, पेयजल, भोजन की गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी बृजेश कुमार सिंह, कारागार अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहीद दिवस पर डीएम ने बलिदानियों को किया नमन



शहीदों को नमन करते डीएम अवनीश कुमार राय और अन्य प्रशासनिक अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **शहीद स्थल पहुंचकर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि**

**अमृत विचार :** शुक्रवार को शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले समस्त शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाधिकारी अवनीश राय ने अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित शहीद स्थल पर पहुंचकर शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया।

बलिदान दिवस पर जिलाधिकारी ने अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शहीद स्थल पर दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। साथ ही कहा कि 30 जनवरी का दिन हमें सत्य, अहिंसा और देशभक्ति के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है।


शहीदों का बलिदान देश की आजादी, एकता और अखंडता का आधार है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन एवं कार्य व्यवहार में अपनाएं और ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिजली बिल राहत योजना के दूसरे चरण का अंतिम दिन आज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बिजली बिल राहत योजना के दूसरे चरण में विभाग को 24 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई। योजना का लाभ लेने को 44 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया। पहले और दूसरे चरणों में बिजली विभाग को कुल 72 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है।

अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि दूसरे चरण में योजना का लाभ लेने वालों की संख्या कम रही। फिर भी विभाग को अच्छी सफलता मिली है। दोनों चरणों में 72 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुयी है। दोनों चरणों में 69 हजार उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन करा कर योजना का लाभ लिया है। बताया कि एक फरवरी से योजना का तीसरा चरण शुरू हो रहा है। तीसरे चरण में मात्र 15 प्रतिशत ब्याज और असल में छूट मिलेगी। फिर भी उपभोक्ताओं को बकाया राशि जमा करने से लाभ मिलेगा। बिजली बिल राहत योजना के तहत गांव गांव लगाए गए शिविरों में करीब एक हजार उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान किया गया। उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। कुछ समस्याएं जेई और एसडीओ स्तर से हल कराई गई। इससे उपभोक्ताओं को राहत मिली है। अधिकारियों के निर्देश हैं कि उपभोक्ताओं की समस्याएं लंबित नहीं रहनी चाहिए। यदि शिकायत जिला मुख्यालय पर आती है तो जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।



● **जमा हुए 24 करोड़ रुपये, 44 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने कराया पंजीकरण**

## दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने मांगे आवेदन

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रणव पाठक ने बताया कि दिव्यांगजनों के लिए प्रदेश सरकार कई योजनाएं चला रही है। इनमें अर्ली इण्टरवेंशन सेन्टर, डे केयर सेन्टर/प्री-प्राइमरी स्कूल, प्राइमरी स्कूल के स्तर के विशेष विद्यालयों का संचालन, जूनियर हाईस्कूल स्तर तक विशेष विद्यालयों का संचालन, हाईस्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास सहित 21 कार्यक्रम संचालित हैं। इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाएं अपना आवेदन कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी में प्राप्त करा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु उक्त कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता।

# बोर्ड परीक्षा के लिए ड्यूटी चार्ट किया जाएगा तैयार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। दो दिन बाद प्रयोगात्मक परीक्षाएं भी समाप्त हो जाएंगी। प्रयोगात्मक परीक्षाएं परीक्षा समाप्त होने के बाद मुख्य परीक्षा शुरू होने में मात्र 15 दिन का ही समय बचेगा। समय कम होने के चलते शिक्षा विभाग द्वारा अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय और राजकीय इंटर कॉलेज में कंट्रोल रूम स्थापित करने की तैयारी हो रही है। वहीं कक्ष और सह केंद्र व्यवस्थापकों की ड्यूटी चार्ट तैयार किया जा रहा है। इसके लिए सभी माध्यमिक स्कूलों से शिक्षकों की मांगी गई है। वहीं बीएसए को पत्र जारी कर परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों का डाटा मांगा गया है। 18 फरवरी से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटर कॉलेज परीक्षा के लिए 98 कॉलेज केंद्र बनाए गए हैं। इन पर 67945 परीक्षार्थी परीक्षा के लिए बैठेंगे। केन्द्रों पर मूलभूत व्यवस्थाओं को परखा जा रहा है। परीक्षा केंद्रों पर करीब 42 सौ से अधिक कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के द्वारा कक्ष निरीक्षकों की तैनाती के लिए सभी माध्यमिक विद्यालयों से शिक्षकों की सूची मंगा ली गई है। बीएसए से परिषदीय शिक्षकों की भी सूची मांगी गई है। फरवरी के प्रथम सप्ताह में कक्ष निरीक्षकों और सह केंद्र व्यवस्थापकों का ड्यूटी चार्ट तैयार हो जाएगा। वहीं डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल तैयार हो रहा है। इसके अलावा राजकीय इंटर कॉलेज में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम भी तैयार कराया जा रहा है। इसमें 15 से 20 कंप्यूटर वाईफाई सुविधा से लैस किए जा रहे हैं। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की नजर में होने वाली परीक्षा की लाइव निगरानी इस कंट्रोल रूम से की जाएगी। इसके अलावा स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात होंगे।

● **डीआईओएस कार्यालय और जीआईसी में कंट्रोल रूम बनाने की तैयारी**

● **माध्यमिक स्कूलों से मांगी शिक्षकों की सूची, बेसिक शिक्षा विभाग को लिखा पत्र**

**दूसरे विद्यालय के होंगे सह केंद्र व्यवस्थापक**

डीआईओएस ने बताया कि सभी केंद्रों पर सह केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किए जाएंगे। यह दूसरे विद्यालय के होंगे। उसी विद्यालय के प्रधानाचार्यों को केंद्र व्यवस्थापक बनाया जाएगा। बताया कि कक्ष निरीक्षक भी दूसरे विद्यालय के शिक्षकों को बनाया जाएगा। एक कक्ष में कम से कम दो निरीक्षक की ड्यूटी लगाई जाएगी। 15 से 7 सचल दलों का गठन होगा। स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी डीएम की अध्यक्षता में निर्धारित की जाएगी।

प्रयोगात्मक परीक्षा समाप्त होने वाली है। मुख्य परीक्षा की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। स्कूलों से शिक्षकों की सूची मांग ली गई है। बेसिक स्कूलों के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। बीएसए को पत्र भेजा गया है। परीक्षा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराई जाएगी। **-लालजी यादव**, जिला विद्यालय निरीक्षक।

**शिक्षा** | **जिले के 1700 से अधिक परिषदीय स्कूलों में चल रहा निपुण आकलन**

# कमजोर नेटवर्क निपुण आकलन में बन रहा बाधा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिले के परिषदीय स्कूलों में निपुण आकलन शुरू हो गया है। यह कार्य 2158 में से 1799 परिषदीय स्कूलों में हो रहा है। इस कार्य के लिए डीएलएड प्रशिक्षुओं को लगाया गया है। निपुण आकलन में प्रशिक्षुओं को कमजोर नेटवर्क की वजह से दिक्कत हो रही है। इसमें सबसे अधिक दिक्कत देहात क्षेत्र में संचालित स्कूलों में आकलन के दौरान आ रही है। देहात क्षेत्र के स्कूलों में नेटवर्क न मिलने की वजह से एप से सर्वे करना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में सर्वे को पूरा करने के लिए उन्हें पूरे स्कूल परिसर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

शासन के आदेश पर परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक और दो के छात्रों के शैक्षणिक स्तर में सुधार करने के लिए 27 जनवरी से विशेष निपुण आकलन अभियान की शुरुआत हो गई है। इस कार्य में 92 प्रशिक्षुओं को लगाया जाएगा। यह अभियान जिले के 1799 परिषदीय स्कूलों में शुरू हुआ है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गणित और भाषा को सरल शत-प्रतिशत निपुण बनाना है। निपुण आकलन के दौरान डीएलएड प्रशिक्षुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह कार्य एप के माध्यम से किया जा रहा है। डीएलएड प्रशिक्षु मोबाइल से सर्वे करने के लिए परिषदीय स्कूलों में पहुंच रहे हैं। यहां पर बच्चों के शाब्दिक ज्ञान को एप के जरिए परखा जा रहा है, लेकिन देहात क्षेत्र में नेटवर्क न मिलने की वजह से एप काम नहीं कर रहा है। कमजोर नेटवर्क की समस्या की वजह से डीएलएड प्रशिक्षुओं को स्कूल परिसर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। स्कूल में पहुंचने के दौरान सबसे पहले वह नेटवर्क आने वाले स्थान को पहले देख रहे हैं। इसके बाद बच्चों को बारी-बारी से उसी स्थान पर बुलाकर सर्वे कर रहे हैं। वहीं आकलन सर्वे के काम में लगे डीएलएड प्रशिक्षुओं को लेकर डायट व बीएसए कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से भी सहयोग किया जा रहा है। निपुण भारत मिशन के तहत अभियान की शुरुआत हो गई है। आकलन का उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर बच्चों को पढ़ने-लिखने और गणित की बुनियादी समझ में दक्ष बनाना है। डीएलएड प्रशिक्षु आकलन के दौरान कक्षा एक के बच्चों की अक्षर पहचान, शब्द पढ़ने और सरल वाक्य समझने की क्षमता को परख रहे हैं। वहीं कक्षा दो के बच्चों से छोटे अनुच्छेद पढ़वा कर देखा जा रहा है। उनके प्रश्नों के उत्तर देने और सरल गणितीय गणनाओं की समझ परखने के बाद प्रशिक्षु मूल्यांकन कर रहे हैं।

● **नेटवर्क नहीं मिलने से एप पर सर्वे करने में डीएलएड प्रशिक्षुओं को हो रही परेशानी**

**बच्चों से कराई जा रही 20 और 100 के नोट की पहचान**

गणित दक्षता में बच्चों से गिनती, जोड़-घटाव के साथ-साथ 20 रुपये से लेकर 100 रुपये तक के नोटों की पहचान भी कराई जा रही है। इसके जरिए बच्चों की दैनिक जीवन से जुड़ी गणितीय समझ को जांचा जा रहा है। डीएलएड प्रशिक्षुओं के द्वारा आकलन की पूरी प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुसार की जा रही है। आकलन पूरी तरह से निष्पक्ष और सही तरीके से किया जा रहा है।

निपुण आकलन अभियान शुरू हो गया है। इस कार्य के लिए डीएलएड प्रशिक्षुओं को लगाया गया है। देहात क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या आ रही है। इसके लिए कंट्रोल रूम से सर्वे टीम का लगातार सहयोग किया जा रहा है। आकलन निष्पक्ष और सही तरीके से हो रहा है। **- वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

# गांधी ग्राउंड में एकता विकास प्रदर्शनी का किया आरंभ



प्रदर्शनी आरंभ करते पूर्व मंत्री आबिद रजा और नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री आबिद रजा और नगर पालिका परिषद बदायूं की अध्यक्ष फात्मा रजा ने गांधी ग्राउंड में आयोजित एकता विकास प्रदर्शनी और अंडर वाटर फिश टनल का फीता काटकर आरंभ किया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, एकता और विकास की भावना को मजबूत करते हैं। एकता विकास प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं, नवाचारों और सामाजिक संदेश की जानकारी मिलती है। जो समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती है। कार्यक्रम के दौरान गांधी ग्राउंड में मेले जैसा माहौल देखने को मिला। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया।

सभासद मुकेश साहू, मोहित सक्सेना, बब्लू, इकबाल अहमद, ओम प्रकाश, सुनील गुप्ता, बंटी साहू, अहमद हुसैन, शाहरुख अल्वी, अंकित अग्रवाल, रवि सक्सेना, विनोद साहू, अंकित जोशी, सुमित ठाकुर, विशाल साहू, सुरजीत गुप्ता, राजीव साहू, लक्ष्मी साहू, दुर्गेश जोशी, सुषमा साहू, भूदेवी आदि उपस्थित रहे।

# माघ पूर्णिमा के चलते वाहनों के लिए डायवर्ट किया रूट

**बदायूं, अमृत विचार :** माघ पूर्णिमा के अवसर पर 31 जनवरी को कछला स्थित भागीरथी घाट पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। जिसके चलते पुलिस ने वाहनों का रूट डायवर्जन किया है। यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए भारी वाहन ट्रक, ट्राला, डीसीएम, ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि को दूसरे मार्गों से भेजा जाएगा। 31 जनवरी रात 8 बजे से एक फरवरी रात 9 बजे तक रूट परिवर्तित रहेंगे। बदायूं से हाथरस, मथुरा, अलीगढ़, राजस्थान की ओर जाने वाले हल्के व भारी वाहन उझानी बाईपास से मुजरिया, सहसवान, गुन्नौर, बबराला, अलीगढ़ होकर जाएंगे। एटा, कासगंज, आगरा की ओर जाने वाले भारी वाहन नौशेरा से कादरचौक, गंजडुंडवारा होकर गंतव्य को जाएंगे। मुजरिया चौराहे से कोई भी वाहन कछला होकर कासगंज नहीं जाने दिया जाएगा। सहसवान से भी कोई वाहन कछला होकर कासगंज की ओर नहीं जाएगा।




**दसवां/तेरहवीं संस्कार**

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी श्री कृष्ण मुरारी वर्मा जी का स्वर्गवास दिनांक 23.1.2026 दिन शुक्रवार को हो गया है जिनका दसवां संस्कार दिनांक 1.2.2026 दिन रविवार को दोपहर 2 बजे दसवां स्थल लल्ला बाग जगतपुर में होगा तथा तेरहवीं संस्कार दिनांक 2.2.2026 दिन सोमवार को क्षत्रिय धर्मशाला कांकरटोला सुनारों वाली गली, पुराना शहर बरेली में दोपहर 1 बजे तक होगा तदोपरांत ब्रह्मभोज होगा।

**शोकाकुल परिवार :**
अवधेश वर्मा, संदीप वर्मा, अरविन्द वर्मा, सुबेक वर्मा एवं समस्त वर्मा परिवार
मो. 9927365285, 8266078099

## न्यूज ब्रीफ

### कार्यक्रम में शामिल होंगे सांसद आदित्य यादव



बदायूं, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी से बदायूं सांसद आदित्य यादव 31 जनवरी की सुबह 11 बजे नौशेरा स्थित फार्म हाउस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। यह कार्यक्रम स्व. बनवारी सिंह यादव जी की 77 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा है। जिसके बाद सांसद क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और लोगों से मुलाकात करके सुख-दुख में शामिल होंगे।

### अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों ने की बैठक

बदायूं, अमृत विचार : शुक्रवार को मालवीय आवास गृह पर अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों ने बैठक कर आगे की रणनीति बनाई । जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि शासन प्रशासन को अब हम लोगों की बात सुन लेनी चाहिए । क्योंकि हम लोगों ने 1984 से 2001 तक मात्र 200 महीने कार्य किया है । अब उच्च न्यायालय ने आदेश दे दिया है कि अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों के लिए किसी भी विभाग में लगाया जाए । सरकार की उदासीनता के चलते हम लोग भुखमरी के कगार पर हैं। अगर शीघ्र मांग नहीं मानी गईं तो मजबूरन सड़क पर उतरना पड़ेगा । इस मौके पर सुरेश पाल, ओम प्रकाश, चरण सिंह, धर्म सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, विशेष कुमार सक्सेना, श्रीराम मिश्रा, जगपाल सिंह, महावीर, नेक रामचंद्र पाल, हरपाल, राजवीर , रामनिवास, बृजकिशोर, संगीता सक्सेना, वीरेश यादव , सत्य, शकील अहमद, मुकेश पाल सिंह , बबली शर्मा , राकेश यादव, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे ।

### स्कूल में मनाया मातृ-पितृ पूजन दिवस

उसहैत, अमृत विचार : कस्बा के शिवाजी जन शिक्षा निकेतन स्कूल में शुक्रवार को मातृ-पितृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल संचालक और शिक्षकों ने बच्चों को नैतिकता का पाठ पढ़ाया। संचालक प्रमोद यादव बच्चों को माता-पिता का सम्मान करने और उनकी सेवा करने का संकल्प दिलाया। कहा कि मां-बाप की सेवा से प्रत्यक्ष नकद फल मिलता है। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह, कमल चौधरी, प्रदीप पाल, दीपांशु, शैलेश मिश्रा, मुस्कान आदि उपस्थित रहे।

# पानी नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने किया हंगामा

## जल जीवन मिशन के तहत हर गांव में डाली गई पाइप लाइन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- घर-घर पानी पहुंचने को करीब 700 से अधिक ओवरहेड टैंक बने
- गांव गभियाई के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर किया हंगामा

अमृत विचार : जल जीवन मिशन का काम पूरा न होने से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह हंगामा हो रहा है। आरोप है कि पाइप लाइन ठीक करने के बाद भी पानी नहीं दिया जा रहा है।

जल जीवन मिशन के तहत जिले भर में प्रत्येक गांव में पानी की पाइप लाइन डाली गई है। करीब 700 से अधिक ओवरहेड टैंक बनाए गए हैं। ताकि घर-घर तक पानी पहुंचाया जा सके। विकास क्षेत्र जगत के गांव गभियाई के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर हंगामा किया। उन्होंने बताया कि गांव में चार महीने से पाइपलाइन चेक की जा रही है। सब कुछ ठीक होने के बाद भी पानी की सप्लाई नहीं दी जा रही है। साबिर व रईस अहमद ने बताया कि जल जीवन मिशन के कर्मचारी गांव में पाइप लाइन ठीक करने को बार बार आते हैं उनसे सप्लाई देने को कहा जाता है तो वह काम अधूरा बता कर चले जाते हैं ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पेयजल की समस्या बनी हुई है। कुछ लोगों के घरों में समसिर्वल हैं, लेकिन अधिकांश लोग हैंडपंप का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं इसलिए लोग टंकी का पानी चाहते हैं।

ग्रामीणों ने कहा कि ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को भी समस्या से अवगत करा दिया गया है। फिर भी स्थित जस की तस बनी हुई है। उधर, ग्राम कुतरई उदमई की ग्राम पंचायत के लोग भी कुछ दिन पूर्व इसी समस्या को लेकर हंगामा कर चुके हैं। ग्राम सिमरिया में पानी की समस्या बनी हुई है। उक्त गांवों में पानी को लोग तरस रहे हैं। लेकिन जल जीवन मिशन इस ओर से लापरवाह बना बैठा है।

### हैंडपंप से आता है पीला पानी

जिन ग्रामीणों के घरों में हैंडपंप लगे हैं उनमें पीला गंदा पानी आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गंदा पानी पीने से लोगों को कई तरह की बीमारियों का शिकार होना पड़ रहा है। ग्राम उपरैला के लोगों का कहना है कि हैंडपंप के पानी से पेट संबंधी समस्याएं अधिक बढ़ रही हैं। साथ ही लोगों को चर्म रोग की शिकायत हो रही है। इसलिए लोग हैंडपंप के पानी से परेशान हैं। ओवरहेड टैंक का पानी साफ आता है लेकिन बहुत कम गांवों सप्लाई दी जा रही है जिससे अन्य गांवों के लोगों को परेशानी हो रही है।

## लूटपाट के दोषी को 10 साल का कारावास

बदायूं, अमृत विचार : लूट के आरोपी को विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र के न्यायाधीश रिंकू ने दोषी पाते हुए 10 साल के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र निवासी ओंकार सिंह पुत्र अंबा सहाय ने 18 अक्टूबर 2008 को तहरीर में बताया कि वह और उनके भाई रवेंद्र सिंह, दुष्यंत सिंह और परिवार के लोग घर पर सोए थे। रात लगभग ढाई बजे घर में आहट हुई। परिवार के लोग जाग गए। देखा कि 3 लोग बैटरी और साइकिल आदि सामान ले जाने वाले हैं। परिजनों ने शोर मचाया और एक बदमाश को पकड़कर पिटाई लगा दी। एक बदमाश ने रविंद्र सिंह को गोली मार दी। घर से सोने-चांदी की चेन व कुंडल आदि ले गए। उनके अनुसार बदमाश शाहजहांपुर के थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के धारमपुर गौटिया उर्फ पंखा नगला निवासी गवडू उर्फ गबरू, अली, मुमताज अली थे। न्यायालय में गवडू उर्फ गबरू पर लूटपाट के आरोप का मुकदमा चलाया गया। अभियोजन पक्ष से सरकारी अधिवक्ता राजेश बाबू शर्मा और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई गई है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देती आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा के बैनर तले मालवीय आवास गृह पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बैठक कर रणनीति बनाई। मंडल अध्यक्ष मोरश्री गुप्ता ने कहा कि अब आर पार की लड़ाई से ही भला होगा।

जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना ने बताया प्रदेश स्तर पर संयुक्त मोर्चा का गठन किया गया, जिसमें एक साथ पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के लिए ज्ञापन प्रेषित किए जा रहे हैं। यहां भी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपनी मांगों के साथ ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा, जिसमें प्रमुख मांग आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के लिए सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। जनपद में सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं का रुका हुआ मानदेय का तुरंत भुगतान किया जाए। एफआरएस एवं चेहरा प्रमाणीकरण कार्य तब तक रोका जाए जब तक की आंगनबाड़ियों को मोबाइल न मिल जाए।

आंगनबाड़ी के लिए पूरा राशन पंजीकृत लाभार्थियों के हिसाब से आना चाहिए। इस मौके पर निशा सक्सेना, शोभा वर्मा, खजाना देवी, कुमकुम रानी जौहरी, अर्चना सक्सेना, गीता सक्सेना, सुमन लता, रीता यादव, नीरज सक्सेना, वीर बाला आदि बहनें उपस्थित रहीं।

## गंदगी से त्रस्त वार्ड के लोगों ने किया प्रदर्शन

बिल्सी, अमृत विचार : मोहल्ला संख्या पांच एवं वार्ड 23 में लंबे समय से गंदगी की समस्या को लेकर शुक्रवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने सड़क पर नगर पालिका के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और जल्द समस्या के समाधान की मांग की। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि मोहल्ले में नियमित सफाई न होने से चारों ओर गंदगी फैली है, जिससे संक्रामक फैलने की आशंका है। बरसात में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। वार्ड सभासद प्रखर माहेश्वरी ने बताया कि गंदगी की समस्या को लेकर नगर पालिका प्रशासन को कई बार अवगत कराया जा चुका है। स्थानीय निवासियों की ओर से भी बार-बार शिकायत की गई, लेकिन किसी स्तर पर कार्रवाई नहीं की गई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर चंदन कुमार, सचिन तोमर, आकाश बाबू, सुंदर सिंह, अजय कुमार उमेश चंद्र, सूरजपाल, प्रमोद कुमार, विनय कुमार आदि मौजूद रहे।

## यूजीसी पर रोक के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी की समता नियमावली पर रोक लगाने और शिक्षण संस्थानों में जाति, लिंग, धर्म व क्षेत्र आधारित भेदभाव उत्पीड़न व पक्षपात के विरुद्ध कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। आंबेडकर पार्क में सिटी मजिस्ट्रेट को मुख्य न्यायाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा।

सिटी मजिस्ट्रेट के नाम सौंपे ज्ञापन में कांग्रेसियों ने यूजीसी की समता नियमावली पर रोक हटाने और शिक्षण संस्थाओं में जातीय भेदभाव रोकने को रोहित वेमुला एक्ट की तर्ज पर कानून बनाने को निर्देश देने की मांग की। जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय की यात्रा अधूरी है।मोदी सरकार में पिछड़े छात्रों के उत्पीड़न में 108 फीसदी की वृद्धि हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी की समता नियमावली पर रोक लगाकर नाइंसाफी की है। इस मौके पर छोटे लाल गौतम, सतीश कुमार, ओमकार सिंह, जंग बहादुर सिंह, चरन सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

# क्षेत्र में कुष्ठ रोगियों को चिह्नित करने की दिलाई शपथ

संवाददाता, विजय नगला

- ब्लॉक में हुई बैठक में अभियान के संबंध में बीडीओ ने दिए निर्देश

अमृत विचार: शुक्रवार को ब्लॉक में कुष्ठ रोग संबंधी बैठक हुई। जिसमें उपस्थित पंचायत सहायक, रोजगार सेवक व प्रधानों को सहायक खंड विकास अधिकारी ने कुष्ठ रोग अभियान के तहत रोगियों को चिह्नित करने की शपथ दिलाई।

बैठक के दौरान सहायक खंड विकास अधिकारी ने लोगों को बताया कि सरकार के द्वारा कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों को चिन्हित कर उनका इलाज किया जा रहा है। कुष्ठ रोग कोई पुरानी बीमारी या छुआछूत की बीमारी नहीं है, इसका इलाज संभव है।

प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में एडीओ ने ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक से सहयोग करने की अपील की। कहा कि कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति को चिन्हित कर उपचार के लिए जिला अस्पताल या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराएं। इसके बाद उनके द्वारा कुष्ठ रोग को जड़ से खत्म करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार, सहायक खंड विकास अधिकारी शिवकुमार, रोजगार सेवक अनमोल, दर्जनों ग्राम प्रधान रोजगार सेवक मौजूद रहे।



कुष्ठ रोग खत्म करने के लिए कर्मचारियों को शपथ दिलाते एडीओ। ● अमृत विचार

### कुष्ठ उन्मूलन की दिलाई शपथ, डीएम का पढ़ा संदेश

उझानी, अमृत विचार : स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम में जिलाधिकारी का संदेश पढ़ कर सुनाया गया। जिसमें कहा गया कि जिला प्रशासन विकसित भारत अभियान के अवसर पर यह घोषणा करता हैं कि जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है। कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिले में उपलब्ध सभी संस्थाओं को उपयोग करेंगे। इसके साथ कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नहीं करेंगे। और ना ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्ति को उनके परिवार के सदस्य के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करने देंगे। व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुड़े कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए अपना पूर्ण योगदान देंगे। सभी कलंक एवं भेदभाव खत्म करने की प्रतिज्ञा ली गई। सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक सर्वेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य पर शपथ ग्रहण की की। कोई भी कुष्ठ रोगियों से भेदभाव नहीं करेगा और कुष्ठ रोगियों को खत्म करने में अधिक सहयोग करेंगे।



कुष्ठ उन्मूलन की शपथ लेते लोग। ● अमृत विचार

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुन भाव विभोर हुए भक्त



श्रीमद् भागवत कथा सुनतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, ओरछी

अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम सिसरका स्थित शिव मंदिर के समीप आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास आचार्य महेंद्र पाठक ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का मनमोहक वर्णन करते हुए कलयुग की विडंबनाओं पर कड़ा प्रहार किया।

आचार्य ने समाज की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का मनुष्य स्वार्थ की भेंट चढ़ गया है। उन्होंने कहा, आज अगर किसी को भैंस दान में दी जाए तो वह तत्काल स्वीकार कर लेता है, लेकिन जब गाय दान की बात आती है तो वह हिचकिचाने लगता है। यही कलयुग का असली प्रभाव है।

उन्होंने नंद बाबा का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होंने कृष्ण जन्म के उल्लास में दो लाख गायों का दान किया था, जो निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है कथा के दौरान भगवान द्वारा पूतना वध, माखन चोरी, कालिया नाग मर्दन और चीर हरण के प्रसंग सुनाए गए। इस मौके पर अनोखे लाल शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, पप्पू सिंह, रतन सिंह, भुवनेश सिंह, विकास श्रीवास्तव, ओमकार सिंह रावत, राजवीर सिंह, वीरपाल सिंह, सुमित सिंह, और चंद्र प्रकाश उर्फ चीकू मिश्रा शामिल रहे।

# हिंदू समाज के संगठित होने पर दिया जोर

संवाददाता, उघैती

- खितौरा में विराट हिंदू सम्मेलन का किया आयोजन

अमृत विचार : क्षेत्र के प्राचीन देवी मंदिर खितौरा के प्रांगण में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि दिव्यानंद योगीराज ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर भारत को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करना था।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मयंक राज ने कहा कि आज हिंदू समाज आपस में बंटा हुआ है। मानव कल्याण के लिए हिंदू समाज को एकजुट रहना आवश्यक है। उन्होंने सनातन संस्कृति के महत्व पर कहा हमें अपनी शिखा, जनेऊ और सनातन परंपराओं को नहीं भूलना चाहिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत में जन्म लेना सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम में ममता महेश्वरी ने भी अपने वक्तव्य से लोगों को प्रभावित किया। सम्मेलन का समापन हिंदुत्व मानवता और विश्व कल्याण पर आधारित एक सनातन विचारधारा के साथ हुआ। कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर पर शरद कुमार, आरडी शर्मा, संतोष सिंह, बलभद्र सिंह, दलवीर सिंह, भुवनेश गुप्ता, सचिन भारद्वाज, मयंक गुप्ता, तेजेंद्र सोलंकी, योगेश गोरी गिरी, सतेंद्र सिंह, कमल गुप्ता, राम खिलाड़ी सिंह, अंकुश सिंह, हर्षित गुप्ता, चिराग गुप्ता, अंकित दीक्षित, गौरव मदन लाल यादव, नवल किशोर, यश भारद्वाज, अक्षत भारद्वाज, गौरव भारद्वाज, नितिन प्रताप लोकेश पाल, सुनील राणा और अमन कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्षता नत्थू लाल शर्मा और संचालन भुवनेश गुप्ता ने किया।



हिंदू सम्मेलन में मंच पर मौजूद अतिथिगण। ● अमृत विचार

## मॉडल दुकान के लिए जमीन चिह्नित, ग्रामीणों का विरोध

संवाददाता, विजय नगला

अमृत विचार : ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायत पत्र देकर बताया कि लेखपाल ने होलिका दहन की जगह पर मॉडल राशन दुकान का प्रस्ताव कर दिया है। एसडीएम ने मामले की जांच करने का निर्देश दिया है।

तहसील सदर क्षेत्र के गांव रिजोली के चोब सिंह, शनि यादव, राम बहादुर, भगवान दास, झामलाल, सत्यवीर, योगराज, माखनलाल, सेवाराम, ओम सिंह, ब्रह्मानं, राजवीर, नरेंद्र, भारत सिंह आदि लोग ट्रैक्टर ट्राली में भरकर शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे। शिकायत पत्र देकर बताया कि गांव में सरकारी राशन की दुकान बनने के लिए सरकार ने मंजूरी दी।

लेखपाल ने मॉडल दुकान बनाने के लिए जमीन चिन्हित कर दी। बुधवार को ठेकेदार मॉडल दुकान बनवाने के लिए पहुंच गया। चिन्हित की गई जमीन पर नींव खुदवाने लगा। आरोप लगाया कि लेखपाल ने प्रधान से मिलीभगत होलिका दहन की जमीन नाप दी है। वहीं दुकान बनवाई जानी है। जिससे होलिका दहन के लिए जगह नहीं बच पाएगी। एसडीएम ने ग्रामीणों को शांत कराया। मामले की जांच को निर्देशित करते हुए कार्य रुकवाने को कहा। एसडीएम सदर मोहित कुमार ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



तहसील सदर मौजूद रिजोली के ग्रामीण।

## यज्ञ पुरुष भगवान की परिक्रमा की

करियामई, अमृत विचार : बिकास खंड इस्लामनगर क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर स्थित शिव मंदिर पर चल रहे पांच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शुक्रवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ पुरुष भगवान की परिक्रमा कर लाभ अर्जित किया। यज्ञाचार्य कैलाश उपाध्याय वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सभी यजमानों को आहुतियों के दौरान भक्त यज्ञ पुरुष भगवान की परिक्रमा करते हुए बच्चे, पुरुष महिला, बुजुर्ग बच्चे ओम नमो भगवते वासुदेवाय नमः का जाप करते हुए परिक्रमा कर रहे थे तो वहां का वातावरण भक्ति मय दिखाई दिया। बाबा पागल प्रकाशानंद महाराज ने बताया कि शाम को 7 से रात्रि 12 बजे तक वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रासलीला का आयोजन किया जा रहा है। यजमान संतोष यादव, ध्रुव सिंह, डोरी लाल शर्मा, प्रकाशानंद सहित समस्त यजमान एबं सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।


**आवश्यकता है**

**अनुभवी व्यक्तियों की**

- आयुष्मान मित्र
- पी.आर.ओ. (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर)
- कंप्यूटर ऑपरेटर
- सिक्यूरिटी गार्ड
- कुक (रसोइया)/कुक हेल्पर

वेतन योग्यतानुसार

सम्पर्क करें

एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक

वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल

एन.एच.-30 बन्थरा, शाहजहाँपुर

समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक

मो. 7521001986


### प्रधान ने गरीब महिलाओं व बुजुर्गों को बांटे ऊनी वस्त्र

बिल्सी, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम बांस बरौलिया गांव में ग्राम प्रधान अर्चना तोमर द्वारा सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की गई। ग्राम प्रधान ने गांव की करीब 51 गरीब महिलाओं एवं 25 बुजुर्गों को ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से ऊनी वस्त्रों का वितरण किया। ऊनी वस्त्र पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे, उन्होंने ग्राम प्रधान के इस प्रयास की सराहना की। प्रधान अर्चना तोमर ने कहा कि गरीब, असहाय और बुजुर्गों की सेवा करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर ओमकार सिंह तोमर, नरेंद्र कुमार सिंह, टीटू, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### बड़े बकायेदारों के खिलाफ चला अभियान

सहसवान, अमृत विचार : विद्युत विभाग टीम ने उच्च अधिकारियों के आदेश पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में अभियान चला कर एक लाख रुपए से अधिक के बकायेदार उपभोक्ताओं की लाइन काट दी। उनके मीटर भी उतार लिए जिसके जगह-जगह कैंप भी लगाए गए ओर प्रचार प्रसार भी कराया गया, उक्त योजना की लगातार जानकारी दी जा रही है। जिन उपभोक्ताओं की लाइन काटी गई और मीटर उखाड़े गए उन उपभोक्ताओं को पूर्व में मोबाइल द्वारा सूचना भी दी गई। विद्युत विभाग टीम ने गुरुवार को मीटर उखाड़ो अभियान चलाया जिससे उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा रहा। इस बावत उपखंड अधिकारी विपिन कुमार गुप्ता ने बताया यह अभियान जारी रहेगा। अभियान में उपखंड अधिकारी विपिन कुमार गुप्ता, अवर अभियंता हरिशंकर सागर मल निठारवाल, टी जी टू सुनील बाबू, आजिम हुसैन, फैजान उद्दीन, मुबारिक अली, शिवेंद्र पाल सिंह, अमित कुमार, चांद मियां आदि मौजूद रहे।



### स्टेट रिव्यू मिशन टीम ने सीएचसी म्याऊ का किया निरीक्षण

म्याऊ, अमृत विचार : स्टेट रिव्यू मिशन की टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र म्याऊं की सभी चिकित्सा इकाइयों का निरीक्षण किया था जिसमें कुछ कमियां पाई गई थीं। टीम ने इन कमियों को दूर करने को एक महीने का समय दिया था। इसके बाद शुक्रवार को एस आर एम की जनपद स्तरीय टीम ने पुनः प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र म्याऊं, आयुष्मान आरोग्य मंदिर ईश्वरी नगला, और आयुष्मान आरोग्य मंदिर बिलहरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सब कुछ ठीक पाया गया। निरीक्षण के दौरान, टीम ने स्वास्थ्य सुविधाओं का आकलन किया कुछ कमियों के सुधार को सुझाव दिए गए। टीम ने स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की भी जांच की। एमओआईसी पवन कुमार ने बताया पिछले दिनों स्टेट रिव्यू मिशन की टीम द्वारा जनपद की सभी चिकित्सा इकाइयों का निरीक्षण किया गया था जिसमें जो कमियां निकली उसको पूर्ण करा दिया गया जिसके बाद शुक्रवार फिर जनपद स्तर की टीम द्वारा दोबारा निरीक्षण किया गया जिसमें कार्य संतोषजनक पाया गया।



### बनेई में सरकारी ट्यूबवेल की गूल में फंसी नीलगाय

कुंवर गांव, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव बनेई में पूर्व दिशा में सरकारी ट्यूबवेल की गूल में शुक्रवार सुबह एक नीलगाय फंस गई। स्थानीय लोगों ने गूल में फंसी नीलगाय को निकालने के लिए अभियान चलाया। वन कर्मियों ने सावधानीपूर्वक गूल को खोलकर नीलगाय को सुरक्षित बाहर निकाला। इस प्रक्रिया में नीलगाय को किसी प्रकार की चोट नहीं आई और वह स्वस्थ है। वन विभाग अधिकारियों ने बताया कि नीलगाय अक्सर खेतों और आसपास के क्षेत्रों में घूमती रहती हैं और कभी-कभी ऐसी घटनाओं की शिकार हो जाती हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर ऐसी कोई घटना दिखे तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।वन विभाग की टीम में वन दरोगा आदित्य गंगवार ,अनूप वर्मा, धनपाल दैनिक श्रमिक, उमेश दैनिक, रावेंद्र दैनिक शामिल रहे।




### यूजीसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

बदायूं, अमृत विचार : यूजीसी के विरोध में शिव तांडव सनातन कल्याण संस्थान के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को मालवीय आवास गृह पर शिव तांडव सनातन कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक राहुल त्रिवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान संगठन संस्थापक ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानून पर रोक लगाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद दिया। तथा कानून को वापस लिया जाने की मांग की। इस मौके पर चेतन भारद्वाज, अभय सारस्वत, ओम शर्मा, सोनू, पूरन सिंह, मनोज शर्मा, अंशु सारस्वत आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**कादरचौक, अमृत विचार** : कादरचौक थाना क्षेत्र गांव निधानपुरा निवासी रामसेवक अपनी पत्नी धर्मवती के साथ ससुराल अलीगंज से वापस बाइक से लौट रहे थे। उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव तेहरा के पास खेल रहे युवको की फुटबॉल सड़क पर आ गई। जिससे बचने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित हो गई। धर्मवती सड़क पर जा गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल को एम्बुलेंस से ले जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है।

### पुनरीक्षण के लिए लगाया शिविर

**बदायूं, अमृत विचार** : गहन विशेष गहन पुनरीक्षण का काम जोरों पर है। जिन लोगों को नोटिस प्राप्त हुए हैं उनको नोटिस का जवाब देने के लिए मतदान स्थलों पर सरकारी कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। 31 जनवरी और 1 फरवरी को सरकार ने सभी बीएलओ को बूथ पर रहकर नए वोट बनवाने और संशोधन करवाने के लिए फॉर्म जमा कराने का निर्देश है। समाजसेवी फखरे अहमद शोबी ने एक नई पहल की है। सहायता शिविर लगाया है। जहां लोगों के पास 2026 की ड्राफ्ट लिस्ट मौजूद है। लोग अपने और परिवार के नाम देख सकते हैं। इसके अलावा फॉर्म नंबर 6 और फॉर्म नंबर 8 भी यहां उपलब्ध है। कैंप में लो फार्म भरवा सकते हैं और फिर बीएलओ के पास जमा करें। समाजसेवी ने कहा कि बीएलओ अपने बूथों पर बैठेंगे। सभी की जिम्मेदारी है कि वह बूथ पर जाकर अपना वोट बनवाएं।

### लोकतांत्रिक मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : विश्व परिवर्तन मिशन के पदाधिकारियों ने वोटरों के वोटरशिप अधिकार व अन्य लोकतांत्रिक मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। मिशन के प्रवक्ता भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 2011 के बाद से अब तक वोटरशिप कानून लागू करने व राज व्यवस्था में सुधार के लिए लाखों वोटर मांग कर रहे हैं। हमारी मांग है कि सरकारी नौकरी पाने के अधिकार को मूल अधिकार बनाया जाए। शिक्षकों और स्नातकों की तरह अधिवक्ताओं को भी एमएलसी बनाने का अधिकार मिले और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। ज्ञापन देने वालों में रामदास, रामनिवास, शिव सागर, राम अवतार, अनिल कुमार, राम कामिनी, मुन्नी देवी, राजेन्द्र, रामवती, विनोद कुमार, रामकली आदि थे। सीपीआई के राम शंकर लाल ने आंदोलन को अपना समर्थन दिया।

# दातागंज के अवैध अस्पताल में गर्भवती की मौत पर हंगामा

## बेहतर इलाज को कराया था भर्ती, डाक्टर के खिलाफ दी तहरीर

संवाददाता, दातागंज



अस्पताल में हंगामा करते परिजन। ● अमृत विचार

- कई सालों से चल रहा है अवैध अस्पताल, स्वास्थ्य विभाग मौन

**अमृत विचार**: नगर में संचालित अवैध रूप से निजी अस्पताल में एक चार माह की गर्भवती महिला की डॉक्टर द्वारा इलाज में बरती गई लापरवाही के चलते मौत हो गई । सूचना पर पहुंचे गांव वालों और परिजनों ने अस्पताल में हंगामा काटा। वह डॉक्टर और स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगा रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा कर शांत किया। और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं परिजनों ने डॉक्टर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

गांव कनकपुर निवासी अजयपाल पुत्र कृष्ण पाल की पत्नी कुसुमा चार माह की गर्भवती थी। रक्त स्त्राव के चलते वह उसे बीती रात मंगलवार बाजार के पीछे चल रहे सिटी अस्पताल में परिजन उपचार को ले गए। अस्पताल में डॉक्टर जोहरा फात्मा ने मरीज पूरी तरह से स्वस्थ करने की गारंटी देते हुए भर्ती कर लिया। परिजनों का आरोप कि मरीज को भर्ती करने के दौरान उनसे 7500 रुपये जमा करा लिए गए। परिजनों ने बताया कि अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी। वह दूसरे अस्पताल में ले जाने के लिए स्टाफ से कहते रहे लेकिन अस्पताल स्टाफ ने मरीज को नहीं ले जाने दिया। बल्कि मेन गेट में ताला डाल दिया। जिसके बाद तड़पते हुए महिला ने सुबह पांच बजे करीब दम तोड़ दिया। मौत की खबर लगते ही परिजन गांव के अन्य लोगों के साथ अस्पताल पहुंच गए । उन्होंने डॉक्टर की लापरवाही के चलते मौत होने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटना शुरू कर दिया। महिला की मौत होने के बाद अस्पताल का स्टाफ भाग गया । सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया । मृतक के पति अजय पाल ने कोतवाल को महिला डॉक्टर के नाम से रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही को लेकर तहरीर दी है ।

## सैदापुर में ब्रह्मदेव बाबा का 10वां भंडारा आज

**निगोहां, अमृत विचार** : क्षेत्र के सैदापुर गांव में स्थित प्राचीन ब्रह्मदेव बाबा देव स्थल पर शनिवार को दसवें विशाल भंडारे एवं कीर्तन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करेंगे और ब्रह्मदेव बाबा के दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

आयोजक अनुपम मिश्रा एवं विनीत मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धार्मिक विधि-विधान के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ एवं हवन-पूजन से की जाएगी। इसके पश्चात कन्याओं को प्रसाद खिलाकर भंडारे का शुभारंभ होगा, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई है। भंडारे के साथ-साथ संकीर्तन का भी आयोजन किया गया है, जिसमें भजन-कीर्तन के माध्यम से पूरा वातावरण भक्तिमय रहेगा। आयोजन को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान के तहत स्वास्थ्यकर्मियों को दिलाई शपथ



कुष्ठ मुक्त समाज बनाने की शपथ लेते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

- बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित मरीजों, तीमारदारों और स्वास्थ्य कर्मियों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया गया, तथा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने सभी को कुष्ठ मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई। चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से उपचार योग्य है और समय पर पहचान व इलाज से इसे जड़ से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि त्वचा पर चमकदार या सुन्न धब्बे, हाथ-पैरों में झनझनाहट, चेहरे, भौंहों या कानों में सूजन जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य समाज में कुष्ठ रोग को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना तथा मरीजों के प्रति भेदभाव समाप्त करना है। बताया गया कि कुष्ठ रोग की जांच एवं संपूर्ण उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क उपलब्ध है। अंत में लोगों ने कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों के साथ भेदभाव न करने और उन्हें समय पर उपचार के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस मौके पर डॉ सैफीन खान, सुनील शर्मा, सत्येंद्र यादव, अमन उपाध्याय, डॉ. अपूर्व राणा, शशिवाला, साधना, भुवनेश कुमार, रेहान खान, सरवर अली, राजकुमार मौर्य, प्रेमवीर, दुर्गेश कुमार, हरिओम आदि मौजूद रहे।

# साइबर ठगी के पीड़ित को वापस कराए रुपये



साइबर ठगी के पीड़ित को रुपये वापस करते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : पुलिस के लगातार जागरूक करने के बाद भी लोग सावधानी से चूक रहे हैं और रुपये गवां रहे हैं। वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव नवादा निवासी दीपक सिंह पुत्र राजवीर सिंह भी साइबर ठगी का शिकार बने। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। बताया कि 18 नवंबर को उनके साथ 82 हजार 222 रुपये की ठगी हुई है। साइबर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने बैंक में उनकी धनराशि होल्ड कराई। शुक्रवार को एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने दीपक को उनके रुपये वापस कराए। साइबर टीम के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार, साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि लोन व गेम ऐप के मकड़जाल से बचें। रुपयों के लालच में किसी को भी अपना एकाउंड व सिम कार्ड न दें। जरा सी असावधानी से खाता खाली हो सकता है।

# 24 घंटे के लिए बंद हुई चीनी मिल

कार्यालय संवाददाता,बदायूं

- शेखूपुर चीनी मिल प्रबंधन ने गन्ना पेराई बंद कर वायलर किया साफ



चीनी मिल पर खड़े गन्ना लदे वाहन।

**अमृत विचार** : शेखूपुर चीनी मिल में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे गन्ना पेराई बंद कर मिल की साफ सफाई की गई। मिल प्रबंधन ने 24 घंटे को मिल बंद रखने की बात कही थी। 31 जनवरी को दोपहर को मिल में गन्ना पेराई शुरू करा दी जाएगी।

सहकारी चीनी मिल शेखूपुर इस बार लगातार चल रही है। कुद कारणों से दो बार मिल में गन्ना पेराई बाधित हुई लेकिन मिल प्रबंधन की तत्परता के चलते मिल को चालू कर दिया गया। उसके बाद मिल की साफ सफाई कराने को शुक्रवार को दोपहर से मिल में गन्ना पेराई रोक दी गई। मिल प्रबंधन ने मिल परिसर की व मशीन की सफाई की। वायलर को साफ किया गया जिससे पेराई बीच में बाधित न हो। जूस के टैंक को खाली कर उसे साफ किया गया। इससे जूस की गुणवत्ता बेहतर रहे। मिल प्रबंधन के अनुसार मिल की सफाई के लिए जिला प्रशासन से भी अनुमति ली गई है और बताया गया है कि 24 घंटे तक मिल की सफाई की जाएगी उसके बाद मिल में गन्ना पेराई शुरू कर दी जाएगी।

मिल की जीएम मणि अरोड़ा ने बताया कि 24 घंटे के लिए मिल में गन्ना पेराई रोकी गई है। इस अवधि में मिल की मशीनों और टैंक को ठीक किया जाएगा।

**बिचौलियों को न बेचे गन्ना, जल्द मिलेगी दूसरी चीनी मिल**

बिसौली चीनी मिल 27 जनवरी को गन्ने के अभाव में बंद हो गई। बिसौली चीनी मिल के तमाम किसानों का गन्ना अभी भी खेतों में खड़ा है। ऐसे में किसान परेशान हैं। किसान अपना गन्ना औने पौने दामों पर या बिचौलियों को न बेचे इसके लिए गन्ना विभाग ने कार्यवाही शुरू कर दी है। गन्ना विभाग ने एक प्रस्ताव शासन को भेजा है जिसमें कहा गया है कि जिन किसानों का गन्ना अभी शेष रह गया है वह किसान अपना गन्ना दूसरी चीनी मिल को बेंच दें इसलिए चीनी मिल का प्रस्ताव स्वीकार करते हुए गन्ना किसानों को मिल मुहैया कराई जाए। जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने शुक्रवार को बताया कि गन्ना विभाग किसानों का अवशेष गन्ना सरकारी दर पर ही बिकवाएगा।

# आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में लगा स्वास्थ्य शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 580 से अधिक मरीजों का नि :शुल्क पंजीकरण, 60 का किया ऑपरेशन

**अमृत विचार**: श्री सतन पाल सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, मिर्जापुर-शाहजहांपुर की ओर से विशाल आरोग्य संकल्प स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर के दौरान 580 से अधिक मरीजों का निःशुल्क पंजीकरण किया गया। मरीजों की विभिन्न प्रकार की जांच कराई गई और आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। जांच के उपरांत 60 मरीजों को चिन्हित कर उनका ऑपरेशन निःशुल्क किया गया, जिससे जरूरतमंद मरीजों को बड़ी राहत मिली। शिविर में चेयरमैन डॉ. नीलेश यादव, प्रिंसिपल डॉ. हनी एसआर प्रसाद की उपस्थिति में कई अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। इनमें डॉ. शुभम, डॉ. संजय यादव, डॉ. अभिषेक शुक्ला, डॉ. सुनीता पाटिल, डॉ. दीपक यादव आदि शामिल रहे। चिकित्सकों ने जनरल फिजिशियन, ईएनटी, दंत रोग, स्त्री रोग, त्वचा रोग, बाल रोग और उदर रोग से संबंधित परामर्श दिया। आयोजन का उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और निःशुल्क उपचार के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को राहत पहुंचाना रहा। शिविर में मरीजों की भारी भीड़ रही और स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की गई।

# शाहजहांपुर ब्लू टीम विजयी संध्या बनीं मैन आफ द मैच

संवाददाता शाहजहांपुर

- महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर हुआ शहीद कप क्रिकेट महिला टूर्नामेंट

**अमृत विचार** : शाह क्लब क्रिकेट ग्राउंड पर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से शहीद कप क्रिकेट महिला टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य आनंद पाठक ने किया।

टॉस जीतकर शाहजहांपुर रेड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 135 रन बनाए। कप्तान शबनम ने 23 रन, आयुषी ने 20 रन, अंशिका ने 18 रन बनाए। शाहजहांपुर ब्लू की ओर से रितिका खन्ना ने दो विकेट तथा कप्तान वसुंधरा ने एक विकेट लिया। दूसरी पारी में शाहजहांपुर ब्लू ने 19 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। संध्या ने 59 रन बनाए, आराध्या ने 25 रन तथा एंजेल मिश्रा ने 16 रन बनाए। शाहजहांपुर रेड की ओर से सूफिया ने दो विकेट तथा आयुषी ने एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच संध्या रही। मैच के अंपायर सनी सिंह तथा मयंक कुमार रहे। शाहजहांपुर कोऑर्डिनेटर मनोज यादव ने बताया कि शनिवार को शाहजहांपुर ब्लू तथा शाहजहांपुर ग्रीन के मध्य शाह क्लब में 12 बजे से मैच खेला जाएगा। इस मौके पर सौरभ मलिंगा, अभय सिंह गुर्जर, गगन खन्ना, पंकज छापू, मयंक शर्मा, शिखर दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# पुण्यतिथि पर गांधी जी को किया याद



बापू को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : शुक्रवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुन्नालाल सागर की अध्यक्षता में गांधी ग्राउंड में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष 2 मिनट का मौन धारण कर कांग्रेस ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा के बाद मनरेगा कोऑर्डिनेटर सुनीता सिंह के नेतृत्व में मनरेगा योजना से बापू महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में कांग्रेस ने सायं 4 बजे तक महात्मा गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना दिया।

पूर्व जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लाई गई मनरेगा योजना से बापू महात्मा गांधी का नाम हटाना उनका अपमान तो है ही है साथ ही देश के करोड़ों बापू के अनुयायियों का अपमान है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर उपाध्यक्ष प्रवक्ता सुरेश राठौर ने बापू को नमन करते हुए कहा कि आज हम देश में जो स्वतंत्रता की सांस ले रहे हैं वह केवल बापू की ही मनरेगा कोऑर्डिनेटर सुनीता सिंह एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक सिंह ने कहा कि मनरेगा से बापू गांधी के नाम हटाने के साथ-साथ जो इसका प्रारूप बदल गया है उससे गरीब मजदूर का हक छीना जा रहा है। नरेश पाल शर्मा, योगेंद्र,अकील अहमद, आयशा ने भी महात्मा गांधी को याद करते हुए उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस मौके पर बन्ने खां, सोनपाल वर्मा, राम प्रकाश नरेंद्र कुमार,पप्पू फारुकी, शराफत हुसैन, हसन खान, नरेश पाल, महेंद्र सिंह, नेत्रपाल आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वाहनों की भिड़ंत में पिकअप चालक की मौत, दूसरा घायल

संवाददाता, वजीरगंज

- वजीरगंज-बगरैन मार्ग पर गांव सरोरिया के पास हुआ था हादसा
- राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा शव

**अमृत विचार** : वजीरगंज थाना क्षेत्र के सैदपुर-बगरैन मार्ग पर दुग्ध वाहन और पिकअप की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में पिकअप चालक की मौत हो गई और दुग्ध वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव कुर्बी निवासी विनोद (30) पुत्र बलवीर अपने खुद के वाहन से जगह-जगह जाकर दूध खरीदकर बेचने का काम करते थे। शुक्रवार सुबह उन्होंने गांव से दूध खरीदा और बगरैन लेकर जा रहे थे। बगरैन मार्ग पर बगरैन की ओर से आई मुर्गे लदी पिकअप आई। गांव सरोरिया के पास दोनों वाहनों की भिड़ंत हो गई। हादसे में विनोद की मौत हो गई। दूसरे वाहन चालक गांव बगरैन निवासी अकबर पुत्र मस्सू गाड़ी में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने गाड़ी को काटकर अकबर को बाहर निकाला। इलाज के लिए अस्पताल भेजा। मृतक के परिजनों में चीत्कार मचा है। वजीरगंज के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में एक चालक की मौत हुई थी। दूसरे चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पुलिस ने शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार

**बिल्सी, अमृत विचार** : एसएसपी डॉ. के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बिल्सी पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने वाले एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बिल्सी कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना पर बदायूं के दातागंज तिराहे के पास चाय की दुकान से अभियुक्त गांव खेड़ा नवादा निवासी कासिम पुत्र बुध्दू को पकड़ा। उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार उसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। विभिन्न थानों में गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। कार्रवाई में बिल्सी और इस्लामनगर पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

# 47 वें दिन भी जारी रही आशाओं की हड़ताल



हड़ताल पर नारेबाजी करतीं आशा बहनें। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : प्रांतीय आवाहन पर हड़ताल पर बैठी आशा कर्मियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को स्वीकार नहीं कर लिया जाता तब तक वह हड़ताल पर बैठी रहेंगी।

शुक्रवार को 47 वें दिन भी जारी हड़ताली आशा कर्मियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि अब आर पार की लड़ाई होगी। सरकार अपनी मनमानी कर रही है। आशा कर्मियों की समस्याओं को नहीं देख रही है। अब हम लोग पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर सुनीति, अलका, राजेश्वरी, विनीता, ऊषा, किरण, निर्मला सीमा, सरिता, रेखा,प्रतिमा बेसाबती,, गिरिजा, नन्हीं देवी, रूपा, भावना ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## करंट लगने से महिला की मौत

**कादरचौक, अमृत विचार** : कादरचौक थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला को करंट लग गया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मच गया।

गांव जिन्सी नगला निवासी जलधारा (50) पत्नी नरेश पाल शुक्रवार सुबह अपने घर पर हैंडपंप से बर्तन धो रही थीं। हैंडपंप के पास बिजली की मोटर लगी थी। इसी दौरान मोटर के तार में करंट आ गया। जलधारा तार के संपर्क में आग गईं और बुरी तरह से झुलस गईं। परिजन दौड़कर पहुंचे। बिजली का तार काटा। महिला को सीएचसी ले जाया गया। राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां देर रात महिला ने दम तोड़ दिया।



मृतका जलधारा।

# घने कोहरे के बीच हुई लोगों की सुबह दृष्यता कम रहने से यातायात प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ठंड और कोहरे के बीच कांपते हुए स्कूल पहुंचे बच्चे, लोगों की दिनचर्या बिगड़ी

**अमृत विचार**: जिले में लगातार दूसरे दिन भी घना कोहरा छाया रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्यता 30 से 40 मीटर तक सीमित रही, जबकि शहर में करीब 100 मीटर रही। हाईवे पर वाहन धीमी गति से चलते नजर आए। न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे ठंड का असर बढ़ गया। बच्चे ठंड में कांपते हुए स्कूल पहुंचे। लोगों की दिनचर्या प्रभावित रही। हालांकि दोपहर बाद धूप निकलने पर लोगों को ठंड से राहत मिलती।

बारिश के बाद से मौसम बदला हुआ है। शीतलहर चल रही है। जिससे लोग कांप उठे हैं। गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी लोगों की सुबह घने कोहरे के बीच हुई। कोहरा होने की वजह से रोड पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई। कामकाजी लोग देर से अपनी ऑफिस पहुंचे। वहीं बच्चे भी कांपते हुए स्कूल पहुंचे। सुबह के समय कामकाजी लोगों के अलावा अन्य कोई नजर नहीं आ रहा था। सड़कों पर सन्नाटे वाली स्थिति बनी हुई थी। करीब दस बजे के बाद कोहरा हटा। दोपहर बाद धूप निकल आई। धूप निकलने पर लोगों को ठंड से राहत मिली। मौसम में बने उतार चढ़ाव को लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्रों पर पड़ रहा है, जिससे तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। अगले दो दिनों बाद मौसम एक बार फिर बदल सकता है। एक और दो फरवरी को बारिश होने की संभावना है। बारिश के दौरान ठंड बढ़ सकती है। छह फरवरी के बाद मौसम में सुधार देखने को मिलेगा। कृषि विभाग के मुताबिक शुक्रवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Sham Sul Jama S/o Mohd Sher Khan था जिसे बदलकर अब मैंने Sham Shul Jama Khan S/o Mohd Sher Khan रख लिया है। भविष्य में मुझे नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **शमशुल जमा खाँ पुत्र मु. शेर खां निवासी ग्राम दियोरारा पोस्ट जगत थाना अलापुर तहसील दातागंज जिला बदायूँ।**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मकान के ताले तोड़ कर लाखों की चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेम नगर क्षेत्र में चोरों ने बंद मकान के ताले तोड़ कर लाखों की कीमत के जेवर व अन्य सामान चुरा लिया। परिवार घर लौटा तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रेमनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला एकता नगर निवासी संदीप शुक्ला ने बताया कि 23 जनवरी को वह परिवार के साथ लखनऊ बहादुर खेड़ा पैतृक गांव गए थे। 27 जनवरी को घर लौटे तो बाहर ताला लगा था, लेकिन अंदर चैनल खुला था। वहां का ताला गायब था। ऊपर कमरे का दरवाजा खुला था। अलमारी में रखे एक लाख रुपये, सोने के एक जोड़ी कंगन, चेन, दो जोड़ी कान के झुमके, एक जोड़ी पाजेब, चांदी की चम्मच, कटोरी समेत अन्य सामान गायब था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन ऑफ डिजीज कार्यशाला हुई

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीएचआई टीम ने श्रीराम मूर्ति मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन ऑफ डिजीज (आईसीडी-11) की कार्यशाला में भी प्रतिभाग किया। जिसमें बताया कि संचारी एवं गैर-संचारी रोग, स्वास्थ्य समस्याओं तथा मृत्यु के कारणों को एक समान भाषा एवं कोड में दर्ज किया जाता है। इससे रोगों के नाम, कारण, लक्षण एवं मृत्यु के कारणों का डेटा एकरूप, स्पष्ट एवं तुलनात्मक बनता है। मंडलीय सर्विलांस अधिकारी डॉ. अखिलेश्वर सिंह, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन, जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र सिंह, एडीएसआईसी जिला अस्पताल डॉ. अजय मोहन अग्रवाल, मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक, रेजिडेंट चिकित्सक, जनपद की विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

# 20 करोड़ रुपये के जीएसटी फ्राड का मास्टरमाइंड गाजियाबाद से दबोचा

## मेरठ का रहने वाला है आरोपी योगेश शर्मा, गिरोह की एक सदस्य पहले ही जा चुकी जेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली/बिथरी चैनपुर

- खाली ट्रकों और नकली कागजों से राजस्व में करोड़ों की चपत लगाता है गिरोह
- बरेली की फर्जी फर्म श्री श्याम ट्रेडर्स से 14 करोड़ का पहुंचाया था राजस्व घाटा

**अमृत विचारः** क्राइम ब्रांच और बिथरी चैनपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने फर्जी फर्म और कूटरचित दस्तावेज के सहारे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व की चपत लगाने वाले गिरोह के मुख्य साजिशकर्ता मेरठ के योगेश शर्मा को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। योगेश पर लगभग 20 करोड़ रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का फर्जी दावा करने का आरोप है। जांच में पता चला है कि गिरोह खाली ट्रकों और नकली कागजों के सहारे माल की सप्लाई दिखाता था, लेकिन वास्तविक लेनदेन कहीं नहीं होता था।

पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी योगेश मेरठ के ग्राम छजुपुरा का रहने वाला है। जांच में सामने आया है योगेश ने अपने साथियों मनीष अग्रवाल, गौरव अग्रवाल (निवासी बरेली), अपर्णा अग्रवाल और आदी उर्फ युगांश बिसारिया के साथ मिलकर बरेली में ''''श्री श्याम ट्रेडर्स'''' नाम की फर्जी फर्म बनाई थी। सिर्फ इसी एक फर्म के जरिये करीब 14 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा पहुंचाया गया। इस मामले में राज्य कर अधिकारी अविनाश दीक्षित ने बिथरी चैनपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। एसआईटी के मुख्य विवेचक निरीक्षक संजय कुमार धीर ने बताया कि गिरोह के एक अन्य सदस्य गौरव अग्रवाल को 25 जनवरी को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब योगेश की गिरफ्तारी के बाद पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और हवाला कारोबारियों की तलाश में जुट गई है। योगेश के पास से पुलिस ने जो मोबाइल फोन बरामद किया है, इसमें भारी मात्रा में फर्जी इनवॉइस, ई-वे बिल और व्हाट्सएप चैट मिली है। चैट से पता चला है कि यह गिरोह देश के विभिन्न राज्यों में अपनी फर्जी फर्मों का जाल फैलाए हुए था। मोबाइल डेटा इतना अधिक है कि अब पुलिस इसका फॉरेंसिक टेस्ट कराने की तैयारी कर रही है।

### कागजों पर माल, असल में खाली ट्रक

पुलिस की पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। यह जीएसटी फ्रॉड गिरोह केवल कागजों का खेल खेल रहा था, असल में माल की सप्लाई बिल्कुल नहीं होती थी। दस्तावेजों में सब कुछ दिखाया जाता, ट्रकों के रूट, ई-वे बिल और इनवॉइस बनाए जाते, लेकिन वास्तविक में गाड़ियां खाली चलती थीं और माल कहीं नहीं जाता था। ऐसे नकली रजिस्ट्रेशन और दस्तावेज बनाने के लिए गिरोह किराये की दुकानों का इस्तेमाल करता था, फिर कुछ समय बाद उनका पता बदल देता था, ताकि विभाग की निगाहों से बचा जा सके। नकदी और फर्जी लेनदेन के पैसों को ठिकाने लगाने के लिये हवाला नेटवर्क का सहारा लिया जाता था, जिससे पैसा अंततः कई हाथों से गुजरकर वापस प्राप्त किया जाता था।

### फर्जी फर्मों के राष्ट्रीय नेटवर्क को बड़ा झटका

एसएसपी ने बताया कि विवेचना के दौरान जुटाए गए तकनीकी साक्ष्यों, डिजिटल डेटा और हवाला इनपुट की जांच के आधार पर सामने आया है कि यह गिरोह कई जिलों और राज्यों में फर्जी कंपनियों के माध्यम से जीएसटी में भारी धोखाधड़ी कर रहा था। इसके नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। गिरफ्तार आरोपी के मोबाइल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूरे सिंडीकेट की गहराई तक पहुंच बनाई जा रही है।

### गाजियाबाद के पॉश अपार्टमेंट से हुई गिरफ्तारी

एसएसपी बरेली अनुराग आर्य के निर्देशन में गठित क्राइम ब्रांच की टीम ने बैंक ट्रांजेक्शन और साइबर एनालिसिस के आधार पर योगेश शर्मा को ट्रेस किया। पुलिस ने उसे गुरुवार देर शाम गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन स्थित केडीपी सवाना अपार्टमेंट के गेट से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक योगेश पिछले कई सालों से इस संगठित अपराध को अंजाम दे रहा था। गिरफ्तारी वाली टीम में क्राइम ब्रांच के मुख्य विवेचक संजय कुमार धीर, बिथरी थाने के सहायक विवेचक इन्तजार हुसैन, सर्विलांस सेल से उप निरीक्षक सतेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल सतेंद्र कुमार, विकास कुमार और अंकुर शर्मा शामिल है।

## दक्ष बने पैरालंपिक डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज निवासी भाजपा नेता दक्ष शर्मा पाराशर को पैरालंपिक डेवलपमेंट कमेटी का चेयरमैन और सलाहकार परिषद का सदस्य नियुक्त किया है। दक्ष के चेयरमैन बनने से बरेली मंडल और आसपास के शहरों में रहने वाले विकलांग एथलीटों को भी मदद मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण मिलने की उम्मीद बढ़ गयी है। नई दिल्ली के जैसलमेर हाउस स्थित कार्यालय में दक्ष शर्मा पाराशर को पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के चेयरपर्सन सत्यनारायण, सार्क एशियन गेम के चेयरपर्सन सत्या और वाइस प्रेसिडेंट एफपी सागवान ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कराया और बुके भेंट कर स्वागत किया। पिछले साल दक्ष शर्मा केंद्रीय आयुष मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य बनाए गए थे। अब पैरालंपिक डेवलपमेंट कमेटी का चेयरमैन और सलाहकार परिषद के सदस्य नामित किया है। दक्ष शर्मा लंबे समय से आरएसएस के सेवा कार्यों से जुड़े हैं। नए पद पर उनका कार्यकाल दो साल का रहेगा। दक्ष शर्मा की भूमिका भारत और एशियाई देशों में आगामी वर्षों में होने वाले ओलंपिक खेलों में अत्यधिक महत्वपूर्ण होगी। पैरा-स्पोर्ट्स के विकास में उनके विशिष्ट योगदान और अटूट प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्हें इस पद के लिए नामित किया है।

# निःशुल्क अभ्युदय कोचिंग का आरंभ



सीजीएन पीजी कॉलेज में फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक अमन गिरि।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सीजीएन पीजी कॉलेज में महाविद्यालय में प्रारम्भ हो रही निःशुल्क अभ्युदय कोचिंग का उद्घाटन विधायक अमन गिरि, जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह प्राचार्य ने फीता काटकर एवं विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर किया।

प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने छात्र/छात्राओं को जानकारी दी कि यह निःशुल्क कोचिंग महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं के लिए ही नहीं अपितु क्षेत्र के हर उस छात्र/छात्रा के लिए है जो उच्च शिक्षा एवं किसी अन्य सरकारी विभाग सेवा/रोजगार के अवसर तलाश रहे हैं, किन्तु अच्छी शिक्षा की सुविधाओं से वंचित होने की वजह से अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाते हैं। विधायक श्री गिरि ने कहा कि कोचिंग संचालन में जो सुविधाएं प्रदान कराई जानी हैं उसमें किसी प्रकार का व्यवधान हो तो छात्र/छात्राएं प्राचार्य के माध्यम से उन्हें अवगत कराएं, तत्काल संज्ञान लेकर हर संभव निस्तारण किया जाएगा।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एवं प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण को धन्यवाद ज्ञापित किया। क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों के प्रधानाचार्य एवं छात्र/छात्राएं मौजूद रहे। संचालन मुनीश शुक्ला अभ्युदय शिक्षक ने किया।

## 12 लाख लेकर भी नहीं कराया मकान का बैनामा

**बरेली, अमृत विचार :** आलमगिरीगंज निवासी राहुल बामोत्रा ने बताया कि राजेंद्र नगर निवासी रानी नाम की महिला ने उसे बताया था कि मेरे पास एक मकान है। इसका कोई भी इकरारनामा या बैनामा पूर्व में नहीं हुआ है। उसकी बात पर विश्वास करके मार्च 2025 में मकान के बयाने के रूप में 12 लाख दे दिए। नवंबर 2025 में उसे जानकारी हुई की रानी नाम की महिला ने उसी मकान का इकरारनामा किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर कर दिया है। इसके बाद महिला से पूछने पर उसने कहा कि अब वह मकान भी नहीं देगी और जो रुपये दिए हैं वह भी नहीं देंगे। बारादरी पुलिस ने रानी नाम की महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# सड़क किनारे फड़ और ठेला लगाने वालों को खदेड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को एक बार फिर पीलीभीत बाईपास रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। सुरेश शर्मा नगर से संजय नगर चौराहे तक सड़क किनारे से अस्थायी दुकानें, ठेलों और कब्जों को हटाने के लिए टीम बुलडोजर लेकर पहुंची तो अफरातफरी मच गई। दुकानदार सामान समेटते नजर आए, जबकि कुछ को अभियान शुरू होते ही खदेड़ दिया गया। नियमों का उल्लंघन करने वालों से 64 हजार का जुर्माना वसूला गया। वहीं, शाम को सेटेलाइट के पास सड़क किनारे अवैध रूप से ठेले लगाने वालों को खदेड़ दिया।

राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि टीम ने अतिक्रमण हटाने के दौरान ठेले, तख्त, काउंटर आदि सामान जब्त किया। बिल्डिंग मेटेरियल वाले दुकानदारों ने रोड किनारे तक निर्माण सामग्री फैला रखी थी। उनसे जुर्माना वसूला गया। अगली बार सड़क किनारे निर्माण सामग्री मिलने पर जब्त करने की चेतावनी दी। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद सड़क कुछ हद तक खुली दिखाई दी।

# मकानों की गणना की तैयारी तेज, लगेंगे ट्रेनर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले में मई-जून से मकानों की गणना का शुरू होगा कार्य
- जिला जनगणना समन्वय समिति गठित कर जिम्मेदारी तय

**अमृत विचार :** जनपद में जनगणना-2027 से पहले मकानों की गणना कराने की तैयारियां तेज हो गयी हैं। मकानों की गणना के लिए 162 फील्ड ट्रेनर तैनात किए जाएंगे। फील्ड ट्रेनरों के चयन करने की प्रकिया शुरू हो गयी है। पंचम मंडल सिंचाई कार्य बरेली के अधीक्षण अभियंता, बाढ़ कार्य मंडल के अधीक्षण अभियंता, नलकूप मंडल के अधीक्षण अभियंता और डायट फरीदपुर के प्राचार्य को 162 फील्ड ट्रेनरों की सूची तैयार करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

जनपद में जनगणना कार्य कराने के लिए जिला जनगणना समन्वय समिति गठित की गयी है। समिति जनगणना की प्रारंभिक तैयारियां, प्रशिक्षण, मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना, जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, जनसंख्या की गणना आदि कार्यों को कराएगी। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने समिति गठित कर आदेश जारी किया। डीएम प्रमुख जनगणना अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) समिति के संयोजक होंगे। मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, डीएसटीओ, डीपीआरओ, और जिला सूचना अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। समिति गठन के बाद मई-जून से मकानों की गणना शुरू कराने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

जिला जनगणना अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने पंचम मंडल सिंचाई कार्य बरेली के अधीक्षण अभियंता, बाढ़ कार्य मंडल के अधीक्षण अभियंता, नलकूप मंडल के अधीक्षण अभियंता और डायट फरीदपुर के प्राचार्य को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य मई-जून में आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य के सफल संचालन के लिए जनगणना कार्य में लगाए जाने ट्रेनरों को जनगणना कार्य निदेशालय के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। ये अधिकारी नेशनल ट्रेनर का प्रशिक्षण ले चुके हैं। इसके लिए 162 फील्ड ट्रेनरों की सूची तैयार करते हुए हार्ड एवं साफ्ट कॉपी में उपलब्ध कराएं। फील्ड ट्रेनरों के मोबाइल नंबर भी सूची में दर्ज करें।


**सम्मन मुद्दालय**

**न्यायालय अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम जनपद बरेली**

**कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या T202512130131624 2025**

श्रीमती विजय लक्ष्मी बनाम मोहनलाल आदि मुद्दालय बनाम अभिषेक माहेश्वरी पुत्र श्री शान्ति सरन माहेश्वरी निवासी 309/2 राजेंद्र नगर, बरेली।

सवेश कुमार पुत्र अंगन लाल निवासी प्रेम नगर गली नंबर 05 खलीलपुर रोड सी.बी. गंज बरेली

चूंकि मुसम्मी श्रीमती विजय लक्ष्मी ने आपके नाम एक नालिश वास्ते घोषणात्मक के दायर किया है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 02.02.2026 असालतन या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा।

आज ब तारीख 20.1.26 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

जज



**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, सम्पूर्णानगर, जिला-खीरी**

**ई-निविदा सूचना**

मिल समिति में वर्ष 2025-26 में Supply of Bare Zincalume Trapezoidal Profile Sheet & Ridge Caps Plain की आपूर्ति से सम्बन्धित ई-बिड निविदा दिनांक 30.01.2026 से दिनांक 05.02.2026 को सायंकाल 6:55 बजे तक आमंत्रित की गयी है। उक्त निविदायें www.etender.up.nic.in एवं www.upsugarfed.org पर देखी जा सकती है।

प्रधान प्रबन्धक



**कार्यालय ग्राम पंचायत पसगवां विकास खण्ड पसगवां-खीरी**

पत्रांक- मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025- 26

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पसगवां में वर्ष 2025-26 मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य कराए जाने हेतु कार्य सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई फर्म जिनका आयकर/वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो, से मोहर बंद निविदा दिनांक 31.01.2026 से 14.02.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक डाक द्वारा अथवा ग्राम पंचायत पसगवां के पंचायत कार्यालय में निविदा पेटिका में आमंत्रित की जाती है, प्राप्त हुई निविदा पंचायत कार्यालय में 14.02.2026 अपरान्ह 4:00 बजे खोली जायेगी

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत पसगवां में मोहम्मदी जेबी गंज रोड से मंजू मिश्रा के मकान तक इन्टरलाकिंग कार्य | 676668.00 |

कुलदीप राठौर-सचिव प्रभा गुप्ता-प्रधान



**कार्यालय ग्राम पंचायत बलेही पहाड़पुर विकासखंड - मीरगंज (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत बलेही पहाड़पुर में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है -प्रथम श्रेणी ईट, बजरी, बजर फुट, सरिया, सीमेंट, रेत, रोड़ी व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | योजना | माप |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चूरी लाल के घर से पन्नालाल के घर तक सीसी व नाली निर्माण। | 337352/- | मनरेगा | 100 मीटर |
| 2. | नंदलाल के घर से चूरी लाल के घर तक सीसी निर्माण | 392621/- | मनरेगा | 100 मीटर |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 31.01.2026 से दिनांक 03.02.2026 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक 03.02.2026 दोपहर 04:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

श्रीमती दुर्गावती-प्रधान सचिव



**कार्यालय ग्राम पंचायत कटिन्ना वि.खं. अम्बियापुर (बदायूं)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कटिन्ना में वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य वित्त/केन्द्र वित्त/ मनरेगा/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत निम्नानुसार कार्य कराये जाने प्रस्तावित है :-

1. लटूरी के घर से पुलिया तक सी.सी. एवं नाली निर्माण कार्य (496800)
2. मनोज ठाकुर के घर से श्यामबाबू सिंह के घर तक सी.सी. एवं नाली नि. (337300)
3. अन्नापूर्णा योजनान्तर्गत फेयर फाइस शाप एवं जन सुविधा केन्द्र का निर्माण (846200)

उक्त कार्यो हेतु प्राक्कलन के अनुसार कार्यस्थल पर सामग्री की आवश्यकता है। अतः इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता फर्मो को सूचित किया जाता है कि प्राकशन की तिथि से कार्यदिवस के अन्दर निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म तथा नियमों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। निविदायें अन्तिम तिथि को सायं 4 बजे के समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा को निरस्त या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समिति को होगा।

सचिव-अशोक यादव प्रधान-ओमकुमारी


# थारू जनजाति और ग्रामीण परिवेश को दर्शाया

संवाददाता, भानपुर




कलाकारों के साथ विधायक योगेश वर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राज्य ललित कला अकादमी और जंगल हेरिटेज, जगदेवपुर भीरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय लोक कला शिविर का समापन हो गया। यह शिविर थारू जनजाति और ग्रामीण परिवेश पर आधारित था।

समापन समारोह में सदर विधायक योगेश वर्मा मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में समाजसेवी और जंगल हेरिटेज के प्रबंधक गजेंद्र सिंह भी शामिल हुए। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि लोक कला शिविर का आयोजन जिले के लिए गौरव की बात है। चार दिनों तक चले इस शिविर में कलाकारों ने थारू जनजाति के रहन-सहन, लोक जीवन, प्रकृति से जुड़ाव और ग्रामीण संस्कृति को अपनी कलाकृतियों में जीवंत रूप से दर्शाया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी कलाकारों को स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक अभिनव दीप ने राज्य ललित कला अकादमी द्वारा कलाकारों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यशालाओं की जानकारी साझा की। अंत में उन्होंने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया।

# 91.76 लाख दबाए, एडटैक व सैलबैल मीडिया को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में यूनिपोल और विज्ञापन पट्टियों के जरिये मोटी कमाई का खेल हमेशा से चलता रहा है। इसमें नियमों की धज्जियां उड़ती रही हैं। इसी वजह से कई एजेंसियां नोटिस मिलने के बावजूद बकाया शुल्क जमा करने से कतराती रही हैं। ऐसे में एक बार फिर नगर निगम ने सख्ती का दावा करते हुए विज्ञापन शुल्क जमा नहीं करने वाली दो एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक नगर निगम ने विज्ञापन एजेंसी मैसर्स एडटैक प्रिंट एंड मीडिया और मैसर्स सैलबैल मीडिया को 91.76 लाख रुपये का बकाया विज्ञापन शुल्क जमा करने का बीते दिनों नोटिस भेजा था, लेकिन दोनों एजेंसियों ने खुलेआम अनदेखी की। एडटैक ने 90,66,362 रुपये में केवल 46,19,401 रुपये जमा किए, जबकि सैलबैल ने पूरी 1,09,680 रुपये की देय राशि का भुगतान नहीं किया। इसके अलावा पांच अन्य एजेंसियों मैसर्स प्रकाश संस एजेंसी, मैसर्स प्रकाश आर्ट स्टूडियो, मैसर्स प्रकाश पब्लिसिटी सर्विस, मैसर्स महालक्ष्मी ट्रेडर्स ने कार्रवाई से बचाने के लिए चेक जमा करा दिया।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 445/7निविदा(सी0डी0-2)(ई-टेण्डर)-08/2025-26 दिनांक 19.01.2026

ई0-निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, बदायूँ के क्षेत्र में निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार आइटम दरों पर (Item Rate Bids) ई-निविदा दिनांक 03.02.2026 से दिनांक 19.02.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता बिड से संबंधित अभिलेख जैसे कि कान्ट्रेक्ट डाटा, प्रपत्र, शर्तें, विशिष्टियाँ, बिल ऑफ क्वांन्टिटी आदि एवं बिड की संशोधित/परिशिष्ट शर्तें इत्यादि का भली-भॉति परीक्षण कर लें। निविदा दिनांक 19.02.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

| कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में) अनुमानित निर्माण लागत | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | कुल अनुमानित लागत | बिड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| बजीरगंज उसैता मार्ग (अजिमा) के चैनेज 0.570 से 4.470, 4.600 से 5.050 तक में सुदृढ़ीकरण एवं चैनेज 5.500 से 6.500 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 590.00 | 15.00 | 605.00 | 12.20 | 2714.00 | 12 माह |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन किया जा सकता है।

(वन्दना सोनकर) अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0,बदायूँ

(के0के0सिंह) अधीक्षण अभियन्ता बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0,बरेली

UP - 244851 दिनांक: 29/01/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# एनजीटी के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पटाखा विस्फोट में घायलों और मृतकों को मुआवजा देने के आदेश के खिलाफ दाखिल करेगा याचिका
- एडवोकेट ऑन रिकार्ड सुप्रीम कोर्ट से किया संपर्क, नायब तहसीलदार पत्रावली लेकर दिल्ली भेजे गए

**अमृत विचार :** सिरौली के ग्राम कल्याणपुर में एक मकान में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के मामले में मृतक और घायलों को मुआवजा देने के एनजीटी के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने की तैयारी तेज हो गयी है। जिला प्रशासन एडवोकेट ऑन रिकार्ड सुप्रीम कोर्ट के जरिए याचिका दाखिल करेगा। नायब तहसीलदार प्रशांत शुक्ला को एडवोकेट ऑन रिकार्ड सुप्रीम कोर्ट के पास प्रकरण से संबंधित पत्रावली लेकर भेजा गया है ताकि स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल की जा सके।

थाना सिरौली के ग्राम कल्याणपुर में 2 अक्टूबर 2024 की दोपहर पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ था। इसमें रहमान शाह व उनकी पत्नी छोटी बेगम घायल हुए थे। उनके परिवार के छह सदस्यों में तबस्सुम, निखत उर्फ नीना, शहजान, हरसान, सितारा, फातिमा व पड़ोस की महिला रुखसाना की मौत हो गयी थी। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित विस्फोट की खबर के मामले का स्वतः संज्ञान लेकर वाद दर्ज करते हुए जिला प्रशासन को नोटिस भेजकर प्रकरण की जानकारी मांगी थी। एनजीटी ने 18 फरवरी 2025 को आदेश सुनाते हुए कहा कि राज्य पीड़ितों को मुआवजा देने की जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। पीड़ितों को तत्काल राहत की आवश्यकता है। आदेश में न्यायाधिकरण ने यह माना था कि मृतक पीड़ितों में से प्रत्येक के लिए मुआवजे की राशि 20 लाख रुपये होनी चाहिए। 50 प्रतिशत से अधिक जलने वाले व्यक्तियों के लिए 15 लाख रुपये, 25 से 50 प्रतिशत तक जलने वाले व्यक्तियों के लिए 10 लाख रुपये और 5 से 25 प्रतिशत तक चोट लगने वाले व्यक्तियों के लिए 5 लाख रुपये और मामूली जलन या साधारण चोटों के घायलों को 2 लाख का भुगतान करने की बात कही थी।

एनजीटी द्वारा विभिन्न जनपदों में अवैध पटाखा गोदाम में हुए विस्फोट के दृष्टिगत विभिन्न वादों में जारी निर्देशों के अनुपालन को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 22 सितंबर 2025 को बैठक हुई थी। मुख्य सचिव ने प्रकरणों में एनजीटी के आदेश के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने के बरेली सहित संबंधित जनपदों को निर्देश जारी किए। मुख्य सचिव के आदेश के अनुपालन में सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने की कार्रवाई जिला प्रशासन के स्तर से करायी जा रही है। मुख्य सचिव के निर्देश पर एनजीटी के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने एडीएम सिटी को नामित किया है। डीएम की ओर से सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट ऑन रिकार्ड रूचिरा गोयल को पत्र भी भेजा गया है, जिसमें बताया कि प्रकरण से संबंधित पत्रावली लेकर नायब तहसीलदार प्रशांत शुक्ला को भेजा जा रहा है। प्रकरण में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने की बात कही।

## न्यूज ब्रीफ

### 4,132 बूथों पर विशेष अभियान आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का 6 जनवरी 2026 को आलेख प्रकाशन किया गया है। इस क्रम में 31 जनवरी को जिले के 4,132 केंद्रों पर विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। प्रशासन ने जनमानस से अपील की है कि सुबह 10 :30 से शाम 4 :30 बजे तक अपने बूथों पर उपस्थित होकर अपना नाम आलेख्य निर्वाचक नामावली में चेक कर लें। यदि मतदाता का नाम आलेख्य सूची में नहीं है तो घोषणा पत्र के साथ फार्म-6 भरकर अपने बीएलओ को जमा करें। या फिर ऑनलाइन voters.eci.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

### झांसी में ऑटो चालक बनेंगे 'हेरिटेज एंबेसडर'

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग ने बुंदेलखंड में पर्यटन अनुभव को समृद्ध बनाने के लिए एक अभिनव पहल की है। झांसी में स्थानीय ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को 'हेरिटेज एम्बेसडर' के रूप में तैयार किया जा रहा है। उक्त क्रम में बीते दो दिन 28-29 जनवरी को आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में 150 से अधिक चालकों को विरासत, शिष्टाचार और आधुनिक सेवाओं से जुड़ा प्रशिक्षण दिया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि अब प्रशिक्षित चालक केवल परिवहन सेवा प्रदाता नहीं रहेंगे, बल्कि पर्यटकों को यात्रा के दौरान झांसी और बुंदेलखंड की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक कहानियां भी सुनाएंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में झांसी में 1.34 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे, जो बुंदेलखंड में पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं का संकेत है।

### मतदाताओं के नाम हटाने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा ने मतदाता सूची से अपने समर्थकों के नाम अवैध रूप से हटाने के आरोप को लेकर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि भाजपा के जिलाध्यक्षों द्वारा मेरठ शहर विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बूथ संख्या-01 में 135 सपा समर्थक, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के वैध मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची से हटाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने शुक्रवार को सौपे ज्ञापन में कहा कि बाराबंकी विधानसभा क्षेत्र में फार्म-7 भरकर बड़े पैमाने पर सपा समर्थक मतदाताओं के नाम डिलीट करने की कोशिश की जा रही है। इसी प्रकार इटावा, आगरा, कानपुर देहात और भदोही में नो-मैपिंग और लॉजिकल एरर वाले मतदाताओं की सुनवाई के लिए असुविधाजनक स्थल बनाए गए हैं।

### कांग्रेस ने राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के अवसर पर उप्र. कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में सर्व धर्म शांति पाठ एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पूर्वान्ह 10 :59 बजे सायरन बजते ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। माल एवेन्यू स्थित नेहरू भवन में आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांत आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक हैं। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, पूर्व मंत्री राज बहादुर, वरिष्ठ नेता रमेश मिश्रा, मनीष हिंदवी, सरदार रंजीत सिंह, अनीस अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### भाजपा का 20 लाख नए वोट बनाने का लक्ष्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार तक 20 लाख नए वोट बनवाने का लक्ष्य तय किया है, जबकि फर्जी वोटों को हटाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अभियान की निगरानी प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह कर रहे हैं। अब तक 49 लाख फार्म-6 भरे गए हैं, जिनमें से करीब 37 लाख डिजिटलाइज हो चुके हैं। 200 विधानसभाओं में 80-85 प्रतिशत फार्म जमा हुए हैं। लक्ष्य हासिल करने के लिए 17 नगर निगमों में वरिष्ठ पदाधिकारियों को उतारा गया है। प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह (अलीगढ़-मथुरा), सुभाष यदुवंश (मेरठ-सहारनपुर), गोविंद नारायण शुक्ला (लखनऊ), प्रियंका रावत (अयोध्या), संजय राय (वाराणसी) और उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी (प्रयागराज) में तैनात किए गए हैं। पार्टी 5 फरवरी तक अभियान जारी रखेगी।

# सत्य-अहिंसा से सशक्त भारत का निर्माण संभव

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने लखनऊ के जीपीओ पार्क में स्थित प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सत्य, अहिंसा और मानवता के गांधीवादी आदर्श आज भी देश और समाज को दिशा देने वाले हैं। इसी मार्ग पर चलकर सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने आमजन से बापू के विचारों को आत्मसात कर एक समृद्ध, न्यायपूर्ण और विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने लखनऊ स्थित जीपीओ पार्क में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर कुछ क्षण मौन रखकर राष्ट्रपिता के योगदान का स्मरण किया। श्रद्धा और अनुशासन से भरे वातावरण में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'रघुपति राघव राजाराम' सहित गांधी भजनों ने माहौल को भाव-विभोर कर दिया। मुख्यमंत्री ने एकाग्रता के साथ भजनों का श्रवण किया और बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनके साथ स्मृति-चित्र भी खिंचवाए।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, जय देवी, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### दीपदान कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार अपरान्ह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद स्मारक में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। योगी ने गांधी जी के चित्र पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गांधी जी के प्रिय भजनों का श्रवण किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने गोमती नदी के तट पर दीपदान कर राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर लखनऊ के जीपीओ पार्क में लगी प्रतिमा के सामने मौन धारण कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री योगी, साथ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य।

# प्रदेश के ट्रेनिंग सेंटर्स में अखबार पढ़ना अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कौशल विकास के साथ अब अपडेट भी होंगे युवा



**अमृत विचारः** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर युवाओं को केवल हुनरमंद ही नहीं, बल्कि जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। उप्र कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) ने प्रदेश के सभी अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण केंद्रों पर दैनिक समाचार-पत्र पठन अनिवार्य कर दिया है।

प्रदेश के 75 जिलों में संचालित 800 से अधिक प्रशिक्षण केंद्रों पर एक लाख से ज्यादा प्रशिक्षणार्थी विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण ले रहे हैं। नए निर्देशों के तहत प्रत्येक केंद्र पर प्रतिदिन कम से कम दो अखबार (एक हिंदी और एक अंग्रेजी) उपलब्ध कराए जाएंगे और कक्षा की शुरुआत खबरों के पठन से होगी। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं की रोजगार-क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, संवाद कौशल और समालोचनात्मक सोच विकसित करना है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जिला समन्वयक, डीपीएम और बीपीएम नियमित निरीक्षण करेंगे। मिशन निदेशक पुलकित खरे के अनुसार, अखबार पठन से युवाओं में करंट अफेयर्स, भाषा कौशल और वैश्विक जागरूकता मजबूत होगी, जो उन्हें प्रतिस्पर्धी और जिम्मेदार नागरिक बनाएगी।

# लखनऊ के सात प्रवेश मार्गों पर बनेंगे आध्यात्मिक-सांस्कृतिक द्वार

## राजधानी को मिलेगा नया भव्य स्वरूप, प्रवेश द्वारों पर होगा यूपी का राजकीय चिन्ह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- संगम, सूर्य, नंदी, कृष्ण, शौर्य, व्यास और धर्म द्वार बनेंगे
- मुख्यमंत्री योगी ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ को विशिष्ट, आकर्षक और सांस्कृतिक पहचान से युक्त स्वरूप देने के उद्देश्य से शहर के सात प्रमुख प्रवेश मार्गों पर भव्य प्रवेश द्वार विकसित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में कदम रखते ही उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।

शुक्रवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ से प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, नैमिषारण्य, हस्तिनापुर, मथुरा और झांसी की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर ऐसे प्रवेश द्वार बनाए जाएं, जो संबंधित गंतव्यों की पौराणिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पहचान को प्रतिबिंबित करें। मुख्यमंत्री ने नामकरण और स्वरूप पर स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि रायबरेली-प्रयागराज मार्ग पर त्रिवेणी संगम व महाकुंभ परंपरा को दर्शाने वाला 'संगम द्वार', सुल्तानपुर-वाराणसी मार्ग पर श्री काशी विश्वनाथ धाम से प्रेरित 'नंदी द्वार', बाराबंकी-अयोध्या मार्ग पर भगवान श्रीराम व सूर्यवंश परंपरा आधारित 'सूर्य द्वार', सीतापुर-नैमिषारण्य मार्ग पर 'व्यास द्वार', हरदोई-हस्तिनापुर मार्ग पर 'धर्म द्वार', आगरा-मथुरा मार्ग पर 'कृष्ण द्वार' और उन्नाव-झांसी मार्ग पर वीरता और पराक्रम का प्रतीक 'शौर्य द्वार' बनाए जाएंगे। सभी प्रवेश द्वारों पर उत्तर प्रदेश का राजकीय चिन्ह अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

### पारंपरिक वास्तुकला और आधुनिक सौंदर्य का संगम

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि डिजाइन में भारतीय पारंपरिक वास्तुकला, शिल्पकला और सांस्कृतिक प्रतीकों का प्रभावी समावेश हो। पत्थर की नक्काशी, स्तंभ, म्यूरल, फव्वारे, सुदृढ़ प्रकाश व्यवस्था और हरित परिदृश्य के जरिए द्वारों को सौंदर्यपूर्ण के साथ-साथ अर्थपूर्ण बनाया जाए, ताकि यात्रियों को राजधानी में प्रवेश करते ही सांस्कृतिक अनुभूति मिले।

### सीएसआर फंड और समन्वय से होगा निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों में कारपोरेट-सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड का उपयोग किया जाए। सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हों और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित संबंधित एजेंसियों से आवश्यक अनुमतियां लेकर समन्वय के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## प्रदेश में एक करोड़ से अधिक घरौनियों का किया गया वितरण, दर्ज की उपलब्धि

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण संपत्ति अधिकारों के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में अब तक एक करोड़ से अधिक घरौनियों का वितरण किया जा चुका है। योजना के तहत 72,961 ग्रामों में डिजिटाइज्ड प्रपत्र-10 जारी किए गए हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों को अपने मकान और भूमि पर स्पष्ट कानूनी स्वामित्व मिला है। अब ये दस्तावेज बैंक ऋण, सरकारी योजनाओं और वित्तीय सुविधाओं का मजबूत आधार बन रहे हैं। राजस्व विभाग के अनुसार 1.14 करोड़ से अधिक घरौनियां तैयार की गईं, जिनमें से 1.01 करोड़ से ज्यादा वितरित हो चुकी हैं। इससे भूमि विवादों में कमी आई है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है।

# यूपी की विमानन नीति को राष्ट्रीय सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आरसीएस-उड़ान में प्रदेश बना 'मोस्ट प्रोएक्टिव स्टेट'
- नॉन-प्रायोरिटी एरिया श्रेणी में रहा अव्वल



**अमृत विचारः** रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस-उड़ान) के तहत उत्तर प्रदेश ने देशभर में बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। नॉन-प्रायोरिटी एरिया श्रेणी में यूपी को 'मोस्ट प्रोएक्टिव स्टेट' का राष्ट्रीय अवॉर्ड दिया गया है। यह श्रेणी उन राज्यों के लिए होती है जो न पर्वतीय हैं और न ही उत्तर-पूर्व क्षेत्र में आते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने हवाई कनेक्टिविटी को विकास का मजबूत आधार बनाया है। बीते वर्षों में एयरपोर्ट आधुनिकीकरण, नाइट लैंडिंग सुविधा, नए रनवे और क्षेत्रीय उड़ानों को बढ़ावा देकर छोटे शहरों को बड़े महानगरों से जोड़ा गया।

नागरिक उड्डयन निदेशक ईशान प्रताप सिंह के अनुसार, 2016 में जहां यूपी में 59.97 लाख हवाई यात्री थे, वहीं 2024 में यह बढ़कर 1.28 करोड़ और 2025 में 1.55 करोड़ से अधिक हो गए। घरेलू यात्रियों की संख्या 2016 के 52.30 लाख से बढ़कर 2025 में 1.41 करोड़ से ज्यादा हो गई है।

नए एयरपोर्ट और क्षेत्रीय नेटवर्क यूपी को देश का प्रमुख विमानन और लॉजिस्टिक्स हब बना रहे हैं। विशेष रूप से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) जैसे प्रोजेक्ट प्रदेश की वैश्विक कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई देंगे।

# बजट व्यय में लापरवाही पर वित्त मंत्री नाराज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बजट का उपयोग धरातल पर दिखना चाहिए : सुरेश खन्ना



**अमृत विचार :** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट व्यय की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और शत-प्रतिशत खर्च सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि समय से योजनाएं पूरी होने पर ही जनता को उनका वास्तविक लाभ मिल सकेगा और विकास की गति तेज होगी। बजट आवंटन का उपयोग केवल कागजी औपचारिकता न रहकर धरातल पर दिखना चाहिए।

वित्तमंत्री शुक्रवार को विधानसभा के नवीन भवन में संपन्न बैठक में विभिन्न विभागों के बजट व्यय की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार द्वारा विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवंटित बजट का उपयोग प्रदेश के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब को समाप्त किया जाए तथा बजट 2025-26 में आवंटित धनराशि का शत-प्रतिशत व्यय सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में कुल 18 विभागों के बजट व्यय की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय आम बजट कल, यूपी को उम्मीदें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** केंद्र सरकार द्वारा रविवार को संसद में पेश किए जाने वाले वित्तीय वर्ष 2026-27 के आम बजट से उत्तर प्रदेश को कई अहम सौगातें मिलने की उम्मीद है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह बजट प्रदेश के लिए राजनीतिक और विकास दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राज्य सरकार को अपेक्षा है कि बजट में प्रदेश की बड़ी आबादी, तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रावधान किए जाएंगे।

हाल ही में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर राज्य की प्राथमिकताओं से अवगत कराया। इसमें पश्चिमी यूपी में एम्स, बुंदेलखंड में आईआईटी, मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार और नए शहरों तक मेट्रो पहुंचाने के लिए वर्ष 2047 तक 32,075 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता की मांग शामिल है। इसके साथ ही 17 नगर निगमों को सोलर सिटी बनाने के लिए 1005 करोड़ रुपये, ग्राम पंचायतों में 60 हजार तालाबों के पुनरुद्धार के लिए 6000 करोड़ रुपये तथा उत्तर-दक्षिण एक्सप्रेसवे के निर्माण की आवश्यकता भी रखी गई। राज्य ने केंद्रीय करों में अपनी हिस्सेदारी 17.93 प्रतिशत से बढ़ाकर पूर्व की तरह 19.67 प्रतिशत करने की भी मांग की है, जिससे केंद्र से मिलने वाली धनराशि में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है।

### प्रदेश सरकार की प्रमुख मांगें

- पश्चिमी यूपी में एम्स और बुंदेलखंड में आईआईटी की स्थापना
- मेट्रो विस्तार व नए शहरों में मेट्रो नेटवर्क
- 17 नगर निगमों को सोलर सिटी बनाने के लिए 1005 करोड़ रुपये
- 60 हजार तालाबों के लिए 6000 करोड़ की केंद्रीय सहायता
- केंद्रीय करों में यूपी की हिस्सेदारी 19 .67 फीसदी करने की मांग
- उत्तर-दक्षिण एक्सप्रेसवे व सौर अनुसंधान केंद्र की स्थापना

# कर्तव्य पथ पर चमकी यूपी की झांकी, मिला सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पॉपुलर च्वॉइस में दूसरा स्थान

**अमृत विचारः** विकास पथ पर अग्रसर प्रदेश को गणतंत्र दिवस परेड में एक बार फिर राष्ट्रीय सम्मान मिला है। नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में प्रदेश की झांकी ने पॉपुलर च्वॉइस श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। यह उपलब्धि लगातार सातवें वर्ष प्रदेश को मिली, जिससे उत्तर प्रदेश की सृजनात्मक पहचान और मजबूत हुई।

कुल 30 झांकियों के बीच लोकप्रियता के आधार पर उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा। राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में हुए पुरस्कार वितरण समारोह में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया। परेड में 17 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और 13 मंत्रालयों की झांकियां शामिल थीं। 'समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित झांकी में बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा का संतुलित चित्र प्रस्तुत किया गया।



पुरस्कार वितरण समारोह में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र पुरस्कार ग्रहण करते हुए।

**उपलब्धि** | पिछले दो वर्षों की अपेक्षा प्रदेश में अधिक खरीदा गया धान

# 9 .53 लाख किसानों ने बेचा 58 .10 लाख एमटी धान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पश्चिम में अंतिम चरण में धान खरीद पूर्वी उप्र. में रफ्तार तेज
- इस वर्ष 9,53,792 किसानों ने उठाया समर्थन मूल्य का लाभ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सरकारी धान खरीद की तरफ किसानों का रुझान इस बार अधिक रहा है। किसानों को बाजार भाव से ज्यादा समर्थन मूल्य मिला तो ज्यादातर ने केंद्रों पर धान बेचकर सरकारी योजना का लाभ उठाया है। अक्टूबर से जनवरी तक 60 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 58.10 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान 9,53,792 किसानों से खरीदा जा चुका है। जो पिछले दो वर्षों की तुलना में अधिक है। जबकि अभी एक माह केंद्र और खुले रहेंगे। इससे लक्ष्य पूर्ति के साथ पिछले वर्ष के रिकार्ड भी टूट सकते हैं।



प्रदेश के पश्चिम क्षेत्र में धान खरीद 1 अक्टूबर से शुरू हुई थी, जो अब अंतिम चरण में है। अक्टूबर से 30 जनवरी तक 1,459 केंद्रों पर 2,50,765 किसानों ने 18.54 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान बेचा है। इस बीच ज्यादातर किसान धान बेच चुके हैं। इससे खरीद की रफ्तार धीमी हो गई है। जबकि पूर्वी उप्र में 1 नवंबर से धान खरीद शुरू हुई थी। 30 जनवरी तक कुल 3,410 केंद्रों पर 6,97,938 किसानों ने 39.30 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान बेचा है। पश्चिम की अपेक्षा पूर्वी क्षेत्र में धान खरीद केंद्र एक माह बाद खुले थे। इसके बाद भी सबसे अधिक खरीद हुई है और तेजी से हो रही है। केंद्र 28 फरवरी तक खुले रहेंगे। इस बार सामान्य धान 2,369 और ग्रेड ए धान का 2,389 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य किसानों को मिला है। इससे किसानों की बाजार पर निर्भरता कम हुई है और औने-पौने दामों पर धान नहीं बेचा है।

### इन वर्षों में इतनी हुई खरीद

- 2025-26 में 9,55,144 किसानों से 58 .17 लाख एमटी खरीद
- 2024-25 में 7,98,731 किसानों से 57 .70 लाख एमटी खरीद
- 2023-24 में 8,01,730 किसानों से 53 .80 लाख एमटी खरीद

### इस वर्ष खरीद अच्छी

अपर आयुक्त (विपणन) खाद्य एवं रसद विभाग उप्र. अशोक कुमार ने बताया कि इस वर्ष खरीद अच्छी हुई है। लक्ष्य पूर्ति के करीब हैं। ज्यादातर किसानों ने केंद्रों पर धान बेचकर सरकारी योजना का लाभ उठाया है।

# राजस्व भवनों के निर्माण को मिली रफ्तार, आधारभूत ढांचे पर फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 196.39 करोड़ रुपये से जिलों में बन रहे नए तहसील व कलेक्ट्रेट भवन

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में राजस्व विभाग की आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में तेज़ी से कार्य किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 196.39 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर प्रदेशभर में राजस्व कार्यालयों और आवासीय भवनों के निर्माण व मरम्मत को गति दी गई है।

सोनभद्र की ओबरा, अमरोहा जनपद की अमरोहा व नौगावां सादात, सिद्धार्थनगर की नौगढ़, औरैया की विधूना और मैनपुरी की कुरावली तहसील में नए राजस्व भवनों का निर्माण प्रगति पर है। इसके अलावा गाजियाबाद की लोनी और जालौन की उरई तहसील में भी भवन बनाए जा रहे हैं। कुछ भवन लगभग पूर्ण हो चुके हैं और शेष कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

गोरखपुर, मेरठ और संभल में कलेक्ट्रेट भवनों की मरम्मत एवं निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है। साथ ही बाराबंकी में डीएम आवास की मरम्मत, अयोध्या में राजस्व अधिकारियों के लिए टाइप-4 आवास और बस्ती की हरैया तहसील में नए आवासीय भवन बनाए जा रहे हैं। महाराजगंज में बहुउद्देशीय ऑडिटोरियम हॉल, मिर्जापुर में कलेक्ट्रेट पुनर्निर्माण तथा कानपुर सदर, चंदौली, गाजीपुर की कासिमाबाद और सेवरई तहसीलों के भवन निर्माण प्रस्तावों पर भी तेजी से कार्रवाई हो रही है।



हमें बीते हुए समय के लिए परेशान नहीं होना चाहिए, न ही हमें भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए। विवेकशील लोग केवल वर्तमान क्षण में ही जीते हैं।
–चाणक्य, दार्शनिक



# सुखद आर्थिक संकेत

आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 एक ऐसे समय में आया है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार विखंडन और वित्तीय अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। ऐसे विकट समय में यह सुखद है कि 7.4% वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान भारत को लगातार चौथे वर्ष सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करता है। यह उपलब्धि भारतीय बाजार के आत्मविश्वास को मजबूत करती है, किंतु इसके सामाजिक और संरचनात्मक आयामों का संतुलित मूल्यांकन आवश्यक है। मांग और निवेश विकास का दोहरा इंजन है। ऐसे में निजी उपभोग का 7% की वृद्धि यह संकेत देती है कि अपेक्षाकृत कम मुद्रास्फीति और स्थिर रोजगार ने क्रयशक्ति को सहारा दिया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि की मजबूती और शहरी क्षेत्रों में मांग का आधार विस्तृत हुआ है। सकल स्थिर पूंजी निर्माण में 7.8% वृद्धि और पूंजीगत व्यय का 4% तक पहुंचना अवसंरचनात्मक विकास को बल देगा, जिससे भविष्य में निर्माण, स्टील, सीमेंट और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों को लाभ होगा, हालांकि उच्च सार्वजनिक पूंजीगत व्यय के साथ राज्यों का बढ़ता राजकोषीय घाटा जो तकरीबन सवा तीन फीसद है, चिंताजनक है। दीर्घकालिक वित्तीय अनुशासन के लिए यह एक चेतावनी है। यदि विकास ऋण-निर्भर हो जाए, तो भविष्य में ब्याज भार सामाजिक व्यय को सीमित कर सकता है। बैंकों का बट्टा खाता या जीएनपीए 2.2% और निवल एनपीए 0.5% तक गिरना वित्तीय क्षेत्र की सुदृढ़ता का संकेत है। 55 करोड़ जनधन खाते, 36 लाख करोड़ से अधिक मुद्रा ऋण वितरण और 21.6 करोड़ डीमैट खाते इस क्षेत्र की स्थिरता और समावेशन सत्यापित करते हैं। यह आंकड़ा बाजार में वित्तीय भागीदारी के विस्तार को दर्शाता है कि निवेश संस्कृति और उद्यमिता को बल मिला है, हालांकि खुदरा निवेशकों की तेज़ी से बढ़ती संख्या पूंजी बाजार में अस्थिरता के जोखिम भी लाती है। सेवाओं का निर्यात 387.6 अरब डॉलर तक पहुंचना भारत की तकनीकी और पेशेवर क्षमता को दर्शाता है। परंतु माल व्यापार घाटा अभी भी चुनौती है। सेवा-आधारित वृद्धि टिकाऊ है, पर विनिर्माण के बिना व्यापक रोजगार सृजन कठिन रहेगा। रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और बागबानी क्षेत्र का विस्तार ग्रामीण आय को सहारा देते लगते हैं। पीएम-किसान के तहत 4.09 लाख करोड़ रुपये का हस्तांतरण उनकी आय सुरक्षा को मजबूत करता है, लेकिन आय-सहायता दीर्घकालिक उत्पादकता सुधार का विकल्प नहीं हो सकती। रोजगार के मोर्चे पर 56.2 करोड़ कार्यरत आबादी और विनिर्माण में 6% वृद्धि सकारात्मक संकेत तो हैं। सेमीकंडक्टर मिशन और एआई पारिस्थितिकी तंत्र दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित कर सकते हैं, परंतु तकनीकी परिवर्तन से पारंपरिक रोजगारों पर दबाव भी बढ़ेगा।

आर्थिक सर्वेक्षण एक सशक्त, विविध और लचीली अर्थव्यवस्था की तस्वीर प्रस्तुत करता है। बाजार के लिए यह विश्वास और विकास का दस्तावेज़ है, पर विकास की यह रफ्तार तभी सार्थक होगी, जब वृद्धि के लाभ समान रूप से वितरित हों, राजकोषीय अनुशासन कायम रहे और रोजगार सृजन केंद्र में रहे। अन्यथा ऊंची वृद्धि दर सामाजिक असमानता की खाई को गहरा सकती है।

## प्रसंगवश

# नई शिक्षा नीति का बेटियों की तालीम पर असर

शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावशाली साधन रही है। नई शिक्षा नीति 2020 इसी परिवर्तन की बड़ी परिकल्पना लेकर आई, परंतु इस नीति को यदि सबसे संवेदनशील दृष्टि से देखा जाए, तो यह भारतीय बेटियों के भविष्य से गहराई से जुड़ी हुई दिखाई देती है। वर्षों से सामाजिक बंधन, आर्थिक सीमाएं, घरेलू जिम्मेदारियां और लैंगिक भेदभाव लड़कियों की शिक्षा में बाधा बनते रहे हैं। ऐसे में यह नीति केवल शैक्षिक सुधार नहीं, बल्कि उन लाखों बेटियों के लिए उम्मीद की किरण हैं, जो शिक्षा के सहारे अपने जीवन की दिशा बदलना चाहती हैं।



डॉ. सुनिधि मिश्रा
शिक्षिका

नई संरचना 5+3+3+4 और प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पर दिया गया जोर बालिकाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। अक्सर देखा गया है कि लड़कियां प्राथमिक स्तर से आगे नहीं बढ़ पातीं। अब खेल-आधारित, गतिविधि-आधारित और मातृभाषा में सीखने की प्रक्रिया, उन्हें शिक्षा से जोड़कर रखने मंद सहायक हो सकती है। जब पढ़ाई डर का विषय न होकर आनंद का अनुभव बनती है, तो परिवार भी बालिकाओं की शिक्षा के प्रति अधिक सकारात्मक होते हैं। प्रारंभिक साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर ध्यान उनकी बुनियाद को मजबूत करता है, जिससे आगे की शिक्षा उनके लिए सरल हो जाती है।

इस नीति का सबसे क्रांतिकारी पहलू है लचीलापन। मल्टीपल एंट्री-एग्ज़िट, विषय चयन की स्वतंत्रता और कौशल-आधारित शिक्षा उन बालिकाओं के लिए वरदान साबित हो सकती है, जो विवाह, पारिवारिक जिम्मेदारियों या आर्थिक परिस्थितियों के कारण पढ़ाई बीच में छोड़ देती थीं। अब वे अपनी सुविधा अनुसार शिक्षा को फिर से शुरू कर सकती हैं। यह व्यवस्था शिक्षा को एक बार मिलने वाला अवसर न बनाकर जीवनभर उपलब्ध रहने वाला अवसर बनाती है। कौशल और व्यावसायिक शिक्षा पर दिया गया जोर बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अब शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि रोजगार, उद्यमिता और तकनीकी दक्षता से जुड़ती है। डिजिटल कौशल, कंप्यूटर शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बना सकता है। यह आत्मनिर्भरता ही उन्हें समाज में सम्मान और निर्णय लेने की शक्ति देती है। डिजिटल शिक्षा ने नई संभावनाएं खोली हैं। ऑनलाइन कक्षाएं, ई-लर्निंग सामग्री और वर्चुअल संसाधन उन बालिकाओं तक शिक्षा पहुंचा सकते हैं, जो सामाजिक कारणों से स्कूल नहीं जा पातीं। पर यही डिजिटल विस्तार एक चुनौती भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और स्मार्ट उपकरणों की कमी का सबसे अधिक प्रभाव लड़कियों पर पड़ता है। कई घरों में यदि एक ही मोबाइल है, तो उसका उपयोग पहले लड़कों को मिलता है। यह डिजिटल विभाजन बेटियों के अवसरों को सीमित कर देता है।

मातृभाषा में शिक्षा का प्रावधान बालिकाओं के लिए सहज सीख का माध्यम बनता है। वे अपनी भाषा में बेहतर समझ विकसित कर पाती हैं, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है। पर अभिभावकों की चिंता यह भी है कि अंग्रेज़ी की कमी भविष्य के अवसरों को सीमित कर सकती है। इस संतुलन को साधना नीति के सफल क्रियान्वयन की कुंजी है। आंकड़े बताते हैं कि प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं का नामांकन बढ़ा है, पर माध्यमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर अब भी चिंता का विषय है। कम उम्र में विवाह, घरेलू कार्यों का बोझ, सुरक्षा की चिंता और आर्थिक दबाव बालिकाओं की शिक्षा को रोक देते हैं।

# ग्रीनलैंड: शक्ति से बड़ा विज्ञान का सच





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

भू-राजनीति ने ग्रीनलैंड को अचानक वैश्विक विमर्श के केंद्र में ला खड़ा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड पर कब्जे की बयानबाज़ी से अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में हलचल मचा रहे हैं। रणनीतिक और आर्थिक कारणों का हवाला देते हुए उन्होंने ग्रीनलैंड को अमेरिका के हित में बताया है। दूसरी ओर डेनमार्क और यूरोपीय देशों ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है, जिससे राजनयिक तनाव बढ़ता दिख रहा है, लेकिन यह विशाल द्वीप किसी एक दौर की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं रहा है। विज्ञान के लिए ग्रीनलैंड दशकों से एक अनोखी प्रयोगशाला रहा है, जहां पृथ्वी के अतीत, वर्तमान और भविष्य को एक साथ पढ़ा जा सकता है।

उत्तरी अटलांटिक और आर्कटिक महासागर के बीच स्थित यह द्वीप क्षेत्रफल में लगभग 21.6 लाख वर्ग किलोमीटर है, यानी भारत के आकार के लगभग दो-तिहाई के बराबर, लेकिन इसकी आबादी केवल 56 हजार के आसपास है। इतनी कम जनसंख्या और विशाल बर्फीला भूभाग इसे वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए आदर्श बनाते हैं, क्योंकि यहां मानवीय हस्तक्षेप अपेक्षाकृत न्यूनतम है और प्राकृतिक प्रक्रियाएं अपेक्षाकृत शुद्ध रूप में देखी जा सकती हैं।

ग्रीनलैंड की आइस शीट लगभग 17 लाख वर्ग किलोमीटर में फैली है और औसतन इसकी मोटाई 1.5 से दो किलोमीटर तक मानी जाती है। यदि ग्रीनलैंड की पूरी बर्फ पिघला दी जाए, तो विश्व के समुद्र स्तर में लगभग सात मीटर की वृद्धि हो सकती है। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन के अध्ययन में यह क्षेत्र केंद्रीय महत्व रखता है। सेटेलाइट्स के आंकड़ों के अनुसार 1990 के दशक के बाद से ग्रीनलैंड हर साल औसतन 250 से 280 अरब टन बर्फ खो रहा है। केवल 2019 में ही लगभग 530 अरब टन बर्फ पिघली, जिसे अब तक का सबसे तेज पिघलाव माना जाता है। यह आंकड़े केवल स्थानीय परिवर्तन नहीं, बल्कि दुनिया के तटीय शहरों, द्वीपीय देशों और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य से भी जुड़े हुए हैं।

ग्रीनलैंड में की जाने वाली आइस-कोर ड्रिलिंग ने पृथ्वी के जलवायु इतिहास को समझने में क्रांतिकारी योगदान दिया है। इनसे यह पता चलता है कि लाखों साल पहले वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन का स्तर कितना था और तापमान में किस तरह के उतार-चढ़ाव आए। कुछ आइस-कोर रिकॉर्ड लगभग 1.2 लाख साल पुराने हैं, जबकि नवीनतम परियोजनाओं का लक्ष्य 20 लाख साल तक पुराने जलवायु संकेतों को निकालना है। इन आंकड़ों ने यह स्पष्ट किया है कि वर्तमान समय में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर औद्योगिक युग से पहले की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत अधिक है।

जलवायु के अलावा, ग्रीनलैंड भूविज्ञान और खनिज विज्ञान के लिए भी महत्वपूर्ण है। यहां दुर्लभ खनिजों और रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बड़े भंडार होने के संकेत मिले हैं, जिनका उपयोग आधुनिक तकनीक, इलेक्ट्रिक वाहनों और रिन्यूएबल एनर्जी प्रणालियों में होता है। वैज्ञानिक सर्वेक्षण बताते हैं कि ग्रीनलैंड में यूरेनियम, जिंक, निकेल, तांबा और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों की संभावनाएं मौजूद हैं, हालांकि बर्फ के नीचे छिपी यह भूगर्भीय संपदा अब तक सीमित रूप में ही दोहन के योग्य रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण जैसे-जैसे बर्फ पीछे हट रही है, वैसे-वैसे भूविज्ञान के नए प्रश्न भी सामने आ रहे हैं। जैसे कि पिघलती बर्फ के नीचे की चट्टानों का व्यवहार और भूकंपीय गतिविधियों पर इसका असर।

समुद्री विज्ञान के क्षेत्र में भी ग्रीनलैंड की भूमिका अहम है। यहां से निकलने वाली ठंडे मीठे पानी की धाराएं अटलांटिक महासागर की थर्मोहेलाइन सर्कुलेशन को प्रभावित करती हैं, जिसे अक्सर महासागरीय कन्वेयर बेल्ट कहा जाता है। यह प्रणाली यूरोप और उत्तरी अमेरिका की जलवायु को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अध्ययनों के अनुसार, ग्रीनलैंड से बढ़ता हुआ मीठा पानी इस परिसंचरण को धीमा कर सकता है, जिससे उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र में ठंडे और अनिश्चित मौसम की संभावना बढ़ सकती है। कुछ मॉडल बताते हैं कि यदि पिघलाव इसी गति से जारी रहा, तो इस सदी के अंत तक महासागरीय परिसंचरण की ताकत में 10 से 20 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है।


जीव विज्ञान और पारिस्थितिकी के लिए भी ग्रीनलैंड एक खुली प्रयोगशाला जैसा है। यहां के आर्कटिक जीव जैसे ध्रुवीय भालू, सील, व्हेल और माइक्रोस्कोपिक प्लवक जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं। समुद्री तापमान में मामूली वृद्धि और बर्फ के घटते क्षेत्र का सीधा असर इनके जीवन चक्र पर पड़ता है। उदाहरण के लिए हाल के अध्ययनों में पाया गया है कि बर्फ के पिघलने से समुद्री शैवाल और प्लवक की मौसमी वृद्धि का समय बदल रहा है, जिसका प्रभाव पूरी खाद्य श्रृंखला पर पड़ता है। यह परिवर्तन स्थानीय समुदायों की आजीविका और पारंपरिक जीवन शैली को भी प्रभावित कर रहा है।

ग्रीनलैंड में वैज्ञानिक अनुसंधान का एक सामाजिक आयाम भी है। यहां की इनुइट आबादी (इनुइट कनाडा, ग्रीनलैंड, अलास्का और रूस के आर्कटिक क्षेत्रों में रहने वाले स्वदेशी लोग हैं) सदियों से बर्फ, समुद्र और मौसम के सूक्ष्म संकेतों के आधार पर जीवन यापन करती आई है। आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक ज्ञान के मेल से पर्यावरणीय परिवर्तनों को अधिक गहराई से समझने की कोशिश की जा रही है। कई अनुसंधान परियोजनाओं में स्थानीय समुदायों को सक्रिय भागीदार बनाया गया है, ताकि आंकड़ों के साथ अनुभवजन्य ज्ञान भी संरक्षित रह सके।

आज जब भू-राजनीति ग्रीनलैंड को रणनीतिक ठिकानों, समुद्री मार्गों और संसाधनों के नजरिए से देख रही है, तब यह याद रखना जरूरी है कि यह द्वीप पहले से ही विज्ञान का एक मौन साक्षी रहा है। यहां की बर्फ में पृथ्वी का इतिहास दर्ज है।

विज्ञान के लिए ग्रीनलैंड दशकों से एक अनोखी प्रयोगशाला रहा है, जहां पृथ्वी के अतीत, वर्तमान और भविष्य को एक साथ पढ़ा जा सकता है।

## आमने सामने



अपनी किताबों में लोग छपवाते हैं कि कोई लोदी है तो कोई गजनी है ये सब हिन्दुस्तानी लुटेरे थे। ये बाहर से नहीं आए थे। राजनीतिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए लोग कहते हैं कि उन्होंने ये तोड़ दिया और वो तोड़ दिया। सब हिन्दुस्तानी थे।
–हामिद अंसारी
पूर्व उपराष्ट्रपति

अंसारी की टिप्पणी कोई अलग घटना नहीं है, बल्कि यह उस पैटर्न का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस से जुड़े लोग बार-बार भारत के मध्यकालीन इतिहास को साफ-सुथरा दिखाने का प्रयास करते हैं। शरजील इमाम और उमर खालिद को युवा नेता बताने के बाद अब कांग्रेस इकोसिस्टम महमूद गजनवी जैसे शासक का महिमामंडन कर रहे हैं।
–शहजाद पूनावाला, भाजपा प्रवक्ता



# मुद्राओं की कमजोरी व सोना-चांदी का बढ़ता प्रभुत्व



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

सोना-चांदी की ऐतिहासिक ऊंचाईयां केवल बाजार की खबर नहीं, बल्कि बदलती हुई वैश्विक चेतना का स्पष्ट संकेत हैं। यह तेजी किसी अचानक उत्साह का परिणाम नहीं, बल्कि लंबे समय से जमा होते असुरक्षा और अविश्वास का विस्फोट हैं। जब दुनिया का आर्थिक तंत्र डगमगाने लगता है, तब निवेशक लाभ की संभावनाओं से अधिक सुरक्षा की तलाश में निकल पड़ते हैं। आज वही स्थिति दिखाई दे रही है। शेयर बाजारों की अस्थिरता और मुद्राओं की कमजोरी ने लोगों को सदियों पुराने भरोसे की ओर लौटने के लिए मजबूर किया है। सोना और चांदी की चमक दरअसल इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक व्यवस्था पर विश्वास कमजोर पड़ चुका है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव इस तेजी की सबसे बड़ी वजह बनकर उभरे हैं। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध की नई परतें, यूरोप की राजनीतिक अस्थिरता, मध्य पूर्व में लगातार सुलगते संघर्ष और लैटिन अमेरिका के संकट ने वैश्विक बाजारों में भय का वातावरण बना दिया है। निवेशक अब यह मानने लगे हैं कि आने वाला समय टकराव और अनिश्चितता से भरा हो सकता है। ऐसे माहौल में जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियां आकर्षण खो देती हैं। पूंजी स्वभाव से ही डरपोक होती है और खतरे की आहट मिलते ही सुरक्षित ठिकानों की ओर भागती है। सोना और चांदी इसी डर का स्वाभाविक आश्रय बनते हैं। यह तेजी बताती है कि दुनिया स्थिरता नहीं बल्कि सुरक्षा खोज रही है।

केंद्रीय बैंकों की रणनीति ने इस प्रवृत्ति को और मजबूती प्रदान की है। जब देश अपनी मुद्रा और आर्थिक संप्रभुता को लेकर चिंतित होते हैं, तब वे सोने की ओर लौटते हैं। बड़े पैमाने पर सोने की खरीद केवल निवेश नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश होती हैं। यह संकेत देता है कि वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में तनाव बढ़ सकता है। जब केंद्रीय बैंक सोने को प्राथमिकता देते हैं, तब बाजार को यह स्पष्ट संदेश मिलता है कि भविष्य में मुद्रा जोखिम गहरा सकता है। आम निवेशक भी इस संकेत को समझता है और उसी दिशा में कदम बढ़ाता है। इस सामूहिक विश्वास से कीमतें केवल मांग के कारण नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक मजबूती के कारण भी बढ़ती हैं।

चांदी की तेजी इस पूरी कहानी में एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ती हैं। यह धातु अब केवल सुरक्षित निवेश का साधन नहीं रही, बल्कि आधुनिक तकनीकी विकास की अनिवार्य जरूरत बन चुकी है। सौर ऊर्जा इलेक्ट्रिक वाहन डिजिटल उपकरण और औद्योगिक उत्पादन में चांदी की मांग तेजी से बढ़ रही है। वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन ने इसकी उपयोगिता को कई गुना बढ़ा दिया है। दूसरी ओर आपूर्ति सीमित है, जिससे कीमतों पर दबाव स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। निवेशक अब चांदी को केवल संकट में सुरक्षा नहीं, बल्कि भविष्य के विकास का माध्यम भी मान रहे हैं। यही दोहरी भूमिका इसकी कीमतों को और अधिक अस्थिर, लेकिन आकर्षक बना रही है।

आर्थिक अनिश्चितता और मौद्रिक नीतियों की दुविधा ने इस उछाल को और गहराई दी है। मुद्रास्फीति की मार और ब्याज दरों को लेकर असमंजस ने कागजी मुद्रा की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब लोगों को लगता है कि उनकी मुद्रा धीरे-धीरे मूल्य खो रही है, तब वे ठोस संपत्तियों की ओर रुख करते हैं। सोना और चांदी इस संदर्भ में मूल्य संरक्षण का सबसे पुराना और भरोसेमंद साधन माने जाते हैं। यह केवल आर्थिक गणना नहीं, बल्कि मानसिक सुरक्षा की तलाश है। लोग भविष्य को लेकर चिंतित हैं और वर्तमान में अपने धन को सुरक्षित रखना चाहते हैं। यही भावना इस रिकॉर्ड तेजी की असली ऊर्जा बन चुकी है।

भारतीय बाजार में इस तेजी का प्रभाव केवल निवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जीवन को भी गहराई से प्रभावित कर रहा है। सोना भारतीय संस्कृति में केवल धातु नहीं, बल्कि परंपरा और भावनाओं का प्रतीक है। शादी विवाह और त्योहारों से जुड़ी उम्मीदें अब महंगाई की दीवार से टकरा रही हैं। आम परिवार के लिए आभूषण खरीदना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है। इसके बावजूद निवेश के स्तर पर यह समय अवसर भी प्रस्तुत करता है। डिजिटल गोल्ड सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड और अन्य वित्तीय विकल्पों ने निवेश को पहले से अधिक सुलभ बना दिया है। लोग धीरे-धीरे भौतिक संग्रह से अधिक वित्तीय सुरक्षा की ओर बढ़ रहे हैं।

इतनी ऊंची कीमतों पर निवेश करते समय सावधानी अनिवार्य हो जाती है। बाजार भावनाओं से चलता है और भावनाएं तेजी से बदल सकती हैं। वैश्विक तनाव यदि किसी मोड़ पर कम होता है, तो कीमतों में उतार-चढ़ाव भी आ सकता है, इसलिए विवेक संतुलन और दीर्घकालिक दृष्टि सबसे जरूरी है। सोना और चांदी को त्वरित लाभ के साधन के बजाय सुरक्षा कवच के रूप में देखना अधिक उचित होगा। यह समय लालच से अधिक समझदारी की परीक्षा है। जो निवेशक भावनाओं के बजाय रणनीति के साथ कदम रखेंगे, वही इस दौर से लाभ उठा पाएंगे।

सोना-चांदी की ऐतिहासिक ऊंचाइयां केवल बाजार की खबर नहीं, बल्कि बदलती हुई वैश्विक चेतना का स्पष्ट संकेत हैं।

## सोशल फोरम

# आदर की परंपरा

किसी के आगे झुककर उसे 'आदर' देना मनुष्यों द्वारा बनाई गई एक क्रिया मात्र है। ये हम मनुष्यों ने बनाया है। जैसे हमने भाषा बनाई। दुनिया में बहुत सारी सभ्यताएं और प्रांत हैं, जहां किसी को आदर देने की बड़ी अलग-अलग क्रियाएं हैं। जैसे- केनिया का मसाई कबीला किसी पर थूक कर उसे आदर और सम्मान देता है। दुनिया में पहले बहुत सारे कबीलों का आदर और सत्कार का तरीक़ा बिल्कुल अलग-अलग हुआ करता था, मगर जैसे-जैसे मनुष्य अपने कबीलों को छोड़कर शहरों, प्रांतों और देशों में बसने लगा, उसने आदर प्रकट करने की यूनिवर्सल प्रक्रिया को मानना शुरू कर दिया। आजकल हमारी ज्यादातर सामाजिक क्रियाएं और परंपराएं वही हैं, जो लगभग हर देशों और प्रांतों में मान्य हैं।



सिद्धार्थ ताबिश
लेखक

अगर आप किसी ईश्वर के आगे झुक रहे हैं और उसे ये पसंद आ रहा है तो वो ईश्वर आप ही के जैसा नहीं हुआ? अगर मसाई कबीले का ईश्वर होता तो वो आपको थूकने का हुक्म देता या किसी और परंपरा का, वो ईश्वर होता तो उस हिसाब से आपसे आदर मांगता। जैसे अरब के लोग झुक कर प्रार्थना करते हैं और अपने ख़ुदा को आदर देते हैं।

आप किसी भी धर्म को मानते हैं या किसी भी ईश्वर की आराधना करते हैं, आप जो भी करते हैं सब खुद से बनाई और स्वयं से समझी गई परंपराएं और क्रियाओं का निर्वहन करते हैं। जैसे आप भिंडी को भिंडी बोलते हैं और अंग्रेज़ उसे 'ओकरा' या 'लेडी फिंगर'। आप किसी अंग्रेज़ के सामने अगर 'भिंडी' कहेंगे और उसे हिंदी नहीं आती है तो वो उसे समझ नहीं आएगा। ऐसे ही आपका बनाया ईश्वर है। आप उसके आगे झुकेंगे, अरबी या संस्कृत में बात करेंगे, तभी वो समझेगा.. नहीं तो वो नहीं समझेगा।

आपका ईश्वर आपका ही प्रतिबिंब होता है। आप कितना भी कहें कि वो सर्वव्यापी है। ये है वो है, वो सब आप ही हैं। सर्वव्यापी और बाकी सारी भाषाएं और परिभाषाएं आपकी ही बनाई हुई हैं और आप उसी गुणों को धारण करने वाले को ईश्वर बोलते हैं। आप ने ही उसे ये धारण करवाई है और आपने ही उसे आदर सूचक क्रिया 'झुकना' को ही एकमात्र आदर समझाया है। कोई आपके सामने झुके तो आप खुश होते हैं, इसलिए आप सोचते हैं कि आपका ईश्वर भी ख़ुश हो रहा होगा, जबकि झुकने को आप ही आदर समझते हैं, दुनिया का कोई अन्य प्राणी नहीं!

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# एविएशन सेक्टर में ठोस कदम उठाने की जरूरत

हवाई यात्रा को लंबे समय तक सबसे सुरक्षित यात्रा माध्यम माना जाता रहा है। आंकड़े भी यही गवाही देते हैं कि सड़क, रेल और जलमार्ग की तुलना में विमान दुर्घटनाएं कहीं कम होती हैं। आधुनिक तकनीक, कड़े सुरक्षा मानक, प्रशिक्षित पायलट और अत्याधुनिक एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम ने हवाई यात्रा को भरोसेमंद बनाया है। इसके बावजूद, पिछले कुछ वर्षों से एविएशन सेक्टर पर लगातार सवाल उठने लगे हैं। रह-रहकर सामने आ रही हवाई दुर्घटनाएं इस भरोसे को झकझोर रही हैं।

इन दुर्घटनाओं के पीछे कई कारण छिपे हैं। कहीं तकनीकी खामियां जिम्मेदार हैं, तो कहीं मानवीय चूक। कई बार विमान का रख-रखाव तय मानकों के अनुसार नहीं होता, तो कभी पायलटों पर बढ़ता कार्य दबाव और लंबी ड्यूटी भी दुर्घटनाओं का कारण बन जाती हैं। मौसम की अनदेखी, एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट में लापरवाही और सुरक्षा नियमों में ढील भी खतरे को बढ़ा देती है। निजीकरण और मुनाफे की होड़ ने कई बार सुरक्षा को दूसरे पायदान पर खड़ा कर दिया है और यही सबसे बड़ा खतरा है।



सुनील कुमार महला
वरिष्ठ पत्रकार

हमारे देश में सड़क दुर्घटनाएं पहले से ही एक गंभीर समस्या हैं, जहां हर साल हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं। रेल और जल दुर्घटनाएं भी कम नहीं हैं, लेकिन जब विमान दुर्घटनाएं होती हैं, तो वे समाज को ज्यादा झकझोरती हैं, क्योंकि आम धारणा यही रही है कि आसमान में यात्रा सबसे सुरक्षित है। ऐसी घटनाएं यह एहसास कराती हैं कि जीवन आज कहीं भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह गया है।

हाल ही में महाराष्ट्र के बारामती में हुए एक दुखद विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन की खबर ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। यह पहला अवसर नहीं है, जब किसी बड़े राजनीतिक नेता की मृत्यु विमान या हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई हो। गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून 2025 को एयर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का निधन हुआ। 8 दिसंबर 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर के पास हुए हेलिकॉप्टर हादसे में भारत के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की मृत्यु हो गई थी। 30 अप्रैल 2011 को अरुणाचल प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री दोरजी खांडू और चार अन्य लोगों की मृत्यु उस समय हो गई, जब उन्हें तवांग से ईटानगर ले जा रहा हेलिकॉप्टर पश्चिमी कामेंग जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

वर्ष 2005 में उद्योगपति और हरियाणा के मंत्री ओम प्रकाश जिंदल तथा कृषि मंत्री सुरेंद्र सिंह की भी एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी, जिन्हें वाईएसआर के नाम से जाना जाता था, की दो सितंबर 2009 को एक हेलिकॉप्टर हादसे में मृत्यु हो गई थी। इसके अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माधवराव सिंधिया की 30 सितंबर 2001 को एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हुई थी। 23 जून 1980 को संजय गांधी की भी एक हवाई दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, जब वे दिल्ली फ्लाइंग क्लब का विमान उड़ा रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष और तेलुगु देशम पार्टी के नेता जीएम सी बालयोगी की तीन मार्च 2002 को हेलिकॉप्टर दुर्घटना में जान चली गई थी।

इन सभी घटनाओं ने भारत में तेजी से बढ़ते एविएशन सेक्टर की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। दुर्घटनाएं पूरी तरह टाली नहीं जा सकतीं। अधिकांश हादसे ऐसे होते हैं, जिन्हें समय रहते सावधानी, सख्त निगरानी और नियमों के ईमानदार पालन से काफी हद तक रोका जा सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# इतिहास व रहस्य का संगम लेपाक्षी

लेपाक्षी मंदिर आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के एक छोटे से गांव में है, जिसे लेपाक्षी गांव के नाम से ही जाना जाता है। इसके सबसे पास का शहर हिंदूपुर है। यह हिंदूपुर शहर से 15 किलोमीटर पूर्व में तथा बेंगलुरु के 120 किलोमीटर उत्तर में स्थित है। मंदिर को कुर्म सैला के विशाल पहाड़ों के बीच चट्टान को काटकर ग्रेनाइट के पत्थरों की सहायता से बनाया गया है। यह पहाड़ एक कछुए के आकार में हैं, इसलिए इन्हें कुर्म सैला/ कुर्मासेलम के नाम से जाना जाता हैं। संस्कृत भाषा में कछुए को कुर्म कहा जाता है।




अजय त्रिवेदी

उप निदेशक युवा कल्याण


## कुर्म सैला की गोद में बसा मंदिर

लेपाक्षी मंदिर कुर्म सैला नामक पहाड़ियों के बीच स्थित है। ये पहाड़ कछुए के आकार के हैं, इसलिए इन्हें कुर्म सैला या कुर्मासेलम कहा जाता है। संस्कृत में 'कुर्म' का अर्थ कछुआ होता है। मंदिर का निर्माण इन विशाल चट्टानों को काटकर ग्रेनाइट पत्थरों से किया गया है। पहली दृष्टि में ही यह स्पष्ट हो जाता है कि यह केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि शिल्प और स्थापत्य का जीवंत इतिहास है।


## रामायण से जुड़ी अमर कथा

लेपाक्षी की पहचान रामायण काल की एक अत्यंत करुण और वीर गाथा से जुड़ी है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण और माता सीता के साथ वनवास के अंतिम चरण में यहां ठहरे थे। इसी दौरान रावण ने मारीच की सहायता से माता सीता का अपहरण किया। पुष्पक विमान से लंका ले जाते समय यह दृश्य जटायु ने देख लिया। जटायु ने रावण से आकाश में भीषण युद्ध किया, लेकिन अंततः रावण ने उसका एक पंख काट दिया। घायल जटायु राम नाम लेते हुए इसी भूमि पर गिर पड़े। जब श्रीराम माता सीता की खोज में यहां पहुंचे, तो उन्होंने जटायु को कराहते हुए पाया।



## 'ले-पाक्षी' से बना लेपाक्षी

श्रीराम ने जटायु का सिर अपनी गोद में रखा और बार-बार "ले पाक्षी, ले पाक्षी" कहते रहे, जिसका तेलुगु भाषा में अर्थ है- 'उठो पक्षी।' जटायु ने माता सीता के अपहरण की पूरी कथा सुनाई और श्रीराम की गोद में ही अपने प्राण त्याग दिए। श्रीराम ने पुत्रवत जटायु का अंतिम संस्कार किया। तभी से इस स्थान का नाम लेपाक्षी पड़ा और मंदिर लेपाक्षी मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हुआ।



## विश्व का विशाल एकाश्म शिवलिंग

लेपाक्षी मंदिर में स्थित स्वयंभू शिवलिंग को विश्व का सबसे बड़ा एकाश्म शिवलिंग माना जाता है। इसे एक ही चट्टान को काटकर बनाया गया है। इसके पीछे सात मुखों वाला विशाल शेषनाग विराजमान है, जो मंदिर को और भी दिव्य, भव्य और रहस्यमय बना देता है। लेपाक्षी की यात्रा केवल एक मंदिर दर्शन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, रामायण की गाथा और प्राचीन स्थापत्य से साक्षात्कार है। यहां हर पत्थर, हर स्तंभ और हर कथा इतिहास और आस्था की कहानी कहती है। लेपाक्षी से लौटते समय मन में यही भाव रहता है कि कुछ स्थल केवल देखे नहीं जाते, वे भीतर तक उतर जाते हैं।

## स्वयंभू शिवलिंग और प्राचीन मान्यताएं

लेपाक्षी मंदिर का इतिहास अत्यंत प्राचीन माना जाता है, जिसकी जड़ें सतयुग से जोड़ी जाती हैं। मान्यता है कि यहां स्थित स्वयंभू शिवलिंग की स्थापना महर्षि अगस्त्य ने की थी। रामायण काल में दो और शिवलिंग स्थापित किए गए—एक भगवान श्रीराम द्वारा और दूसरा भक्त हनुमान द्वारा। लंबे समय तक ये शिवलिंग खुले आकाश के नीचे रहे और बाद में मंदिर का निर्माण हुआ।



## वीरभद्र और शक्ति की उपासना

दक्ष प्रजापति के यज्ञ और माता सती के आत्मदाह के बाद भगवान शिव के रूद्र रूप वीरभद्र के प्रकट होने की कथा भी इस मंदिर से जुड़ी है। मान्यता है कि महर्षि अगस्त्य ने भगवान शिव के इसी वीरभद्र रूप को समर्पित विशाल शिवलिंग और मंदिर का निर्माण यहां करवाया था, जिससे यह स्थान शक्ति और तपस्या का केंद्र बन गया।

## माता सीता का चरणचिह्न

मंदिर परिसर में एक विशाल पैर की छाप दिखाई देती है, जिसे माता सीता का चरणचिह्न माना जाता है। लोक मान्यता के अनुसार जब रावण माता सीता को लंका ले जा रहा था और जटायु घायल होकर यहां गिरे थे, तब माता सीता ने श्रीराम को संदेश देने के लिए यह छाप छोड़ी थी। इस स्थान पर खड़े होकर रामायण की करुण कथा मानो सजीव हो उठती है।





## विजयनगर काल का स्थापत्य वैभव

16 वीं शताब्दी में विजयनगर साम्राज्य के दौरान विरुपन्ना और विरन्ना नामक दो भाइयों ने इस विशाल मंदिर का निर्माण करवाया। मंदिर की स्थापत्य शैली, नक्काशी, स्तंभ और भित्ति-चित्र विजयनगर कला के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। मंदिर निर्माण की तिथि को लेकर मतभेद हैं, लेकिन सामान्यत: इसका निर्माण 1520 से 1585 ईस्वी के बीच पूर्ण माना जाता है। कहा जाता है कि मंदिर की अद्भुत बनावट के पीछे कुछ रहस्यमयी शक्तियों का भी योगदान रहा है, क्योंकि इसकी संरचना आज भी इंजीनियरों और स्थापत्य विशेषज्ञों को चकित करती है।

## नृत्य मंडप और झूलता हुआ स्तंभ

विजयनगर काल में मंदिर के भीतर भव्य नृत्य मंडप का निर्माण किया गया। मान्यता है कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह इसी स्थान पर हुआ था। नृत्य मंडप कभी 70 स्तंभों पर टिका हुआ था। यहां का सबसे बड़ा रहस्य है हैंगिंग पिलर एक ऐसा स्तंभ, जो धरती से कुछ सेंटीमीटर ऊपर उठा हुआ है। 1902 ईसवी में एक अंग्रेज इंजीनियर हैमिल्टन ने इसका रहस्य जानने का प्रयास किया, जिससे एक स्तंभ ऊपर उठ गया, लेकिन टूटा नहीं। आज भी श्रद्धालु इसके नीचे से कपड़ा निकालने का प्रयास करते हैं और इसे मनोकामना पूर्ति से जोड़ते हैं।

# कभी एशिया की सबसे बड़ी कंपनी थी केमू

उत्तराखंड के कुमाऊं में अंग्रेजों द्वारा मोटर मार्ग बनाने से पहले बैलगाड़ी ही यातायात का प्रमुख साधन हुआ करती थी। बैलगाड़ी वाले मार्ग प्रमुख रूप से तीन थे, जिन्हें ' कोर्ट रोड ' कहा जाता था। 1911 में नैनीताल तक सड़क का निर्माण हुआ, तो 1915 में हल्द्वानी से नैनीताल के मध्य यातायात शुरू हुआ। 1920 में मोटर यातायात को अल्मोड़ा से रानीखेत तक बढ़ाया गया। 1921 से 1938 तक कुमाऊं में 13 मोटर कंपनियां पंजीकृत थी, जिनमें मुख्य रूप से हिल मोटर ट्रांसपोर्ट, हरवंश ट्रांसपोर्ट , फौंसिका ट्रांसपोर्ट, नैनीताल मोटर ट्रांसपोर्ट, कुमाऊं मोटर सर्विस कंपनी आदि थी। इन तेरह कंपनियों को आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण हानि उठानी पड़ती थी। अधिकतर कंपनियां घाटे में थी। 1939 में घाटे के कारण नैनीताल मोटर ट्रांसपोर्ट कंपनी डूब गई।




दीपक नौगांई

शिक्षक


घाटे को देखते हुए इन सभी कंपनियों ने एकीकरण का निर्णय लिया और 1939 में कुमाऊं मोटर्स ऑनर्स यूनियन लिमिटेड (केमू) की स्थापना हुई। एक दौर में यह कंपनी एशिया की सबसे बड़ी निजी ट्रांसपोर्ट कंपनी मानी जाती थी।

केमू की स्थापना में ट्रांसपोर्ट कंपनियों के मालिकों के अलावा कई स्थानीय लोगों का भी सहयोग था, जिनमें गोविंद बल्लभ पंत प्रमुख थे। शुरुआत में केमू के महाप्रबंधक काठगोदाम निवासी एंग्लो इंडियन ईजेड फौंसिका थे। उन्होंने कंपनी को आगे




बढ़ाने में काफी मेहनत की और नई बसों का बेड़ा जोड़कर कंपनी को एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वे काठगोदाम स्थित फौंसिका स्टेट में रहा करते थे, जहां कंपनी का ऑफिस भी था। बाद में उन्होंने अपनी जमीन स्कूल और चर्च के निर्माण हेतु दान में दे दी। देवीदत्त तिवारी केमू के पहले सचिव थे, जबकि हरवंश सिंह और लाला बालमुकुंद कंपनी के डॉयरेक्टर थे। बाद में यह कार्यालय काठगोदाम स्थित नरीमन भवन में स्थानांतरित कर दिया गया, जो आज भी वही से संचालित किया जा रहा है। यह भवन मुंबई से आए पासरी नरीमन द्वारा बनाया गया था। केमू कार्यालय की दो शाखाएं रामनगर और टनकपुर में भी खोली गईं। कभी केमू कंपनी में 250 के आसपास वाहन थे। हजारों लोगों को केमू ने रोजगार दिया, तो लोगों को कुमाऊं के दूरस्थ इलाकों तक भी पहुंचाया, लेकिन धीरे-धीरे चुनौतियां बढ़ती गईं। सरकारी परिवहन की बसों की संख्या बढ़ने और उन्हें मुनाफे वाले रास्तों में चलाने के कारण केमू की आय घटती गई और कंपनी घाटे में जाने लगी, लेकिन इन सबके बावजूद केमू का महत्व आज भी बरकरार है।

केमू को आज भी पहाड़ों की लाइफलाइन माना जाता है, जो कठिन और दुर्गम रास्तों में बसें चलाती हैं। खड़ी चढ़ाइयों, तंग सड़कों और कठिन मौसम का सामना करते हुए ये बसें लोगों को उन गांवों तक पहुंचाती हैं, जहां अभी भी रोडवेज या निजी परिवहन सेवा उपलब्ध नहीं है।

# लेखनः अभिव्यक्ति की सशक्त विधा



भाषा हमारे पूर्वजों की अर्जित सामूहिक संपत्ति है। भाषा की उत्पत्ति हमारे पूर्वजों ने इसलिए की थी कि हम अपने गोपनीय मनोभावों का जो अदृश्य है, अज्ञात है, उसको सामने वाले तक पहुंचाया जा सके और साकार या दृष्य रूप में प्रस्तुत या उपस्थित किया जा सके। संदेशों का संप्रेषण किसी भी समाज में भाषा की उपस्थिति का मुख्य कारण रहा है। आज यह जरूर कहा जा रहा है कि जिस भाषा को हमारे पूर्वजों ने गोपनीयता के प्रकाशन के लिए तैयार किया था, आज उसी भाषा से हम अपने मनोभावों के गोपन का कार्य कर रहे हैं। भाषा ने अतीत, वर्तमान और भविष्य तीनों लोकों को प्रकाशित कर रखा है। भाषा में व्यक्त किए जा रहे अनुभवों एवं संवेदनाओं को पीढ़ी-दर-पीढ़ी सुरक्षित-संरक्षित करने हेतु लिपि का पूर्वजों ने संज्ञान किया और भाषा को लिपिबद्ध किया। लिपिबद्ध होने पर भाषा के अंतर्गत बोलचाल या बातचीत के अतिरिक्त ज्ञान और संवेदनाओं के विस्तार के लिए ज्ञान के दो रूपों शास्त्र एवं साहित्य की परिकल्पना करते हुए विभिन्न प्रकार के शास्त्रों और साहित्य की विभिन्न विधाओं में लेखन कार्य प्रारंभ किया गया।



## लेखन जगत की अनिवार्यता

पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन एवं पुस्तकों के संपादन के साथ ही 'संपादकीय' हमारे लेखन जगत की अनिवार्यता बन गई है। उदंत मार्तण्ड से लेकर अद्यतन दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, द्वैमासिक, त्रैमासिक, षट्मासिक, वार्षिक जैसी अवधिवाली पत्र-पत्रिकाओं में संपादकीय एक विशिष्ट सामूहिक अभिव्यक्ति का माध्यम है। संपादकीय में किसी भी संस्था, संगठन, संघ से संबंधित विचारधारा को पारदर्शी तरीके से कम से कम शब्दों में रखने का विधान किया गया है। संपादकीय के द्वारा शासन-सत्ता की चुनौतियों का सामना करते हुए संपादक स्थानीय, राष्ट्रीय एवं वैश्विक समस्याओं पर अपने संस्थान के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने का कार्य करता है। लगभग ज्ञान को प्रकाशित करने वाले प्रत्येक अनुशासन में पत्रिकाएं निकल रही हैं। साहित्य में समग्रता को समेटते हुए और विधापरक पत्रिकाओं की भी प्रगति देखी जा सकती है। स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई से लेकर आपातकाल तक संपादकों की दमदार संपादकीय देखी जा सकती है। आपातकालीन संपादकीय प्रयोगों की एक गौरवशाली शानदार श्रृंखला है। आज तक समस्याओं एवं चुनौतियों का जितना सामना संपादकीय के द्वारा किया गया है, उतना किसी अन्य विधा के द्वारा संभव नहीं हुआ है। गौरतलब है कि भाषा के इस महत्वपूर्ण उपक्रम को अभी तक विधा की मान्यता नहीं दी गई है। हिन्दी साहित्य के इतिहासों से संपादकीय विधा का इतिहास गायब है। जब विधा माना नहीं गया तो इतिहास , उद्भव- विकास लिखने की आवश्यकता भी नहीं रह गई। चर्चित साहित्यिक पत्रिका हंस में गौतम नवलखा ने कई वर्ष पूर्व संपादकीय को एक विधा के रूप में मान्यता देने के लिए एक लेख लिखा था। हंस के 'संपादकीय' गद्य की किसी विधा से ज्यादा चर्चित रहे हैं। आलोचना, पूर्वाग्रह या पहले की पत्रिकाओं के संपादकीय से साहित्य की नीति तय हो जाती थी।


आज भी बौद्धिक समाज और प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए संपादकीय कितनी महत्वपूर्ण हैं, यह बात हम सब जानते हैं। पादकीय गद्य की अप्रतिम, अद्वितीय, अनन्य विधा है। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के हिंदी साहित्य के पाठ्यक्रम में कुलपति महोदय की कुशल निर्देशन के द्वारा अकादमिक क्षेत्र में यह नवाचार संभव हो सका है। हिन्दी जगत के यशस्वी रचनाकार आचार्य विश्वनाथ प्रसाद तिवारी द्वारा संपादित 'दस्तावेज' त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका का एक संपादकीय 'शब्द और कर्म' पाठ्यक्रम में लगाया गया। संपादकीय जगत के इतिहास में यह संपादकीय अद्भुत स्थान रखता है। संपादकीय का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। संपादकीय के विभिन्न रूप विषय और समय गत पत्र-पत्रिकाओं में देखे जा सकते हैं। संपादकीय के तकनीकी पक्षों का अध्ययन अध्यापन होता रहा है, किंतु अब संपादकीय विधा के उद्भव और विकास पर भी विद्वानों का ध्यान गया है। अब इस विधा का भी समग्रता से इतिहास प्रस्तुत किया जाएगा।

## भाषा का घनत्व और संपादकीय

वेदांग के नाम पर छह शास्त्रों से हमारे अध्ययन की शुरुआत आज छह सौ विषयों तक पहुंच चुकी है। वहीं पर साहित्य में महाकाव्य, खंडकाव्य, तुकांत-अतुकांत कविताएं और गद्य के क्षेत्र में निबंध, नाटक, एकांकी, ललित निबंध, रेखा चित्र, रिपोर्ताज, फीचर, संस्मरण, डायरी, पत्र , आत्मकथा, जीवनी, ब्लॉग जैसी विधाएं सामने आई हैं और निरंतर विकसित हो रही हैं। साहित्य और शास्त्र का विभाजन शब्द की अर्थ प्रक्रिया पर निर्धारित की गई है। यदि शब्द से एक निश्चित अर्थ की प्राप्ति हो रही है और अर्थ विचलन नहीं है, तो उसे शास्त्र में प्रयुक्त किया गया और अर्थ की दृष्टि से इसे 'विचारित सुस्थ' कहा गया। शास्त्र में अभिधा अर्थ ही प्रथम और अंतिम है। जबकि साहित्य में अभिधा, लक्षणा, व्यंजना, तात्पर्य जैसे अर्थों की परिकल्पना करते हुए, उसे 'अविचारित रमणीय' नाम दिया गया है। इस अविचारित रमणीय अर्थों वाली दुनिया, जिसे हम साहित्य कहते हैं, जो विभिन्न विधाओं में है। उसमें भाषा का लिखित रूप अपने सर्वोत्तम रूप में संपादकीय में देखा जा सकता है। अर्थ की दृष्टि से भाषा का घनत्व संपादकीय का प्राणतत्व है।

*-प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र, बलरामपुर*

# ज्वाइनिंग की जद्दोजहद और सीनियरिटी की दौड़



## जॉब का पहला दिन

यूं तो नौकरी में लगभग 23 वर्षों का समय गुजर गया है, किंतु उस समय की कुछ धुंधली यादें आज भी जहन में हैं, जिन्हें आपसे साझा कर रहा हूं। सुबह-सुबह डाकिया महोदय घर आए और उन्होंने नियुक्ति आदेश की प्रति प्राप्त कराई, तो जैसे लगा कि दुनिया की सारी खुशियां मिल गईं। झट से हम भी सीधे सीएमओ कार्यालय गए और वहां से मेडिकल कराया तथा बगल में बीएनएसडी इंटर कालेज, कानपुर नगर गए, जहां से इंटर तक शिक्षा प्राप्त की थी, वहां के प्रधानाचार्य महोदय से चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। सारे काम इतनी तेज गति से किए गए कि 11:30 बजे प्रातः ज्वाइनिंग लेने अपर जिलाधिकारी (नगर) के कार्यालय पहुंचे, तो जानकारी दी गई कि वह नहीं हैं, तो अपर जिलाधिकारी (वि/रा) महोदय के कार्यालय पहुंचे और ज्वाइनिंग लेटर के साथ चिकित्सीय प्रमाण-पत्र व चरित्र प्रमाण-पत्र (जैसाकि नियुक्ति आदेश में अंकित था) प्रस्तुत किया। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) महिला अधिकारी थीं, उन्होंने घूरते हुए मुझे देखा और कहा कि इतनी जल्दी कैसे करा लाए? उन्होंने प्रस्तुत चरित्र प्रमाण-पत्र मानने से इंकार किया कहा कि मैं इसको नहीं मानती। जिलाधिकारी कार्यालय में ही तैनात बनारसी तिवारी से मेरे पूर्व के गुरु-चेला के संबंध थे, तो उन्होंने मेरी मदद की और दो चरित्र प्रमाण-पत्र अन्य अधिकारियों से तत्काल बनवा दिए।

आधे घंटे के अंदर फिर मैं मैडम के कक्ष में पहुंच गया। मैडम फिर बोलीं मैं ये भी नहीं मानूंगी। मैडम के चैंबर में अन्य लोग भी बैठे थे, उनके सामने मैडम से थोड़ी सी बहस भी हो गई, क्योंकि मुझे ऐसा महसूस हो रहा था कि मैडम जानबूझकर मुझे ज्वाइन नहीं कराना चाह रही हैं। मैडम भी आगबबूला हो गईं। मैंने फिर कहा कि अब आप जिन अधिकारीगण को बता दें, मैं उनसे ही बनवाकर ले आता हूं। पब्लिक में से कुछ लोग मेरी ओर से बोले कि मैडम इस लड़के ने चार कैरेक्टर दे दिए हैं और कहां से लाएगा? मेरी कोशिश थी कि मेरी ज्वाइनिंग उसी दिन हो जाए ताकि सीनियरटी का फायदा मिल जाए। तब मैडम बोलीं अच्छा जाओ दो और बनवाकर ले आओ। अगर 4 बजे तक आ जाओगे तो ज्वाइनिंग दे दूंगी नहीं तो अगले दिन ही ज्वाइन करना।




नितिन प्रकाश गुप्ता

कानपुर


तिवारी जी ने पुनः मेरी मदद की और दो चरित्र प्रमाण-पत्र अपने निकटस्थ अधिकारीगण से बनवा दिए। मैं 3:00 बजे पुनः मैडम के सामने पेश हो गया और कहाकि आपके कहे अनुसार दो और बनवा लाया हूं। मैंडम ने फिर घूरते हुए मेरे ज्वानिंग लेटर पर अनुमति प्रदान कर दी। कुल मिलाकर पहला दिन सिर्फ ज्वाइनिंग की जद्दोजहद में ही निकल गया। ज्वाइनिंग के बाद ऑफिस के वरिष्ठ साथियों से मिला। बाद में ये जानकारी हुयी कि मैडम किसी और की ज्वाइनिंग पहले कराना चाहती थीं ताकि उसे सीनियरटी मिल सके, लेकिन मेरे सतत प्रयास से ऐसा हो न सका। खैर बाद में मैडम ने मेरी लगन और मेहनत को देखते हुए मुझे पूरा सपोर्ट किया और मुझे अपने लड़के की तरह मानने लगीं। इस तरह नौकरी का पहला दिन सिर्फ ज्वाइनिंग की जद्दोजहद में ही निकल गया।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,269.78 | 25,320.65 |
| गिरावट | 296.59 | 98.25 |
| प्रतिशत में | 0.36 | 0.39 |

सोना 1,69,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 3,84,500 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, शनिवार, 31 जनवरी 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2610, राज श्री 1940, फ़ॉर्चून कि. 2425, रविन्द्रा 2530, फॉर्चुन 13 किग्रा 2145, जय जवान 2140, सचिन 2130, सूरज 2140, अवसर 1945, उजाला 2125, गृहणी 13 किग्रा 1985, क्लासिक (किग्रा) 2325, मोर 2335, चक्र टिन 2375, ब्लू 2215, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2560

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 18000-23000, धनिया 9400-12000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, **प्रति किलो :** लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल प्रति कु. :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8200, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा,5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8400, गौरी प्रीमियम 9800, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4150,लाडली 4100

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9700, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450, मलका दाल 7350-9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 10600, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8900, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 9000, अरहर पटका मोटा 9800, अरहर कोरा मोटा 10100, अरहर पटका छोटा 11500-12000, अरहर कोरी छोटी 13200

**चीनी :** पीलीभीत 4400, बहेड़ी 4220

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 3300, मसूरी- 780, बासमती- 5500, परमल- 1200

**दाल दलहन :** काला चना- 2000, साबुत चना दाल- 1200, मूंग साबुत- 4300, राजमा- 8400-11200, दाल उड़द- 5000, साबुत मसूर दाल- 2000, मसूर दाल- 130, उड़द साबुत- 3400, काबुली चना- 7800, अरहर दाल- 10300, लोबिया/करमानी- 1700

# आम बजट में राजकोषीय घाटे के बजाय ऋण-जीडीपी अनुपात पर जोर देगा केंद्र

### करीब 55 प्रतिशत पहुंच चुका है राजकोषीय घाटा, 4 से 5 प्रतिशत माना जाता है सामान्य

नई दिल्ली, एजेंसी

आने वाले आम बजट में केंद्र सरकार की ओर से किसी खास राजकोषीय घाटे के आंकड़े को लक्षित करने के बजाय ऋण-जीडीपी अनुपात को कम करने पर जोर दिया जाएगा, जो इस समय लगभग 55 प्रतिशत है। ऐसा इसलिए है क्योंकि देश एफआरबीएम कानून में दिए गए राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के मार्ग के लगभग अंत तक पहुंच गया है।

भारत जैसी बढ़ती और विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए 3-4 प्रतिशत का राजकोषीय घाटा सहज और उचित माना जाता है, जिसका उद्देश्य वित्तीय स्थिरता के साथ आर्थिक विस्तार को संतुलित करना है। संशोधित राजकोषीय दायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम)



अधिनियम के तहत, 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी के 4.5 प्रतिशत से नीचे रखा गया था। इसलिए केंद्र सरकार ने ऋण-जीडीपी अनुपात को एक नया मानक घोषित किया है। अगले छह साल का मसौदा एक फरवरी, 2025 को जारी एफआरबीएम वक्तव्य में घोषित किया गया था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई, 2024 के अपने बजट भाषण में कहा था, मेरे द्वारा 2021 में घोषित राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के मार्ग ने हमारी अर्थव्यवस्था की बहुत अच्छी सेवा की है और हमारा लक्ष्य अगले वर्ष घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे लाना है। सरकार इस पथ पर बने रहने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा था कि 2026-27 के बाद से हमारा प्रयास प्रत्येक वर्ष राजकोषीय घाटे को इस तरह रखने का होगा कि केंद्र सरकार का ऋण जीडीपी के प्रतिशत के रूप में घटते क्रम पर रहे। यह कठोर वार्षिक राजकोषीय लक्ष्यों के बजाय अधिक पारदर्शी और परिचालन रूप से लचीले राजकोषीय मानकों की ओर बदलाव को प्रोत्साहित करता है। इसे राजकोषीय प्रदर्शन के अधिक विश्वसनीय माप के रूप में भी मान्यता दी गई है, क्योंकि यह पिछले और वर्तमान वित्तीय निर्णयों के मिलेजुले प्रभावों को दर्शाता है।

### केंद्र का राजकोषीय घाटा बजट अनुमान के 54.5 % पर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर के अंत तक 8.55 लाख करोड़ रुपये रहा जो 2025-26 के बजट लक्ष्य का 54.5 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 56.7 प्रतिशत था। शुक्रवार को इस संबंध में सरकारी आंकड़े जारी किए गए। सरकार का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) जीडीपी का 4.4 प्रतिशत यानी 15.69 लाख करोड़ रुपये रहेगा। महालेखा नियंत्रक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, केंद्र सरकार को दिसंबर, 2025 तक कुल प्राप्तियां 25.25 लाख करोड़ रुपये रही, जो बजट अनुमान का 72.2 प्रतिशत है। दिसंबर तक केंद्र सरकार का कुल व्यय 33.8 लाख करोड़ रुपये रहा। यह 2025-26 के बजट अनुमान का 66.7 प्रतिशत है। इसमें से 25.93 लाख करोड़ रुपये राजस्व मद में और 7.87 लाख करोड़ रुपये पूंजी मद में खर्च किए गए।

## 15 साल में सबसे तेज... ताइवान की जीडीपी 8.6 प्रतिशत बढ़ी

- एआई आधारित वैश्विक मांग और निर्यात से आया तेज उछाल

ताइपे, एजेंसी

ताइवान की अर्थव्यवस्था वर्ष 2025 में 8.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो 15 वर्षों में सबसे तेज है। यह वृद्धि मुख्य रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी वैश्विक मांग और निर्यात में तेज उछाल का नतीजा है। ताइवान की सांख्यिकी एजेंसी की तरफ से शुक्रवार को जारी अग्रिम अनुमानों के मुताबिक, यह वृद्धि दर 2010 के बाद सबसे अधिक है और अर्थशास्त्रियों के पूर्वानुमानों से कहीं बेहतर रही।

निर्यात-आधारित उद्योगों, खासकर प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने इस आर्थिक विस्तार में अहम भूमिका निभाई। आंकड़ों के मुताबिक ताइवान का कुल निर्यात 2025 के दौरान सालाना आधार पर करीब 35 प्रतिशत बढ़ा। इसमें प्रौद्योगिकी से जुड़े उत्पादों एआई सर्वर, सेमीकंडक्टर (चिप) और सटीक उपकरणों की हिस्सेदारी सर्वाधिक रही। जनवरी की शुरुआत में ताइवान ने अमेरिकी प्रशासन के साथ एक व्यापार समझौता किया था जिसके तहत अमेरिका ने ताइवान से आयात पर शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया। इसके बदले में ताइवान ने सेमीकंडक्टर और एआई जैसे क्षेत्रों में अमेरिका में 250 अरब डॉलर के निवेश का वादा किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऊंचे आधार प्रभाव के कारण आगे चलकर वृद्धि की रफ्तार धीमी हो सकती है। डॉयचे बैंक ने 2026 में ताइवान की आर्थिक वृद्धि 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

## शेयर बाजार में तीन दिन से चल रही तेजी थमी सेंसेक्स 297 अंक टूटा

**मुंबई।** शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 297 अंक और एनएसई निफ्टी 98 अंक टूट गया। धातु, आईटी शेयरों में बिकवाली के साथ एक फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले निवेशकों के सतर्क रुख से बाजार नुकसान में रहा।

विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और रुपये में कमजोरी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई सेंसेक्स 296.59 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 82,269.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 625.34 अंक तक नीचे आ गया था। पचास एनएसई निफ्टी 98.25 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,320.65 अंक पर बंद हुआ। टाटा स्टील में सबसे ज्यादा 4.57 प्रतिशत की गिरावट आई। आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और कोटक महिंद्रा बैंक में भी गिरावट रही।

## भारतीय निर्यातकों को मिलेगा बड़ा बाजार : मूडीज

**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौता भारत को अपने व्यापारिक संबंधों में विविधता लाने में मदद करेगा। साथ ही अमेरिकी शुल्कों के कारण बढ़ती अनिश्चितता के बीच निर्यातकों को व्यापक बाजार तक पहुंच मिलेगी।

भारत और यूरोपीय संघ के बीच समझौते की घोषणा 27 जनवरी को हुई थी। इसके इसी साल हस्ताक्षरित और लागू होने की संभावना है। मूडीज ने कहा, भारत के लिए, यह समझौता व्यापारिक संबंधों को चुनिंदा रूप से विविधतापूर्ण बनाने के उसके प्रयासों को दर्शाता है। साथ ही यह अमेरिका के शुल्क बढ़ाने से पैदा होने वाली व्यापारिक अस्थिरता के खिलाफ बचाव प्रदान करता है।

# भारत ने ऊर्जा क्षेत्र में हर चुनौती को अवसर में बदला: हरदीप पुरी

अनिल त्रिगुणायत,गोवा



हरदीप पुरी से सर्वश्रेष्ठ ऑयल कंपनी का पुरस्कार लेते ओएनजीसी के अधिकारी।

अमृत विचारः पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि विगत कई दिनों से विश्व में उथल-पुथल मची हुई है। सत्ता संतुलन को लेकर तनातनी तो है ही, ऊर्जा के वर्चस्व को लेकर भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। ऐसी परिस्थिति में भी भारत सरकार अपने ऊर्जा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा को लेकर कृतसंकल्प है। हमारे देश में ऊर्जा की मांग और आपूर्ति सुदृढ़ बनी हुई है। भारत में ऊर्जा कीमतें दुनिया में सबसे कम हैं।

27 से 30 जनवरी के मध्य गोवा राज्य स्थित ओएनजीसी परिसर में आयोजित "भारत ऊर्जा सप्ताह" के समापन अवसर पर पुरी ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारत के मजबूत तैयारी के साथ सतत खड़ा होने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि वैश्विक ऊर्जा के क्षेत्र में हमारा देश संवाद का बड़ा केंद्र बना हुआ है। देश की ऊर्जा रणनीति विविधीकरण, सशक्कतता व भविष्य के अनुकूल बदलावों पर आधारित है। ऊर्जा आपूर्ति के स्रोत के विविधीकरण और स्वच्छ की ओर तीव्रतम बदलाव के जरिए हमने संबंधित चुनौतियों को अवसर में बदला है। पुरी ने जोर देते हुए कहा कि भारत ऊर्जा की उपलब्धता किफायती दामों पर करता रहेगा,निरंतरता सुनिश्चित करता रहेगा।उन्होंने पारंपरिक ईंधनों में अनवरत निवेश के साथ साथ कंप्रेस्ड बायो गैस(सीबीजी),हरित हाइड्रोजन,स्वदेशी स्वच्छ ऊर्जा पर कार्य करने की जिजीविषा दिखाई। पुरी ने कहा कि भारत में पारंपरिक ऊर्जा जरूरी रहेगी,लेकिन इथेनॉल ब्लेंडिंग से लेकर सीबीजी,हाइड्रोजन व बायो ऊर्जा के उत्पादन तथा नवाचार पर हम पूरा जोर लगाए हैं। हमारा मंत्रालय हरित ऊर्जा उत्पादन को लेकर भगीरथ प्रयास कर रहा है। इस सम्मेलन में आए ऊर्जा विशेषज्ञों ने माना कि घरेलू स्तर पर ऊर्जा अन्वेषण, स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार और स्थिर मूल्य निर्धारण से भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ी है। इस संदर्भ में पेट्रोलियम मंत्री ने बताया कि भारत ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में निरंतर प्रदर्शन किया है । आगे भी अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा चर्चा में केंद्रीय भूमिका निभाता रहेगा।

### भारत ऊर्जा सप्ताह सम्मेलन

- कहा,विश्व में अस्थिरता के बावजूद भी ऊर्जा की घरेलू मांग व आपूर्ति रही सुदृढ़
- भारत में ऊर्जा की कीमतें दुनिया में सबसे कम, उत्तम सुविधाओं में कमी नहीं

### जामनगर सर्वश्रेष्ठ रिफाइनरी

भारत ऊर्जा सप्ताह सम्मेलन के समापन अवसर पर स्टार्टअप्स,ऊर्जा अकादमियों व उद्योग में नवाचार,तकनीकी उत्कृष्टता तथा नेतृत्व को मान्यता देने वाले पुरस्कार दिए गए। इसी कड़ी में जामनगर को सर्वश्रेष्ठ रिफाइनरी का अवॉर्ड। शोध और विकास के लिए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन को,पाइपलाइन परिवहन के लिए भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन को तथा ओएनजीसी को सर्वश्रेष्ठ "ऊर्जा खोजकर्ता" का सर्वश्रेष्ठ कंपनी का पुरस्कार दिया गया।

## विदेशी मुद्रा भंडार 709.41 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह में ये 14.16 अरब डॉलर बढ़कर 701.3 अरब डॉलर रहा था।



मुद्रा भंडार सितंबर 2024 में 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था, लेकिन हाल के दिनों में इस पर दबाव देखा गया। खासकर तब जब रुपये में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग किया गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.36 अरब डॉलर बढ़कर 562.88 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं में मूल्य वृद्धि या मूल्यह्रास के प्रभाव शामिल होते हैं।



# राकांपा के दोनों धड़ों के विलय की जिला परिषद चुनाव के बाद घोषणा होना तय

### अजित पवार के निधन से पहले अंतिम दौर में पहुंच चुकी थी वार्ता, अब और तेजी आने की उम्मीद

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के दिवंगत उप मुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे में हुए निधन के बाद उनके नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और उनके चाचा एवं राजनीति के दिग्गज माने जाने वाले शरद पवार नीत राकांपा (शप) के प्रस्तावित विलय की प्रक्रिया में तेजी आ सकती है। दावा किया जा रहा है कि विलय की घोषणा जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव नतीजों के फौरन बाद हो सकती है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक बुधवार को अजित पवार की विमान हादसे में मौत की दुखद घटना के बावजूद सत्तारूढ़ राकांपा और राकांपा (शप)के वार्ताकारों ने विलय की प्रक्रिया के पूरी तरह सही दिशा में आगे बढ़ने का दावा किया है। सूत्रों ने बताया कि पुणे और पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका चुनावों में एक साथ मैदान में उतरकर जमीनी स्थिति का जायजा लेने के बाद अजित पवार ने विलय प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक समयबद्ध योजना तैयार की थी। दोनों दलों के सूत्रों ने स्वतंत्र रूप से पुष्टि की कि विलय की बातचीत अंतिम चरण में है। कहा जा रहा है कि परिवार और पार्टी को फिर एकजुट करने की प्रक्रिया पहले से चल रही थी। अजित पवार ने खुद वरिष्ठ नेताओं के साथ मतभेदों को दूर करने के लिए कई दौर की बातचीत की थी।

अजित पवार के पिछले चार दशकों से करीबी विश्वासपात्र रहे किरण गूजर ने दावा किया है कि दिवंगत नेता राकांपा के दोनों धड़ों का विलय करने के प्रति दृढ़ संकल्पित थे। गूजर ने बृहस्पतिवार को बताया कि जित पवार दोनों धड़ों के विलय को लेकर दृढ़ थे। उन्होंने पांच दिन पहले बताया था कि इसकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अगले कुछ दिनों में विलय होने वाला है। गुजर ने कहा, पवार साहब, सुप्रिया सुले और अन्य नेताओं के साथ सकारात्मक बातचीत चल रही थी और साफ संकेत थे कि शरद पवार इस कदम का समर्थन करेंगे।




अजित पवार के निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पुणे में जगह-जगह होर्डिंग लगाए गए हैं।

### सीआईडी को सौंपी गई विमान हादसे की जांच

**मुंबई।** विमान दुर्घटना में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की मृत्यु की जांच राज्य के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी गई है। शुरुआत में यह जांच पुणे ग्रामीण पुलिस कर रही थी। पुणे ग्रामीण पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में बीएनएस की धारा 194 के तहत आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया था। सरकार ने पुणे ग्रामीण पुलिस को अब तक जुटाए गए मामले के विवरण और सुबूत राज्य सीआईडी को सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि राज्य सीआईडी ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

### विलय के बाद भी सरकार को खतरा नहीं, पर बदलेंगे सियासी समीकरण

राकांपा (शप) से जुड़े सूत्रों ने बताया कि बुधवार को हुए विमान हादसे से पहले दोनों पक्ष बातचीत के फाइनल दौर में पहुंच चुके थे, और आगामी जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के समापन के तुरंत बाद आठ फरवरी को विलय की घोषणा किए जाने की योजना थी। अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के पास महाराष्ट्र विधानसभा में 40 सीट हैं। इनमें अजित पवार के निधन से उनकी बारामती सीट खाली हो गई है। शरद पवार नीत धड़े के 10 विधायक हैं। सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि क्या विलय के बाद भी राकांपा भाजपा के नेतृत्व वाली 'महायुति' सरकार का हिस्सा बनी रहेगी। हालांकि, राकांपा के राज्य सरकार से अलग होने की स्थिति में भी संख्याबल के आधार पर देवेंद्र फडणवीस सरकार को कोई खतरा नहीं है। वर्तमान में भाजपा, राकांपा और शिंदे नीत शिवसेना के गठबंधन महायुति के पास 288 सदस्यीय विधानसभा में 235 विधायक हैं। इनमें 57 सीटें शिवसेना शिंदे गुट की हैं।

### सुनेत्रा होंगी विधायक दल की नेता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने शुक्रवार को कहा कि राकांपा की विधायक दल की बैठक 31 जनवरी को होगी, जिसमें दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा को नेता चुना जाएगा। भुजबल ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट कर दिया है कि उपमुख्यमंत्री के रूप में उनका शपथ ग्रहण समारोह यदि शनिवार को ही होता है, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते इस संबंध में निर्णय पार्टी के विधायक दल द्वारा लिया जाए।




## बापू एक व्यक्ति नहीं सोच हैं, जिसे अहंकारी सत्ता ने की मिटाने की असफल कोशिश : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया और कहा कि बापू एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सोच हैं जो कभी मिट नहीं सकती क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस सोच को कभी अंग्रेजी साम्राज्य ने, कभी नफरत की विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की असफल कोशिश की।

उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, राष्ट्रपिता ने हमें आज़ादी के साथ यह मूलमंत्र दिया कि सत्ता की ताक़त से बड़ी सत्य की शक्ति होती है और हिंसा व भय से बड़े अहिंसा और साहस। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सोच मिट नहीं सकती, क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं। राहुल गांधी ने कहा, बापू को उनके शहीदी दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि।

## फोन से फर्जी एसएमएस भेजकर ठगी करने वाला विंगो एप सरकार ने किया ब्लॉक

**नई दिल्ली।** सरकार ने विंगो एप को उपयोगकर्ताओं (यूजर्स) के फोन से फर्जी एसएमएस भेजने और उनका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर साइबर अपराध करने के आरोप में ब्लॉक कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय और उसकी साइबर अपराध रोधी एजेंसी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने एंड्रॉइड एप के खिलाफ कई शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की। ये संदेश रोज 1.53 करोड़ लोगों तक पहुंचते थे।

एजेंसी के मुताबिक एप उपयोगकर्ता अनजाने में साइबर अपराधियों की संदेश आधारित एसएमएस धोखाधड़ी नेटवर्क में भागीदार बन रहे थे। शिकायतों के बाद सरकार ने एप के नियंत्रण केंद्र को ब्लॉक कर दिया। आई4सी ने बताया कि 1.53 लाख उपयोगकर्ताओं वाले चार टेलीग्राम चैनल और एप का प्रचार करने वाले 50 से अधिक यूट्यूब वीडियो भी ब्लॉक कर दिए गए हैं। आई4सी के अनुसार, एक बार उपयोगकर्ता द्वारा एप डाउनलोड करने के बाद यह साइबर अपराध करने के लिए उपयोगकर्ता के फोन के माध्यम से संदेश भेजना शुरू कर देता था। एजेंसी ने बताया कि एप से मिलने वाले छोटे-छोटे दैनिक भुगतानों के लालच में आकर 1.53 लाख से अधिक उपयोगकर्ता अनजाने में इन साइबर अपराधों का हिस्सा बन गए।

## गजनी को भारतीय लुटेरा बताने पर भाजपा हामिद अंसारी पर हमलावर

- विदेशी आक्रमणकारियों के महिमा मंडन का लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने शुक्रवार को महमूद गजनी को भारतीय लुटेरा कहने के लिए पूर्व उपराष्ट्रपति एम हामिद अंसारी की कड़ी आलोचना की और आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके समर्थक विदेशी आक्रमणकारियों का महिमामंडन करते हैं और हिंदू विरोधी अत्याचारियों का गुणगान करते हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विदेशी आक्रमणकारियों और लुटेरों के प्रति अंसारी का स्नेह उनकी बीमार मानसिकता को दर्शाता है। अंसारी ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा था कि महमूद गजनी समेत इतिहास की किताबों में जिन्हें विदेशी आक्रमणकारी और लुटेरा बताया गया है, वे वास्तव में भारतीय लुटेरे थे। अंसारी ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि इतिहास की किताबों में जिन्हें हम विदेशी आक्रमणकारी बताते हैं, उनमें एक लोदी है, कोई एक गजनी है और कुछ अन्य। वे सभी भारतीय लुटेरे थे। पूर्व उपराष्ट्रपति को एक पत्रकार को दिए साक्षात्कार में यह कहते हुए सुना गया कि, वे बाहर से नहीं आए थे। राजनीतिक रूप से यह कहना सुविधाजनक है कि उन्होंने इसे और उसे नष्ट कर दिया। लेकिन वे सभी भारतीय थे।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोमनाथ मंदिर को नष्ट और अपवित्र करने वाले गजनी की प्रशंसा करने के लिए पूर्व उपराष्ट्रपति की कड़ी आलोचना की। पूनावाला ने 'एक्स' पर कहा, शरजील इमाम और उमर खालिद को युवा कहने के बाद अब कांग्रेस समर्थक और हामिद अंसारी सोमनाथ मंदिर को नष्ट करने वाले गजनी की प्रशंसा कर रहे हैं। वे महमूद गजनी की प्रशंसा करते हैं, वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विरोध करते हैं, वे औरंगजेब और हिंदुओं पर अत्याचार करने वालों के अपराधों को छिपाते हैं।

# कर्नाटक: ठेकेदारों का 38,000 करोड़ बकाया पूरे राज्य में काम बंद करने की दी धमकी

- सिद्दारमैया ने पिछली भाजपा सरकार पर लगाया बकाया छोड़ने का आरोप

बेंगलुरु, एजेंसी


कर्नाटक में ठेकेदारों ने करीब 38,000 करोड़ रुपये की बकाया राशि का भुगतान न होने पर पूरे राज्य में काम रोकने और हड़ताल करने की धमकी दी है। भाजपा और कांग्रेस के नेता इस स्थिति के लिए एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने पिछली भाजपा सरकार पर बकाया छोड़ने का आरोप लगाया है।

कर्नाटक राज्य ठेकेदार संघ के अध्यक्ष मंजूनाथ ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया से बार-बार अपील के बावजूद कई मुद्दे अब भी अनसुलझे हैं। उन्होंने चिक्काबल्लापुर के ठेकेदार मुनेगौड़ा के चिंताजनक मामले पर भी जोर दिया, जिन्होंने पैसों की तंगी का हवाला देकर आत्महत्या की कोशिश की थी। उन्होंने कहा, हमने ठेकेदारों के बकाये के लिए अलग-अलग विभाग और मंत्रियों से कई बार आग्रह किया। सरकार हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। हम मुख्यमंत्री से अपील करते हैं कि वे तुरंत ठेकेदारों की बैठक बुलाएं। अगर हमारी समस्याएं हल नहीं हुईं तो फरवरी से काम ठप कर दिया जाएगा। हमने 5 मार्च को हड़ताल करने की योजना भी बनाई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी लिखा है। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि बकाया बिल पिछली भाजपा सरकार ने छोड़े थे। कर्नाटक के मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने कहा

### भाजपा ने सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया

यह मामला अब एक बड़े राजनीतिक विवाद में तब्दील हो गया है। राज्य भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार ने भुगतान में देरी करके और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर कर्नाटक को एक एटीएम बना दिया है, हालांकि सत्ताधारी दल ने इन दावों को खारिज कर दिया है। रिपोर्टों में दावा किया गया है कि निविदा की मंजूरी में भ्रष्टाचार और बिचौलियों के प्रभाव ने स्थिति को और खराब कर दिया है, विशेष रूप से शहरी विकास विभाग में, जहां बड़ी फर्मों के पक्ष में छोटे ठेकेदारों को हाशिये पर धकेल दिया गया है। बकाया बिल सबसे अधिक जल संसाधन और लोक निर्माण विभाग में हैं।

## ये कौन चित्रकार...



जम्मू-कश्मीर के अनेक इलाकों में जमकर बर्फबारी हुई है। ताजा बर्फ से पहाड़, घर, सड़कें सफेद चादर में लिपट गई हैं। घरों और पेड़ों पर बर्फ ने विविध मनमोहक आकृतियां बना दी हैं। अनंतनाग जिले में ताजा बर्फबारी के बाद का एक मनमोहक दृश्य।

# भविष्य की ऊर्जा

## एक अनिवार्य परिवर्तन

आज दुनिया ऊर्जा विकल्पों को लेकर दोराहे पर खड़ी है। एक तरफ हमारी आधुनिक सभ्यता की भूख बढ़ती जा रही है और दूसरी तरफ जिन पारंपरिक स्रोतों (कोयला, तेल, गैस) ने हमें यहां तक पहुंचाया, वे तेजी से समाप्त हो रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की रिपोर्टों के अनुसार, जीवाश्म ईंधन न केवल सीमित हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के सबसे बड़े कारक भी हैं। वैश्विक तापमान में वृद्धि और पारिस्थितिक असंतुलन ने दुनिया के देशों को चिंतित कर दिया है।भविष्य के ऊर्जा विकल्प अब केवल विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता बन चुके हैं। हम एक ऐसे युग की ओर बढ़ रहे हैं जहां ऊर्जा का उत्पादन केवल आर्थिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि पृथ्वी को बचाने के लिए किया जाएगा। सौर, पवन, भू-तापीय और सबसे महत्वपूर्ण रूप से हरित हाइड्रोजन इस परिवर्तन के केंद्र में हैं।



### भारत में ऊर्जा नवाचार

- **सौर ऊर्जा की छलांग :** भारत ने इंटरनेशनल सोलर एलायंस (आईएसए) की नींव रखी। भारत दुनिया के सबसे बड़े सौर पार्क स्थापित कर रहा है।
- **पीएम कुसुम योजना :** किसानों को सौर पंप प्रदान कर उन्हें ऊर्जा उत्पादक बनाने की दिशा में मिनिस्टरी ऑफ न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी (एमएनआरई) सक्रिय है।
- **इलेक्ट्रिक मोबिलिटी :** फेम-2 योजना के जरिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा दिया जा रहा है।
- **परमाणु ऊर्जा :** थोरियम परमाणु रिएक्टरों पर अनुसंधान में भारत अग्रणी।

### अतंर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच की भूमिका

- **संवाद का मंच :** अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच (आईईएफ) तेल और गैस के उत्पादक और उपभोक्ता देशों के बीच एक सेतु का कार्य करता है ताकि वैश्विक बाजारों में ऊर्जा उत्पादन की स्थिरता बनी रहे।
- **ऊर्जा सुरक्षा :** यह सुनिश्चित करना कि ऊर्जा की आपूर्ति निर्बाध बनी रहे और कीमतों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव न हो।
- **डेटा पारदर्शिता :** ज्वाइंट आर्गनाइजेशन डाटा इनीशिएटिव के माध्यम से, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच (आईईएफ) ऊर्जा आंकड़ों में पारदर्शिता लाता है, जिससे देशों को बेहतर नीति निर्धारण में मदद मिलती है।
- **संक्रमण का प्रबंधन :** आईईएफ वर्तमान में पारंपरिक ऊर्जा से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने के लिए तकनीकी और वित्तीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

### हरित हाइड्रोजन

- हरित हाइड्रोजन वह हाइड्रोजन है जिसका उत्पादन इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है, जिसमें अक्षय ऊर्जा (सौर या पवन) का उपयोग करके पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़ा जाता है। ऊर्जा विकल्प में इसका प्रमुख स्थान है, इसे भविष्य का ईंधन कहा जाता है क्योंकि इसका दहन होने पर केवल पानी निकलता है, कोई प्रदूषण नहीं। इसे भारी उद्योगों (स्टील, सीमेंट) और लंबी दूरी के परिवहन (जहाज, ट्रक) में इस्तेमाल किया जा सकता है जहां बैटरी काम नहीं करती।

### भारत में स्थिति

- भारत ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया है, जिसका लक्ष्य 2030 तक प्रति वर्ष 5 मिलियन टन उत्पादन करना है। भारत का लक्ष्य दुनिया में सबसे सस्ती हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। भारत हरित हाइड्रोजन का वैश्विक निर्यातक बन रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### गाजा की रफा चौकी फिर खोलेगा इजराइल

**यरुशलम।** इजराइल ने शुक्रवार को कहा कि वह गाजा की मिस्र के साथ लगी रफा सीमा चौकी को रविवार को फिर से खोल देगा। करीब दो साल बाद इस चौकी को फिर से खोले जाने से फलस्तीनियों को क्षेत्र में प्रवेश करने और बाहर निकलने की अनुमति मिलेगी। गाजा को सहायता पहुंचाने के समन्वय के लिए जिम्मेदार इजराइली सैन्य इकाई सीओजीएटी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि केवल सीमित आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। रफा सीमा चौकी को खोला जाना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा युद्धविराम योजना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

### अफगानिस्तान का पहला कैंसर केंद्र खुला

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि काबुल में अफगानिस्तान का पहला विशेष कैंसर केंद्र खुल गया है। मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय कैंसर निदान एवं उपचार अस्पताल के रूप में आधिकारिक तौर पर नामित इस नए चिकित्सा केंद्र ने परिचालन शुरू कर दिया है और यह देश भर के कैंसर रोगियों को निदान और विशेष देखभाल प्रदान करेगा। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री नूर जलाल जलाली ने चिकित्सा विशेषज्ञों को तैयार करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की योजना की घोषणा की।

### मानव तस्करी में भारतीय पर मुकदमा

**न्यूयॉर्क।** कनाडा से अमेरिका की उत्तरी सीमा के रास्ते भारतीय नागरिकों की अवैध तस्करी में संलिप्तता के आरोप में 22 वर्षीय भारतीय व्यक्ति पर यहां मुकदमा चलाया गया है। शिवम नामक व्यक्ति पर अमेरिका में विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से प्रवेश कराने की साजिश रचने और निजी वित्तीय लाभ के उद्देश्य से विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से अमेरिका लाने के आरोप लगाए गए हैं। न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत ने इस साजिश में उसकी भूमिका के लिए बुधवार को उसके खिलाफ आरोप तय किए।

### भारतीय मूल के तस्कर को 20 साल की जेल

**लंदन।** उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड की एक अदालत ने भारतीय मूल के एक तस्कर को हथियारों और मादक पदार्थों से जुड़े कई अपराधों की साजिश रचने के आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई। 47 वर्षीय नागेंदर गिल ने कार्ल इयान जोन्स (59) और हार्ली वाइज (29) के साथ साजिश में एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म एनक्रोचैट पर इंडियनओशियन नाम का प्रयोग किया।

# अमेरिका ने यूरोप के कई ठिकानों पर तैनात किए एफ-35ए विमान

## ईरान से हाल में बढ़े तनाव के बीच इन विमानों के गंतव्य को लेकर लग रहे कयास

- **राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी है ईरान पर हमला करने की धमकी**

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी वायुसेना ने ईरान के साथ बढ़े हाल के तनाव के बीच अपनी पांचवीं पीढ़ी के एफ-35ए लड़ाकू विमानों को यूरोप में तैनात करना शुरू कर दिया है। हालांकि, इन विमानों का अंतिम गंतव्य फिलहाल स्पष्ट नहीं है। द वॉर ज़ोन पोर्टल ने ओपन-सोर्स डेटा के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, ये एफ-35ए लड़ाकू विमान पहले वेनेजुएला से जुड़े एक अमेरिकी ऑपरेशन के तहत प्यूर्टो रिको में तैनात थे और अब पुर्तगाल के लाजेस एयर बेस पर उतरे हैं।

सोशल मीडिया पर उपलब्ध एक वीडियो में इन विमानों की लैंडिंग देखी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे पहले अमेरिकी एफ/ए-18जी लड़ाकू विमान भी स्पेन की ओर उड़ान भर चुके हैं। द वॉर ज़ोन के मुताबिक, जून 2025 में ईरान पर किए गए अमेरिकी हमले के दौरान ईरानी वायु रक्षा प्रणाली को निष्क्रिय करने में एफ-35ए विमानों ने अहम भूमिका निभाई थी। गौरतलब है कि दिसंबर 2025 के अंत में ईरान में स्थानीय मुद्रा रियाल के कमजोर होने से महंगाई बढ़ने की आशंकाओं के बीच विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। कई शहरों में ये प्रदर्शन हिंसक हो गए और प्रदर्शनकारियों व पुलिस के बीच झड़पें हुईं। इस दौरान सरकार विरोधी नारे भी लगाए गए। रिपोर्टों में सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के हताहत होने की भी खबरें आई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह कहा था कि एक विशाल नौसैनिक बेड़ा तेज़ी से और पूरी ताकत के साथ ईरान की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि कोई समझौता नहीं होता है, तो भविष्य में ईरान पर होने वाला कोई भी अमेरिकी हमला पहले से कहीं अधिक गंभीर होगा। ट्रंप इससे पहले ईरान में प्रदर्शनकारियों के समर्थन की घोषणा कर चुके हैं।



### क्यूबा को तेल निर्यातक देशों पर अतिरिक्त टैरिफ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा पर अतिरिक्त दबाव डालने के उद्देश्य से इस द्वीपीय देश को तेल निर्यात करने वाले देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अतिआवश्यक कदम बताते हुए गुरुवार को यह कदम उठाया है, जिसके तहत उन सभी देशों से अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो क्यूबा को तेल की आपूर्ति करते हैं। इसके पीछे तर्क दिया गया कि क्यूबा अमेरिका के प्रति शत्रुता रखने वाले रूस, चीन और ईरान जैसे देशों से संबंध रखता है। हिज़्बुल्लाह और हमास समूहों को भी पनाह देता है।

### ईरान के गृहमंत्री पर लगाए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को ईरान के गृह मंत्री एस्कंदर मोमेनी पर प्रतिबंध लगाए। उन पर पूरे देश में विरोध प्रदर्शनों को दबाने का आरोप लगाया गया है, जिनमें तेहरान की धार्मिक नेतृत्व वाली सरकार को चुनौती दी गई थी। ये पाबंदियां दमनकारी कार्रवाई को लेकर उच्च पदस्थ अधिकारियों को निशाना बनाते हुए अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा की गई नवीनतम कार्रवाई हैं। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि मोमेनी ने ईरान के उन कानून लागू करने वाले सुरक्षा बलों की निगरानी की है, जो हजारों शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की मौत के लिए जिम्मेदार हैं। ईरान में आर्थिक संकट के कारण दिसंबर के उत्तरार्द्ध में प्रदर्शन शुरू हुए थे।

## अमेरिका भारत को सौंपेगा तीन प्राचीन कांस्य की मूर्तियां

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका भारत को तीन प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा जिन्हें देश के मंदिरों से अवैध रूप से हटा दिया गया था। वाशिंगटन डीसी स्थित स्मिथसोनियन नेशनल म्यूज़ियम ऑफ एशियन आर्ट ने कहा कि तीन मूर्तियां भारत सरकार को वापस की जाएंगी। गहन जांच के बाद इन मूर्तियों के स्त्रोत का पता लगाया गया और रिपोर्ट में यह कहा गया कि इन मूर्तियों को मंदिरों से अवैध रूप से हटाया गया था। संग्रहालय के बयान में कहा गया है कि भारत सरकार ने मूर्तियों में से एक को दीर्घकालिक ऋण पर देने पर सहमति व्यक्त की है। इस तरह की व्यवस्था के तहत संग्रहालय को वस्तु की उत्पत्ति, उन्हें हटाए जाने और वापसी की पूरी कहानी को सार्वजनिक रूप से साझा करने की अनुमति मिल जाएगी। ये मूर्तियां चोल काल (लगभग 990 ईस्वी) की शिव नटराज, चोल काल (12वीं शताब्दी) की सोमस्कंद और विजयनगर काल (16वीं शताब्दी) की संत सुंदरार विद परवई हैं। ये मूर्तियां दक्षिण भारतीय कांस्य ढलाई की समृद्ध कलात्मकता का उदाहरण हैं, जिन्हें पारंपरिक रूप से मंदिर की शोभा यात्राओं में ले जाया जाता था। बयान में कहा गया है कि शिव नटराज प्रतिमा को दीर्घकालिक ऋण पर रखा जाना है।

# बहुध्रुवीयता की जरूरत पर संरा प्रमुख का जोर

- **भारत-यूरोपीय संघ में व्यापार समझौते का दिया हवाला**

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का हवाला देते हुए बहुध्रुवीयता का समर्थन करने की आवश्यकता पर जोर दिया और अमेरिका एवं चीन का परोक्ष संदर्भ देते हुए कहा कि वैश्विक समस्याओं का समाधान एक ही ताकत का हुकुम चलने से नहीं होगा।

गुतारेस ने 2026 के लिए अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए यहां गुरुवार को कहा कि वर्तमान समय में यह स्पष्ट है कि दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका है।... हम देख रहे हैं और कई लोगों का भी भविष्य के संदर्भ में विचार है कि दो ध्रुव हैं- एक अमेरिका केंद्रित और एक चीन केंद्रित। उन्होंने कहा, अगर हम एक स्थिर दुनिया चाहते हैं, अगर हम ऐसी दुनिया चाहते हैं जिसमें शांति कायम रह सके, जिसमें विकास व्यापक हो सके और जिसमें अंततः हमारे मूल्य कायम रहें तो हमें बहुध्रुवीयता का समर्थन करने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि हमें अलग-अलग देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों के ताने-बाने का समर्थन करने की जरूरत है और मैं हालिया व्यापार समझौतों को बहुत उम्मीदों के साथ देखता हूं। आपके पास यूरोपीय संघ के साथ मर्कोसुर (दक्षिण अमेरिकी व्यापार गुट) है। यूरोपीय संघ के साथ इंडोनेशिया है, भारत-ईयू का समझौता है। कनाडा और ब्रिटेन के साथ चीन से समझौता है इसलिए मेरी मानना है कि यह नेटवर्क वास्तविक बहुध्रुवीय परिस्थितियां बना सकता है जिसमें संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल्यों का वर्चस्व रहे।

### दो शक्तियों के बीच न विभक्त हो विश्व

भारत और यूरोपीय संघ ने मुक्त व्यापार समझौते पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए जिसे अब तक का सबसे बड़ा समझौता बताया जा रहा है। गुतारेस ने जोर देकर कहा कि वैश्विक संरचनाओं और संस्थानों को नए समय और वास्तविकताओं की जटिलता एवं अवसर को प्रतिबिंबित करना चाहिए, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने अमेरिका और चीन का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा कि वैश्विक समस्याओं का समाधान एक ही ताकत का हुकुम चलने से नहीं होगा। न ही उनका समाधान दो शक्तियों द्वारा दुनिया को प्रतिद्वंद्वी प्रभाव-क्षेत्रों में बांटने से होगा।

## ढाका-कराची हवाई सेवा शुरू

**ढाका।** बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस ने गुरुवार को ढाका-कराची-ढाका मार्ग पर सीधी उड़ान सेवा शुरू की। उद्घाटन उड़ान बीजी-341 गुरुवार रात 8 बजे ढाका से रवाना हुई। अगस्त 2024 में प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन के बाद से बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच संबंधों में नजदीकी देखी जा रही है। दोनों देशों के बीच सैन्य प्रतिनिधिमंडलों सहित विभिन्न स्तरों पर प्रतिनिधिमंडलों का लगातार आदान-प्रदान हो रहा है। बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस द्वारा कराची के लिए सीधी उड़ान की शुरुआत को दोनों देशों को और करीब लाने की दिशा में कदम के रूप में देखा जा रहा है। वर्ष 1971 में नौ महीने युद्ध के बाद बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग हुआ था।

## गाजावासियों को मिले ट्रंप के पुनर्निर्माण विचारों का लाभ

- **फलस्तीन के विदेश मंत्री वारसेन अगाबेकियन शाहीन ने रखी बात**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फलस्तीन की विदेश मंत्री वारसेन अगाबेकियन शाहीन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के विचार से फलस्तीन को शायद कोई आपत्ति न हो, लेकिन ऐसा केवल तभी होगा जब ऐसी योजना का लाभ फलस्तीनियों को मिले, न कि उसे उन पर थोपा जाए। शाहीन ने एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के शाति बोर्ड में भारत की भागीदारी मददगार साबित हो सकती है।

ट्रंप के गाजा पट्टी को पश्चिम एशिया का लोकप्रिय स्थान बनाने के विचार से जुड़े सवाल पर शाहीन ने कहा कि यह लोकप्रिय स्थान उसके (गाजा) अपने लोगों के लिए होना चाहिए। मेरा मतलब है, क्यों नहीं? अगर यह लोकप्रिय स्थान गाजावासियों, फलस्तीनियों के आनंद लेने के लिए है, तो ठीक है। लेकिन अगर यह फलस्तीनियों के बिना दूसरों के आनंद लेने के लिए है, तो इस पर हमारी ना है। उनकी ये टिप्पणियां गाजा के पुनर्निर्माण पर वैश्विक ध्यान केंद्रित होने और ट्रंप द्वारा प्रस्तावित अमेरिकी नेतृत्व वाले शांति बोर्ड के बीच आई हैं। शांति लाने के ऐसे किसी भी प्रयास का स्वागत करते हुए, शाहीन ने इस बात पर जोर दिया कि गाजा के पुनर्निर्माण के विचार को फलस्तीनी राजनीतिक अधिकारों से अलग नहीं देखा जा सकता।

## न्यूजीलैंड ने शांति बोर्ड में शामिल होने का प्रस्ताव ठुकराया

**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। आरएनजेड रेडियो स्टेशन ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने बोर्ड के वर्तमान स्वरूप में शामिल न होने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने एक अलग बयान में कहा कि चूंकि कई देश पहले ही इस पहल में शामिल हो चुके हैं, इसलिए न्यूजीलैंड इसमें कोई खास योगदान नहीं देगा। 16 जनवरी को ट्रंप ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की थी, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो सहित कई लोग शामिल हुए थे।

# अमेरिका पर भड़के पीएम कार्नी, बोले कनाडा की संप्रभुता का करें सम्मान

- **अल्बर्टा के अलगाववादियों के साथ गुप्त बैठक पर नाराजगी**

**ओटावा, एजेंसी**

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि वह उम्मीद करते हैं कि अमेरिका कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करेगा। यह बयान उन मीडिया रिपोर्टों के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी अधिकारियों ने कनाडा के अल्बर्टा प्रांत को अलग करने की वकालत करने वाले एक समूह से मुलाकात की है।

कार्नी ने राज्य के प्रमुखों के साथ बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उनसे अमेरिकी अधिकारियों और अल्बर्टा प्रॉस्पेरिटी प्रोजेक्ट के बीच हुई बैठकों के बारे में सवाल पूछा गया था। एपीपी वह समूह है, जो प्रांत की स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह के लिए दबाव बना रहा है। कार्नी ने कहा कि मैं अमेरिकी प्रशासन से कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने की उम्मीद करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी बातचीत में अलगाववाद का मुद्दा कभी सामने नहीं आया। अल्बर्टा प्रांत की प्रमुख डेनियल स्मिथ ने कहा, मैं उम्मीद करूंगी कि अमेरिकी प्रशासन कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करेगा और वे अल्बर्टा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बारे में चर्चा अल्बर्टा वासियों और कनाडाई लोगों तक ही सीमित रखेंगे। वह अपनी सरकार के प्रतिनिधि को अमेरिकी प्रशासन तक अपनी चिंताएं पहुंचाने का निर्देश देंगी।


### ब्रिटिश कोलंबिया ने करार दिया देशद्रोह

ब्रिटिश कोलंबिया के प्रमुख डेविड एबी ने इसे देशद्रोह करार दिया। यह विवाद तब शुरू हुआ जब फाइनेंशियल टाइम्स ने खबर दी कि एपीपी के नेताओं ने पिछले साल अप्रैल से अब तक वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारियों के साथ कई बार मुलाकात की है। यह समूह एक और बैठक की कोशिश कर रहा है, ताकि स्वतंत्रता के पक्ष में सफल मतदान होने की स्थिति में प्रांत की मदद के लिए 500 अरब अमेरिकी डॉलर ऋण सुविधा मांगी जा सके।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 31 जनवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 08 .25 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 1 फरवरी 05 . 52 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-पुनर्वसु 1 फरवरी 01 .34 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** – आज पर्यटन से जुड़े व्यावसायियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। दूसरों के मामलों में अनावश्यक राय न दें। कुछ बारीक गलतियां कर सकते हैं, जिनके कारण आपको बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। भाषा का सही प्रयोग करें।

**वृष** – आज मनोबल में कमी के कारण काम में पूरा मन नहीं लगा पा रहे हैं। आपको कारोबार में नए तरीकों को प्रयोग करना पड़ सकता है। आपके प्रतिद्वंद्वी भी आपका सम्मान करेंगे। परिवार के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन** – आज नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। विरोधियों से मुक्ति मिलेगी। आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। आपके व्यवहार में कुछ सकारात्मक परिवर्तन होंगे, जिससे आपके परिजन काफी प्रसन्न होंगे।

**कर्क** – आज प्रेमी जन से अधिक बहस न करें। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्य को लेकर काफी सजग रहेंगे। कार्यक्षेत्र में कुछ राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों को लेकर तनाव में हो सकते हैं।

**सिंह** – आज आपके सामने अचानक कई परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। नए वाहन में कुछ खराबी आ सकती है। गूढ़ विद्याओं को सीखने के प्रति इच्छा जागृत होगी। व्यवसाय में आय को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**कन्या** – आज व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। आपको पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए। दांपत्य संबंधों में अविश्वास की भावना न आने दें। विद्यार्थियों को शिक्षकों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है।

**तुला** – आज किसी बड़ी व्यावसायिक मीटिंग के लिए जा सकते हैं। प्रेमी जन के साथ एकांत में समय बिताएंगे। अपनी प्रतिभा का जबरदस्त उपयोग कर पाएंगे। छोटे-भाई बहनों को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज किसी महत्वपूर्ण कार्य को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। धन उधार न दें वरना वापस मिलने में कठिनाई हो सकती है। अपरिचितों पर विश्वास करने से बचना चाहिए। दूसरों के झगड़ों में पड़ने से बचें।

**धनु** – आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। नकदी की समस्या हल हो सकती है। नया रोजगार शुरू करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं।

**मकर** – आज रुका हुआ धन आपको वापस नहीं मिलेगा। अत्यधिक वाचालता और क्रोध के कारण आपके संबंध प्रभावित होंगे। यात्रा के दौरान परेशानी महसूस होगी। विवाहेतर संबंधों को लेकर आकर्षित हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज का दिन आपके लिए शुभ फलप्रदायक होने वाला है। राजनीति से जुड़े लोग आपकी कूटनीतिक क्षमता का प्रयोग करते हुए कोई बड़ा काम कर सकते हैं। दांपत्य संबंधों में प्रेम बढ़ेगा। विरोधी आपके सामने परास्त होंगे।

**मीन** – आज अपने तौर-तरीकों में बदलाव ला सकते हैं। अति आत्मविश्वास में आकर काम करने से बचें। बुद्धिमान मित्रों से सलाह लेकर काम करना हितकर होगा। उच्च पद पर आसीन लोगों को महत्वपूर्ण पेपर्स को संभालकर रखना चाहिए।

## सुडोकू-47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 5 | 9 | | | | | | 2 | |
| | 8 | | | 3 | | | 5 | |
| | 4 | | | | | | 1 | 7 |
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | |
| 6 | | 3 | | 8 | | | 4 | 1 |

### सुडोकू - 46 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 8 | 2 | 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 |
| 6 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 6 | 5 | 7 | 1 | 2 |



> पिछले दो वर्षों से अभिषेक शर्मा शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और न सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बल्कि आईपीएल में भी गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हम उन पर किस तरह से दबाव बनाते हैं यह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।
>
> –मैट हेनरी


# स्टेडियम

बरेली, शनिवार ,31 जनवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### पीटी उषा के पति श्रीनिवासन का निधन

**कोझिकोड (केरल)।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पीटी उषा के पति वी श्रीनिवासन का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार श्रीनिवासन आज सुबह अपने आवास पर बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। भाजपा सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनिवासन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि मोदी ने उषा से फोन पर बात करके अपनी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के पूर्व इंस्पेक्टर श्रीनिवासन ने उषा के शानदार खेल और राजनीतिक करियर के दौरान हमेशा उनका हौसला बनाए रखा।

### चुनौती के लिए तैयार भारतीय अंडर-17 टीम

**पोखरा (नेपाल)।** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2026 में अपना पहला मैच मेजबान नेपाल के खिलाफ शनिवार को यहां पोखरा रंगशाला स्टेडियम में खेलेगी। नयी मुख्य कोच पामेला कोंटी की अगुवाई में अंडर-17 टीम इस बड़ी आयु वर्ग के टूर्नामेंट का इस्तेमाल एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारियों के तौर पर कर रही है जो 30 अप्रैल से चीन में खेला जाएगा। कोंटी ने टूर्नामेंट से पहले प्रेस कांफ्रेंस में टीम के साथ अपने पहले टूर्नामेंट की उत्सुकता के बारे में बात करते हुए कहा हम यहां नेपाल में आकर खुश हैं। मैं लगभग एक हफ्ते से टीम के साथ हूं, और हमने अनंतपुर (आंध्र प्रदेश) में अच्छी ट्रेनिंग की है। हमारी टीम युवा है क्योंकि हम अंडर-17 हैं।

### गुकेश का सामना अरविंद चिदंबरम से

**विक आन जी (नीदरलैंड्स)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश तुर्की के यागिज कान एर्दोगमस पर जीत के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में हमवतन अरविंद चिदंबरम का सामना करेंगे। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में अब केवल तीन दौर का खेल बाकी हैं। दस दौर का खेल होने के बाद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव 6 .5 अंकों के साथ आगे चल रहे हैं। उनके साथी खिलाड़ी जावोखिर सिंदारोव, जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम और स्थानीय स्टार जॉर्डन वैन फोरस्ट उनसे आधे अंक पीछे हैं।

### इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में सिंधु

**जकार्ता।** पी वी सिंधु दाइहात्सु इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं, जहां शुक्रवार को उनका मुकाबला टॉप सीड चेन यू फी से होगा। चेन के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 7-6 से आगे होने के कारण, क्वार्टर फाइनल मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद है। सिंधु ने डेनमार्क की लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ट को 43 मिनट में 21-19, 21-18 से हराकर अपनी जगह पक्की की। सातवीं सीड लक्ष्य सेन भी आगे बढ़े और हांगकांग के जेसन गुनावन को एक और 43 मिनट के मुकाबले में 21-10, 21-11 से हराकर थाईलैंड के पानित्चाफोन टीरारत्सकुल से भिड़ेंगे।

# पांचवें टी-20 में सैमसन की फॉर्म और अक्षर की फिटनेस पर होगी नजर

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

खिताब का प्रबल दावेदार भारत टी-20 विश्व कप से पहले शनिवार को यहां जब न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में खेलने के लिए उतरेगा तो उसे उम्मीद रहेगी कि संजू सैमसन अपने घरेलू दर्शकों के सामने फॉर्म में वापसी करने और अक्षर पटेल फिटनेस हासिल करने में सफल रहेंगे।

विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में भारत ने प्रयोग करते हुए पांच मुख्य गेंदबाजों को ही खिलाया तथा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे से गेंदबाजी नहीं करवाई। भारत यह मैच हार गया था लेकिन इससे शृंखला के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि भारतीय टीम पहले ही इसे अपने नाम कर चुकी थी। जैसा कि शृंखला के पिछले मैचों में देखा गया, भारत अपने गेंदबाजी विभाग में एक बार फिर फेरबदल कर सकता है। भारतीय टीम प्रबंधन पिछले दो मैचों में आराम देने के बाद मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मौका दे सकता है। बल्लेबाजी विभाग में शायद ज्यादा बदलाव न हों, लेकिन टीम प्रबंधन सैमसन पर नजर रखेगा। अपनी निर्भीक बल्लेबाजी के लिए मशहूर सैमसन इस शृंखला में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उनकी फॉर्म के बजाय उनकी तकनीकी कमजोरी चिंता का विषय है जिससे उनका आत्मविश्वास भी डगमगा गया है। वह सात फरवरी से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। सैमसन अब अपनी गृह नगर में खेलेंगे और यहां के अपने समर्थकों के सामने शायद वह अपनी खोई हुई लय को फिर से प्राप्त कर लें।





अभ्यास सत्र के दौरान फील्डिंग कोच टी दिलीप के साथ संजू सैमसन (बाएं) और न्यूजीलैंड टीम के खिलाड़ी। एजेंसी

- **न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज पहले ही जीत चुका है भारत**

टीम के आगमन के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो से यह स्पष्ट हो गया कि वह देश के इस हिस्से में सुपरस्टार हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव को हवाई अड्डे के निकास द्वार पर अपने ''चेट्टा'' (बड़े भाई) के लिए मजाक में रास्ता साफ करते हुए देखा गया, जहां सैकड़ों प्रशंसक सैमसन और उनके साथियों की एक झलक पाने के लिए कतार में खड़े थे।

**टीम**

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उप-कप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रैसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), जैकब डफी, जैक फाक्स, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्यूसन।

**समय : शाम सात बजे शुरू से**

# जोकोविच-अल्काराज में होगी बादशाहत की जंग


## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : गत चैंपियन सिनर और ज्वेरेव सेमीफाइनल में हारे



**मेलबर्न, एजेंसी**

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज कार्लोस अल्काराज और 24 बार के मेजर चैंपियन नोवाक जोकोविच शुक्रवार को अपने अपने उतार-चढ़ाव वाले पांच सेट के रोमांचक सेमीफाइनल जीतकर ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में पहुंच गए।

अल्काराज ने पांच घंटे 27 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 7-6 (5), 6-7 (3), 6-7 (4), 7-5 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इस तरह यह ऑस्ट्रेलियाई ओपन का अब तक का सबसे लंबा सेमीफाइनल बन गया। इस कारण गत चैंपियन यानिक सिनर और जोकोविच का मैच देर से शुरू हुआ। पर जोकोविच ने आखिरकार 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। जोकोविच लगातार चार मेजर में सेमीफाइनल से बाहर होने का सिलसिला खत्म करने के बाद अपने 11वें ऑस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में पहुंचे। बाईस साल के अल्काराज चारों ग्रैंड स्लैम पर प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का लक्ष्य बना रहे हैं। स्पेन के अल्काराज ने अच्छी शुरुआत की पर पहले दो सेट जीतने के बाद वह अगले दो सेट में टाइब्रेकर में हार गए। ज्वेरेव पांचवें और निर्णायक सेट में एक समय मैच के लिए सर्विस कर रहे थे पर अल्काराज ने ब्रेक प्वाइंट लेकर वापसी की और फिर इसके बाद जर्मनी के अपने प्रतिद्वंद्वी को मौका नहीं दिया।



### महिला एकल का खिताबी मुकाबला आज

**मेलबर्न।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका शनिवार को यहां जब ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में एलिना रयबाकिना का सामना करने के लिए कोर्ट पर उतरेगी तो वह 2023 की अपनी सफलता के बजाय पिछले साल विभिन्न प्रतियोगिताओं के फाइनल में मिली हार के सबक से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। यह उन तीन अन्य ग्रैंड स्लैम फाइनल जैसा भी नहीं होगा जो सबालेंका ने जीते हैं, जिनमें यूएस ओपन में हाल ही में जीता गया फाइनल भी शामिल है। सबालेंका 2025 में पांच टूर्नामेंट के फाइनल में हार गई थी और वह उनसे मिली सीख को अपना मजबूत पक्ष बनाना चाहती है। सबालेंका ने कहा मैं जानती हूं कि उन सभी फाइनल मैच में क्या गलती हुई थी जिनमें मैं हारी। पिछले साल मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला, खुद के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला और इस सत्र में ऐसा दोबारा नहीं होगा। सबालेंका को पिछले साल फाइनल में मिली हार की सूची में नवंबर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स का निर्णायक मुकाबला भी शामिल है, जब वह रयबाकिना से तीन सेटों में हार गई थीं, जिन्होंने पुरस्कार राशि के रूप में रिकॉर्ड 5 .2 मिलियन डॉलर जीते थे।



ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मिक्स्ड डबल्स ट्रॉफी के साथ ऑस्ट्रेलिया की ओलिविया गैडेकी (बाएं) और जॉन पीयर्स। एजेंसी

### ओलिविया और जॉन को मिश्रित युगल का खिताब

**मेलबर्न।** ओलिविया गाडेकी और जॉन पीयर्स 1989 के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार दूसरे साल मिश्रित युगल का खिताब जीतने वाली पहली जोड़ी बन गई है। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली गाडेकी और पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने शुक्रवार को फाइनल में क्रिस्टीना म्लाडेनोविक और मैनुअल गिनार्ड की फ्रांसीसी जोड़ी को 4-6, 6-3, 10-8 से हराया। फाइनल सेट के टाइब्रेकर में गाडेकी और पीयर्स की जोड़ी 7-5 से पिछड़ गई, लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और 9-7 की बढ़त बना ली। मैच प्वाइंट पर गिनार्ड ने बैकहैंड शॉट नेट में मार दिया, जिससे रॉड लेवर एरिना में ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी अपना खिताब बचाने में सफल रही।

# गुजरात जाएंट्स ने प्लेऑफ में जगह बनाई

**बडोदरा, एजेंसी**

**महिला प्रीमियर लीग**

- **मुंबई इंडियंस को 11 रनों से हराया**

कप्तान एशले गार्डनर (46/एक विकेट) और जॉर्जिया वेयरहम (नाबाद 44) की दमदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत गुजराज जाएंट्स ने शुक्रवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 19वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 11 रनों से हराया। गुजरात ने एलिमिनेटर में अपनी जगह पक्की कर ली है। मुंबई की इस हार ने यूपी वॉरियर्ज़ की उम्मीदों को भी जिंदा रखा है।

168 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे कप्तान हरमनप्रीत कौर की (नाबाद 82) रनों के बावजूद 11 रनों से हार का सामना करना पड़ा। हरमनप्रीत कौर ने 48 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के लगाये। मुम्बई ने शुरुआत में 37 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये थे। हेली मैथ्यूज (छह), संजीवन सजना (26) तथा नेट साइवर ब्रंट (दो) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एमेलिया केर के साथ चौथे विकेट के लिये 45 रन जोड़े। 12वें ओवर में जॉर्जिया वेयरहम ने एमेलिया केर (20) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 17वें ओवर में राजेश्वरी गायकवाड ने अमनजोत कौर (13) को मुम्बई इंडियंस को पांचवां झटका दिया। मुंबई इंडियंस निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 156 रन ही बना सकी और 11 रनों से मुकाबला हार गई।

गुजरात जायंट्स के लिए सोफी डिवाइन और जॉर्जिया वेयरहम को दो-दो विकेट मिले। काश्वी गौतम, राजेश्वरी गायकवाड और एश्ले गार्डनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां गुजरात जायंट्स ने टॉस जीतकर निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 167 रनों का स्कोर बनाया। गुजरात जाएंट्स के लिए कप्तान एश्ले गार्डनर ने 28 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 46 रनों की पारी खेली। जॉर्जिया वेयरहम ने 26 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 44 रन बनाये। वहीं अनुष्का शर्मा ने 31 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए 33 रन बनाये। सोफी डिवाइन ने 21 गेंदों में 25 रनों की पारी खेली।



जीत का जश्न मनातीं गुजरात जाएंट्स की खिलाड़ी। एजेंसी

# शिवम की घातक गेंदबाजी से यूपी ने विदर्भ को बराबरी पर रोका

**नागपुर, एजेंसी**

**रणजी ट्रॉफी**

शिवम मावी (सात विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने राणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले के दूसरे दिन शुक्रवार को विदर्भ को पहली पारी में 237 के बराबरी वाले स्कोर पर रोकने के बाद स्टंप्स के समय तक 75 रन पर अपने दो विकेट गंवा दिए हैं।

आज यहां विदर्भ ने कल के 33 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शिवम मावी ने अमन मोखाड़े (28) को आउट कर उत्तर प्रदेश को पहली सफलता दिलाई। 21वें ओवर में मावी ने रोहित बीनकर (आठ) और रविकुमार समर्थ (शून्य) का भी शिकार कर लिया। मावी ने 23वें ओवर में सत्यम भोयर (19) को आउटकर विदर्भ को चौथा झटका दिया। एक समय विदर्भ ने 95 के स्कोर पर अपने छह



शिवम मावी। एजेंसी

**07** विकेट लिए शिवम मावी ने 59 रन देकर

विकेट गंवा दिये थे। ऐसे संकट के समय दानिश मालेवर और नचिकेत भूटे ने पारी को संभाला और सातवें विकेट के लिए 126 रन जोड़कर विदर्भ को संकट से निकाला। 69वें ओवर में मावी ने दानिश मालेवर को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। दानिश मालेवर ने 117 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 80 रनों की पारी खेली। इसके बाद एक बार फिर विदर्भ की पारी लड़खडा गई और उसने 16 रन जोड़कर अपने चारों विकेट गंवा दिये। पार्थ रेखड़े (चार) भी मावी का शिकार बने। नचिकेत भूटे रनआउट हुये। उन्होंने 85 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 63 रन बनाये। 63वें ओवर की आखिरी गेंद पर मावी ने यश ठाकुर (पांच) को आउटकर 237 के स्कोर पर विदर्भ की पारी का अंत किया। उत्तर प्रदेश के लिए शिवम मावी ने 59 रन देकर सात विकेट लिए। करण चौधरी और कार्तिक त्यागी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। अन्य मैच में बडौदा के 375 रनों के जवाब में तमिलनाडु ने बिना किसी नुकसान के बाद 118 रन लिये है।

**चकल्लस**

**हॉकी इंडिया के सामने कोच की नहीं चली, अनुशासनहीनता के चलते मनप्रीत को टीम में नहीं चुना गया**

# फुल्टोन ने मनप्रीत के बचाव में दी थी इस्तीफे की धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह को अनुशासनहीनता के आधार पर भारत की संभावित खिलाड़ियों की कोर सूची से बाहर किए जाने का कड़ा विरोध किया था। एक सूत्र ने शुक्रवार को पीटीआई से कहा कि इस फैसले के बाद फुल्टोन ने इस्तीफा देने की धमकी भी दी थी लेकिन हॉकी इंडिया द्वारा मनाने के बाद वह पद पर बने रहने के लिए राजी हो गए।

विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि फुल्टोन ने राउरकेला में एक से सात फरवरी तक 33 कोर संभावित खिलाड़ियों के शिविर से मनप्रीत को हटाने के दबाव को ''बाहरी हस्तक्षेप'' बताया था। यह बात सामने आई कि मनप्रीत पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान नशीली दवा के सेवन से जुड़े मामले में शामिल था। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता को 15 साल में पहली बार कोर संभावित खिलाड़ियों की सूची से बाहर किया गया। संभावित खिलाड़ियों को तय करने के लिए हुई बैठक में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और मुख्य चयनकर्ता आरपी सिंह ने सामूहिक रूप से कहा कि मनप्रीत को बाहर किया जाना चाहिए जिसके बाद फुल्टोन परेशान हो गए। सूत्र ने कहा फुल्टोन ने मनप्रीत के युवा खिलाड़ियों के लिए मेंटोर (मार्गदर्शक) होने की बात कही। लेकिन इस पर दिलीप ने कहा कि खिलाड़ी दूसरे सीनियर खिलाड़ियों से सीखेंगे। हॉकी इंडिया ने मनप्रीत से जिस तरह का व्यवहार किया, उससे कुछ खिलाड़ी खुश नहीं थे। फुल्टोन ने गुस्से में हाल में समाप्त हुई हॉकी इंडिया लीग के चेन्नई चरण के एक दिन बाद इस्तीफा देने की पेशकश की। हालांकि टिर्की के बहुत समझाने के बाद वह अनुभवी खिलाड़ी को आराम देने के आधिकारिक बयान मानने को तैयार हो गए।





हॉकी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह और मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन। एजेंसी

सूत्र के अनुसार फुल्टोन ने मनप्रीत को कोर ग्रुप में बनाए रखने की वकालत की और अपनी बात को साबित करने के लिए 33 वर्षीय मिडफील्डर की बेहतरीन फिटनेस रिपोर्ट का हवाला दिया। बताया जाता है कि मनप्रीत कोर ग्रुप के सबसे फिट चार खिलाड़ियों में शामिल थे। लेकिन मुख्य चयनकर्ता आरपी सिंह और टिर्की टस से मस नहीं हुए। फुल्टोन ने एचआईएल के दौरान मनप्रीत की फिटनेस और फॉर्म की बार-बार तारीफ की है। मुख्य कोच चाहते हैं कि मनप्रीत कम से कम इस साल के एशियाई खेलों और विश्व कप तक टीम का हिस्सा रहें।

### तीन खिलाड़ियों पर हुई है कार्रवाई

हॉकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की थी जिसमें फॉरवर्ड दिलप्रीत सिंह और गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक को भी अनुशासनहीनता के कारण बाहर कर दिया गया। लेकिन हॉकी इंडिया के बयान में कथित उल्लंघन का कोई जिक्र नहीं था। प्रो लीग सत्र अगले महीने राउरकेला में शुरू होगा। मनप्रीत ने रांची रॉयल्स टीम की सह कप्तानी करते हुए एचआईएल के फाइनल तक पहुंचाया था। मनप्रीत 412 मैच के साथ सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले भारतीय हॉकी खिलाड़ी के तौर पर टिर्की के रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक मैच दूर हैं। आगामी एआईएच प्रो लीग का भारतीय चरण 10 से 15 फरवरी तक राउरकेला में होने वाला है।